पौष शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2080
लखनऊ, मंगलवार, 16 जनवरी 2024
वर्ष 33, अंक 346, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com

चंद्रमा की दौड़ में अमेरिका-चीन के बीच जुबानी जंग 16
गणतंत्र दिवस पर रिलीज होगी ऋतिक की फाइटर 15

सेंसेक्स पहली बार 73,000 के पार



मुंबई। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार फिर नए रिकॉर्ड हाई पर पहुंचा। पहली बार सेंसेक्स 73000 और निफ्टी 22000 के पार पहुंचा है। सोमवार को बाजार में सबसे ज्यादा खरीदारी आईटी सेक्टर के शेयरों में दिखी। सेंसेक्स सोमवार को 759 .49 अंक यानी 1.05 प्रतिशत उछलकर 73,327 .94 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 202 .90 अंक यानी 0 .93 प्रतिशत चढ़कर 22,097 .45 के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। (देखें कारोबार पेज)

अब थोक महंगाई भी बढ़ी दिसंबर माह में 0.73% रही

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सरकार ने खाद्य वस्तुओं का महंगा होना बताया कारण

थोक मुद्रास्फीति दिसंबर, 2023 में बढ़कर 0.73 प्रतिशत हो गई। यह इसका नौ माह का उच्चस्तर है। खाद्य पदार्थों खासकर सब्जियों तथा दालों की कीमतों में तेज उछाल से इसमें बढ़ोतरी हुई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत थी। खुदरा मुद्रास्फीति का आंकड़ा जारी होने के कुछ दिनों थोक बाद थोक महंगाई दर के आंकड़े सामने आए हैं। खुदरा महंगाई दर नवंबर के 5.55 प्रतिशत के मुकाबले बढ़कर चार महीने के उच्च स्तर 5.69 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, 'वस्तुओं, मशीनरी तथा उपकरण, विनिर्माण, परिवहन अन्य उपकरण तथा कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑप्टिकल उत्पादों आदि की कीमतों में वृद्धि दिसंबर, 2023 में थोक मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी का कारण रही।' थोक मुद्रास्फीति का इससे पिछला उच्चस्तर मार्च, 2023 में दर्ज हुआ था।

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से पहाड़ों पर बर्फबारी के आसार, मैदानी इलाकों में बढ़ेगी गलन

दो दिन और नहीं मिलेगी हाड़ कंपाऊ सर्दी से राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली, उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में अभी दो दिन और मौसम में कोई बदलाव की उम्मीद नहीं है। सोमवार सुबह दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का सबसे कम तापमान रहा। वहीं, यूपी के दर्जन से ज्यादा जिलों में कोहरे, कोल्ड वेव और कोल्ड डे को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

पश्चिमी यूपी में इसका ज्यादा असर देखने को मिलेगा। यूपी मौसम

विभाग का पूर्वानुमान है कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। 17 जनवरी तक 45-50 जिलों में सीवियर कोल्ड और घने कोहरे का असर दिखाई देगा। सोमवार की रात से सक्रिय होने वाले इस विक्षोभ के चलते न सिर्फ उत्तर भारत के कुछ राज्यों में बारिश की संभावनाएं बनी हैं, बल्कि पहाड़ी इलाकों पर ताजा बर्फबारी का भी अनुमान लगाया जा रहा है।

मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक सोमवार रात से लेकर गुरुवार तक मैदानी इलाकों में जबरदस्त ठंड और गलन पड़ सकती है, जबकि इन्हीं इलाकों में अभी भी लगातार कोहरा बढ़ता जाएगा। वहीं बढ़े हुए कोहरे के चलते सोमवार को भी देश की राजधानी दिल्ली के हवाई अड्डे पर यातायात व्यवस्था चरमराई रही। दोपहर 12 बजे तक कई उड़ानों को अलग-अलग एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट किया गया, जबकि 100 से ज्यादा उड़ानें एक बार फिर से देरी से उड़ीं।

कोहरे से उड़ान में हुई देरी, यात्री ने पायलट को पीटा, गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान में देरी की घोषणा कर रहे इंडिगो के पायलट पर एक यात्री ने हमला कर दिया। घटना के बाद यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार शाम हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आया है। वीडियो में साहिल कटारिया नामक यात्री गोवा जा रहे विमान के अंदर घोषणा कर रहे पायलट पर हमला करते दिख रहा है। घटना उस दिन हुई, जब घने कोहरे के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर परिचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ, जिसके कारण कई उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया, कई उड़ानें रद्द हुईं या उनके परिचालन में देरी हुई।

एक नजर

कर्नाटक के प्रखर ने खेली नाबाद 404 रन की पारी युवराज का तोड़ा रिकॉर्ड

शिवमोगा (कर्नाटक)। कर्नाटक के युवा बल्लेबाज प्रखर चतुर्वेदी ने सोमवार को कूच बिहार ट्रॉफी के मुकाबले में एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया। प्रखर ने अंडर-19 के सालाना चार दिवसीय मुकाबले की पहली पारी में 404 रन बनाकर नाबाद रहने का रिकॉर्ड बनाया है। 638 गेंदों की इस पारी में उन्होंने 46 चौके और तीन छक्के मारे। कर्नाटक की टीम ने मुंबई के खिलाफ आठ विकेट खोकर 890 रन बनाए।

यूपी-उत्तराखंड विवादित सीमा पर हदबंदी के निर्देश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच सीमा विवाद हल करने के लिए हदबंदी करने का निर्देश दिया है। अदालत ने उत्तराखंड के हरिद्वार के जिला मजिस्ट्रेट और उत्तर प्रदेश के बिजनौर के जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया है कि वे उचित उप जिलाधिकारी नामित कर उन्हें बिजनौर जिले के हिम्मतपुर बेला गांव का दौरा करने और उन बिंदुओं की हदबंदी करने को कहें, जहां दोनों राज्यों की निर्विवाद सीमा मौजूद है। बिजनौर जिले के गुरप्रीत सिंह नाम के एक व्यक्ति द्वारा दायर रिट याचिका का निपटारा करते हुए दो जजों की पीठ ने यह फैसला सुनाया।

जिनको कभी किसी ने नहीं पूछा मोदी पूछता भी है और पूजता भी

पीएम जनमन लाभार्थियों से बोले प्रधानमंत्री, 1 लाख लोगों को पहली किस्त जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि त्रेता युग में राजा राम की कथा हो या आज की 'राज-कथा', यह गरीब-वंचित और जनजातीय लोगों के कल्याण के बिना संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार इसी सोच के साथ लगातार काम कर रही है और इसी का प्रतिफल है कि जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता भी है और पूजता भी है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी करने के बाद मोदी ने यह बात कही।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'त्रेता में राजा राम की कथा हो या आज की राज-कथा बिना गरीब, बिना वंचित, बिना वनवासी भाई-बहनों के कल्याण के संभव ही नहीं है। इसी

सोच के साथ हम लगातार काम कर रहे हैं। हमने 10 साल गरीबों को समर्पित किए। गरीबों को 4 करोड़ से अधिक पक्के घर बनाकर दिए।' उन्होंने कहा, 'जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता भी है और पूजता भी है।' प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को 540 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की गई। इस दौरान लाभार्थियों ने रसोई गैस कनेक्शन, बिजली, पाइप से पानी और आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के बाद अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने संवाद के दौरान कहा, 'हमारी सरकार का प्रयास है कि कोई भी उसकी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे।'

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं अति पिछड़े जनजातीय लोगों तक पहुंचें, यही पीएम-जनमन महाअभियान का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सिर्फ दो महीने में ही पीएम-जनमन अभियान ने वह लक्ष्य हासिल करने शुरू कर दिए हैं जो पहले कभी कोई नहीं कर सका।

श्रीराम की कथा माता शबरी के बिना संभव नहीं

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इन दिनों उन्होंने भी 11 दिन व्रत-अनुष्ठान का एक संकल्प किया हुआ है और इस दौरान वे श्रीराम का ध्यान और स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब आप प्रभु राम का स्मरण करेंगे तो माता शबरी की याद आना बहुत स्वाभाविक है। श्रीराम की कथा माता शबरी के बिना संभव ही नहीं है। अयोध्या से जब राम निकले थे, तब तो वह राजकुमार थे। लेकिन राजकुमार राम, मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में हमारे सामने आए, क्योंकि माता शबरी हों, केवट हों, निषाद राज हों... न जाने कौन-कौन से लोग... जिनके सान्निध्य ने राजकुमार राम को प्रभु राम बना दिया।'

पहले सिर्फ कागजों पर चलती थीं सरकारी योजनाएं

लाभार्थियों से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'पहले सरकारी योजनाएं सिर्फ कागजों पर ही चलती रहती थीं और असली लाभार्थियों को पता ही नहीं चलता था। जिनको पता चल भी जाता था तो उनको कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। अब पीएम-जनमन महाअभियान में हमारी सरकार ने ऐसे सभी नियम बदल दिए हैं, जिससे आपको परेशानी होती हो।' बता दें पिछले वर्ष 15 नवंबर को पीएम-जनमन की शुरुआत समाज के सबसे कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए की गई थी। पीएम-जनमन का बजट लगभग 24,000 करोड़ रुपये का है और इसमें नौ मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण पहलों को शामिल किया गया है।

विस अध्यक्ष के आदेश के खिलाफ कोर्ट पहुंचा उद्धव गुट

नई दिल्ली, एजेंसी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के शिवसेना गुट को असल शिवसेना बताने वाले महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के आदेश के खिलाफ उद्धव ठाकरे वाले गुट ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। जून 2022 में एकनाथ शिंदे ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बनाई थी और उद्धव ठाकरे की सरकार गिर गई थी।

▸▸ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली शिवसेना घोषित करने के फैसले को दी चुनौती

इसके खिलाफ उद्धव ठाकरे वाले गुट ने एकनाथ शिंदे सहित 16 बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने की अपील की थी। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने इसे भी ठुकरा दिया। 10 जनवरी को दिए अपने आदेश में नार्वेकर ने बागी गुट के किसी भी विधायक को अयोग्य नहीं ठहराया। शिंदे गुट के पास शिवसेना में टूट के समय पार्टी के कुल 54 में से 37 विधायकों का समर्थन था। इससे पहले 2023 में ही चुनाव आयोग ने ''शिवसेना'' नाम और ''तीर-कमान'' वाला चुनाव चिह्न भी शिंदे गुट को दिया था।

अयोध्या में विराजमान होगी योगीराज की बनाई प्रतिमा

अरुण योगीराज की बनाई रामलला की मूर्ति मंदिर में हो सकती प्राण प्रतिष्ठित

▸▸ बेंगलुरु के भाजपा सांसद पीसी मोहन का दावा, एक्स पर डाली तस्वीर और जानकारी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मैसूर के मूर्तिकार द्वारा बनाई गई मूर्ति का चयन कर लिया गया है। मूर्ति में श्रीराम के साथ माता सीता, लक्ष्मण व हनुमानजी श्याम रंग में नजर आ रहे हैं। इस बात की जानकारी बेंगलुरु के भाजपा सांसद

भाजपा सांसद की ओर से पोस्ट की गई तस्वीर।

बता दें कि रामलला की तीन अलावा कर्नाटक के तीन और पत्थर आए थे, जिसमें से एक पत्थर पर गणेश जी की टीम मूर्ति बनाने का काम रही थी। पत दिनों मूर्ति के चयन की बात भी सामने आई थी, लेकिन स्पष्ट कुछ भी नहीं हो रहा था। सोमवार को भाजपा सांसद की ओर से तस्वीर जारी करने के बाद से रामभक्तों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। इस बारा जब विडिप के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तीन मूर्तियां बनाई गई हैं, जिसमें दो

▸▸ राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी जानकारी
▸▸ अमृत विचार ने 2 जनवरी के अंक में कर दिया था नाम का खुलासा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि गर्भगृह में विराजने वाली प्रतिमा का चयन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई गई पांच साल के राम की बाल रूप की नई प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित होगी।

बाल रूप की नई मूर्ति नीले रंग की रामलला की मूर्ति है, जो योगीराज ने बनाई है। इसमें रामलला को खड़ी मुद्रा में धनुष-बाण लिए दिखाया गया है। विदित हो कि अमृत विचार ने 2 जनवरी के अंक में पहले पेज पर 'अरुण योगीराज की बनाई रामलला की मूर्ति मंदिर में हो सकती है प्राण प्रतिष्ठित' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इस पर चंपत राय ने सोमवार को मुहर लगा दी। अमृत विचार ने पाठकों को बताया था कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मैसूर के मूर्तिकार द्वारा बनाई गई मूर्ति का चयन कर लिया गया है। इस बात की जानकारी बेंगलुरु के भाजपा सांसद पीसी मोहन ने भी साझा की है।

लखनऊ-अयोध्या के बीच हेलीकॉप्टर सेवा 19 से

अयोध्या। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले सड़क व रेल के साथ-साथ हवाई यातायात को भी मजबूत किया जा रहा है। दिल्ली, अहमदाबाद और मुंबई से फ्लाइट सेवा को शुरू करने के बाद अब सरकार ने लखनऊ से अयोध्या के बीच हेलीकॉप्टर सेवा को शुरू करने का मन बनाया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की घोषणा के बाद श्रद्धालु भी खुश हैं। बताया जा रहा है कि 30 से 40 मिनट में लखनऊ से अयोध्या पहुंचा जा सकेगा।

मायावती ने चुनी एकला चलो की राह

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचारः बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने सोमवार को विपक्षी गठबंधन के मंसूबों पर पानी फेरते हुए ऐलान कर दिया कि 2024 के लोकसभा चुनाव पार्टी अकेले लड़ेगी। किसी के साथ कोई गठबंधन नहीं करेगी। साथ ही, कार्यकर्ताओं को फिर से सतर्क रहने की हिदायत देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं।

बसपा प्रमुख ने अफवाहों पर विराम लगाते हुए स्पष्ट किया कि उत्तराधिकारी घोषित करने का मतलब सक्रिय राजनीति से संन्यास लेना नहीं है। जीवन की अंतिम सांस

तक बसपा को मजबूती प्रदान करने का संघर्ष करती रहूंगी। बिजली पासी किला समीप स्थित बसपा मंडल कार्यालय पर सोमवार को मायावती के 68 वें जन्मदिन को जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया। विधानपरिषद सदस्य भीमराव आंबेडकर ने मायावती को 2024 में प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प कार्यकर्ताओं को दिलाया। जन्मदिन के अवसर पर मायावती, पार्टी की प्राथमिकताओं की जानकारी देते हुए पत्रकारों को संबोधित कर रही थी।

▸▸ इंडिया गठबंधन में नहीं शामिल होगी बसपा
▸▸ कहा- गठबंधन से फायदा कम, नुकसान ज्यादा

अयोध्या जाने का विचार नहीं : राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में निमत्रण मिलने को लेकर बसपा सुप्रीमो ने कहा कि निमंत्रण मिला है लेकिन अभी जाने पर विचार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर से पार्टी को कोई आपत्ति नहीं है। भविष्य में मस्जिद बनती है तो उसमें भी आपत्ति नहीं होगी।

मनी लॉन्ड्रिंगः पंजाब के पूर्व वन मंत्री गिरफ्तार

चंडीगढ़। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित वन घोटाले से जुड़ी धन शोधन जांच में सोमवार को कांग्रेस नेता और पंजाब के पूर्व वन मंत्री साधु सिंह धर्मसोत को गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी ने 64 वर्षीय राजनेता को जालंधर में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया। ईडी ने पिछले साल नवंबर में धर्मसोत, राज्य के एक अन्य वन मंत्री संगत सिंह गिलजियान, कुछ वन विभाग के अधिकारियों और अन्य के परिसरों पर छापेमारी की थी। यह जांच राज्य वन विभाग में पेड़ों की कटाई के लिए परमिट जारी करने और विभाग में स्थानांतरण/तैनाती के लिए घूस के आरोपों से संबंधित है।

मैं रहूं या न रहूं, मेरा देश सुरक्षित रहना चाहिए : राजनाथ सिंह

लखनऊ। सूर्या खेल परिसर में सेना दिवस के मौके पर आयोजित शौर्य संध्या दिवस में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं रहूं या न रहूं, मेरा देश सुरक्षित रहे। इसी भावना के साथ मातृभूमि की रक्षा करने वाला सैनिक एक अनुकरणीय देशभक्त होता है। सोमवार को युद्ध प्रदर्शन में रक्षामंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भारतीय सेना के साहस और प्रदर्शन को सराहा। राजनाथ ने कहा कि दिल्ली से बाहर सेना दिवस दूसरी बार लखनऊ में हो रहा है, जबकि इससे पहले पिछले वर्ष बेंगलुरु में मनाया गया था। सेना,

सूर्या खेल परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

▸▸ 76वें सेना दिवस पर 'शौर्य संध्या' में शामिल हुए रक्षामंत्री

नौसेना व वायु सेना दिवस को दिल्ली के बाहर मनाने का विचार देश की परंपरा और सैन्य प्रगति को लोगों तक ले जाना है। लखनऊ की धरती वीरों की धरती है। यहां के सैनिकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जबकि कैप्टन मनोज पांडे की यह धरती है। जिनकी वीरता के किस्से बच्चे-बच्चे की जुबान पर है। संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों और आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव में हमारे सैनिकों का योगदान। कार्यक्रम में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख स्टाफ जनरल मनोज पांडे समेत कई सैन्य अधिकारी भी रहे।

अब ग्रामीण भी ले सकेंगे मकान के लिए लोन

▸▸ खरीद-फरोख्त के बाद उनके घरों का नामांतरण हो सकेगा और वरासत भी होगी आसान

लखनऊ। घरौनी को शहरी मकानों के 'एलॉटमेंट लेटर' की तर्ज पर लोन लेने का आधिकारिक दस्तावेज बनाने की सरकारी कवायद तेज हो गई है। इसके पीछे मंशा यह है कि प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को भी अपने मकान पर बैंकों से ऋण मिल सके। सरकार के इस कदम से खरीद-फरोख्त के बाद उनके घरों का नामांतरण हो सकेगा और वरासत भी आसानी से हो सकेगी। राज्य सरकार इसके लिए जल्द ही उप्र. ग्रामीण आबादी अभिलेख विधेयक-2024 को विधानसभा से पास करवाने की औपचारिकता करेगी। अब तक 90866 गांवों में ड्रोन से सर्वे हो चुका है। 52448 गांवों में कुल 75 लाख 31 हजार 29 घरौनी भी तैयार हैं। राजस्व परिषद के अध्यक्ष हेमंत राव के मुताबिक, नामांतरण, वरासत दर्ज कराने और संशोधन किए जाने के लिए नए विधेयक बनाने की जरूरत महसूस की गई है। इसके बनने के बाद ग्रामीण आबादी में नामांतरण, वरासत व संशोधन हो सकेंगे।

ईडी ने मुंबई में गायत्री प्रजापति के ठिकानों पर मारा छापा

राज्य ब्यूरो , लखनऊ

अमृत विचारः खनन घोटाले के आरोपी पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार को उनके मुंबई स्थित तीन ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापा मारा। टीम को सपा शासन काल के दौरान हुए घोटाले की रकम से अपने बेटों और बहुओं के नाम से छह फ्लैट खरीदने के प्रमाण मिले। ईडी इन सभी संपत्तियों को जल्द जब्त करने की तैयारी में है।

सूत्रों के मुताबिक राजधानी स्थित ईडी के जोनल कार्यालय की पांच सदस्यीय टीम ने सोमवार को मुंबई जाकर गायत्री के कुनबे के नाम पर खरीदी गयी संपत्तियों पर छापा मारा।

▸▸ बेटों-बहुओं के नाम छह फ्लैट मिले, ईडी जल्द करेगा जब्त

मुंबई के मलाड इलाके में क्रेसेंट अमिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित रिहायशी बिल्डिंग के फ्लैट में टीम ने छापा मारा तो वहां पर कई अन्य संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद हुए। इनमें क्रेंसेट बिल्डिंग में तीन अन्य फ्लैट और बोरीवली इलाके में बालाजी कारपोरेशन द्वारा निर्मित दो आलीशान फ्लैट होने की जानकारी मिली। ये फ्लैट गायत्री ने अपने बेटों अनुराग प्रजापति, अनिल प्रजापति और बहुओं शिल्पा और पूजा के नाम से खरीदे थे। प्रत्येक फ्लैट की कीमत दो से तीन करोड़ रुपये तक है। जिसका अधिकांश भुगतान नकद में किया गया था।

चंडीगढ़ः साथ आए आप-कांग्रेस, मिलकर लड़ेंगे मेयर चुनाव

चंडीगढ़। मेयर चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने गठबंधन कर लिया है। सोमवार को आप और कांग्रेस के नेता और उम्मीदवार नामांकन वापस लेने के लिए नगर निगम पहुंचे। मेयर का पद आम आदमी पार्टी के पास रहेगा और सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का पद कांग्रेस के खाते में जाएगा। अब आप के उम्मीदवार कुलदीप टीटा मेयर बन सकते हैं।

कांग्रेस के मेयर उम्मीदवार जसबीर सिंह बंटी ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। आप और कांग्रेस में गठबंधन से मेयर चुनाव के सारे समीकरण बदल गए हैं। वर्तमान में भाजपा के पास सबसे ज्यादा नंबर हैं।

अभिनव प्रयोग — संतकबीरनगर के अभिनव ने बिजली उत्पादन की सबसे सस्ती तकनीक ईजाद की, घर और चौराहे को रौशन करने का बनाया मॉडल

आठवीं के छात्र ने बनाया मॉडल, रद्दी कागज से तैयार होगी बिजली

गोरखनाथ मिश्र, संतकबीरनगर

अमृत विचार : जिले के एक छात्र ने उत्तम प्रयोग करते हुए बिजली उत्पादन की सबसे सस्ती तकनीक ईजाद कर कमाल कर दिया है। आठवीं क्लास के छात्र अभिनव ने विज्ञान की प्रतियोगिता का ऐसा मॉडल तैयार किया कि हर ओर उसी की चर्चा है। इस मॉडल को बनाने में सिर्फ 3 हजार रुपये का खर्चा आया है। अभिनव आगे चलकर ऐसी तकनीक विकसित करना चाहते हैं, जिससे दुनिया में सबसे सस्ती बिजली लोगों को मिल सके।

अभिनव ने एक महीने अपने कागज के मॉडल पर शोध के बाद यह उपलब्धि हासिल की है। उनका कहना



▸▸ एक महीने शोध करने के बाद यह उपलब्धि हासिल की

है कि मैं ऐसा मॉडल बनाना चाहता था कि बिजली उत्पादन में लागत व खर्च कम हो और आने वाले समय में सस्ती बिजली यूपी को मिल सके, क्योंकि अक्सर माता-पिता कहते हैं कि बिजली का बिल बहुत आता है। यह बात मुझे परेशान करती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए मैंने कागज का मॉडल प्रदर्शित किया है। आगे पढ़कर प्रयोगशाला में इस पर काम भी करूंगा। जनपद मुख्यालय स्थित खलीलाबाद पब्लिक स्कूल के छात्र अभिनव की इस मॉडल की चौतरफा चर्चा हो रही है। उन्होंने घर में पड़े रद्दी कागजों को जलाकर बिजली पैदा कर लोगों को चौंका दिया। विवेक श्रीवास्तव के 14 वर्षीय पुत्र अभिनव के इस प्रयोग से घर और चौराहों को भी रोशन किया जा सकता है।

अभिनव के स्कूल में मंगलवार को विज्ञान विषय की प्रतियोगिता का आयोजन होना है। सामाजिक कार्यकर्ता श्याम सिंह ने बताया कि इस तकनीक से बेहद कम खर्चे में बिजली तैयार की जा सकती है। इस मॉडल को स्थानीय जन प्रतिनिधियों के सहयोग से सरकार के संज्ञान में लाने का प्रयास किया जाएगा।

ट्यूबलाइट स्टार्टर से तैयार कर दिया प्रोजेक्ट

अभिनव ने बताया कि पिछले दिनों यूट्यूब पर सर्च करते समय इस प्रोजेक्ट का कुछ फॉर्मूला पता चला था। उसमें सोलर पैनल और बैट्री की सहायता से बिजली उत्पादन दिखाया गया था। यह देख मैंने नई तकनीक ईजाद करने की ठानी और बाजार से छोटे साइज का सोलर पैनल, चार्जेबल बैट्री और ट्यूबलाइट स्टार्टर खरीदा। महज तीन दिनों की मेहनत के बाद प्रोजेक्ट तैयार हो गया। छात्र का कहना है कि अन्य सोलर पैनल सूर्य की रोशनी से चार्ज होते हैं, लेकिन यह रद्दी कागज और अन्य बेकार की चीजों को जलाकर चार्ज किया जाता है। आग की गर्मी से यह सोलर पैनल बैट्री को काफी कम समय में चार्ज कर देता है। अभिनव ने यह भी बताया कि बड़े साइज की बैट्री और बड़ी क्षमता के सोलर पैनल लगाकर बड़े पैमाने पर भी ऊर्जा का उत्पादन किया जा सकता है।

एक नजर

गृह मंत्री की बहन के निधन पर योगी ने जताया शोक

अमृत विचार, लखनऊ : गृह मंत्री अमित शाह की बड़ी बहन राजेश्वरी बेन के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संवेदना व्यक्त की है। योगी ने अपने एक्स अकाउंट पर सोमवार को लिखा कि, राजेश्वरी बेन का निधन अत्यंत दु:खद है। श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें।

सीआरएस ने किया निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के अंतर्गत रेल संरक्षा आयुक्त ने यात्री सुविधा और बेहतर रेल संचालन को बाराबंकी से रसौली के बीच सोमवार को रेल लाइन दोहरीकरण और विद्युतीकरण कार्य को परखा। नवनिर्मित 7.46 किमी. रेल मार्ग के कार्य का रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर परिमंडल दिनेश चंद देशवाल ने निरीक्षण किया। इससे बाराबंकी से चार मुख्य लाइनें होंगी। जोकि दो गोंडा और दो अयोध्या की ओर जाएंगी। बाराबंकी यार्ड की री-मॉडलिंग के बाद ट्रेनों की संख्या और रफ्तार दोनों बढ़ाने की तैयारी है। निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर पैनल रूम, संरक्षा अभिलेखों, संरक्षा संबंधी कार्यालयों, उपकरणों को बारीकी से देखा।

इंडिया गठबंधन की मुहिम को कमजोर करेंगी मायावती

कांग्रेस, सपा को रास नहीं आयी बसपा प्रमुख की अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने जन्मदिन पर मिली बधाई के बदले जो रिटर्न गिफ्ट दिया वो इंडिया गठबंधन के गले की हड्डी बन गया। इंडिया गठबंधन में शामिल होने की अटकलों पर विराम लगाते हुए मायावती के लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा को खासकर सपा और कांग्रेस हजम नहीं कर पा रही है। यही कारण है कि बसपा नेत्री के बयान पर उप्र. कांग्रेस ने जहां पुनर्विचार करने का आग्रह किया वहीं, सपा ने इसको लेकर चुप्पी साध ली है।

दरअसल, बसपा प्रमुख की इंडिया गठबंधन में न शामिल होने की घोषणा के साथ 2024 का लोकसभा चुनाव उत्तर प्रदेश में त्रिकोणीय होना तय है। भाजपा, बसपा और सपा-रालोद-कांग्रेस के गठबंधन के बीच उप्र. में चुनावी प्रतिस्पर्धा होनी है। उधर, मायावती की ताजा प्रतिक्रिया भाजपा



▸▸ कांग्रेस ने की पुनर्विचार करने की अपील, सपा के खेमे में पसरा सन्नाटा

खेमे को राहत देने वाली है, क्योंकि 80 लोकसभा सीटों को जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही सत्तासीन पार्टी को संभवतः कई सीटों पर विपक्ष से कांटे का मुकाबला नहीं करना पड़ेगा।

इससे पहले कांग्रेस, सपा और रालोद के बीच मिलकर उप्र. में चुनाव लड़ने पर मौखिक सहमति तो बनी ही है, बसपा को भी गठबंधन में शामिल करने के प्रयास तेजी लायी गई। अभी कुछ दिन पहले ही बसपा सांसद मलूक नागर ने गठबंधन में शामिल होने के लिए मायावती को प्रधानमंत्री का उम्मीदवार बनाने की शर्त रख दी थी। इससे बसपा के इंडिया गठबंधन में शामिल होने की अफवाह को हवा तो मिली लेकिन अपने जन्मदिन पर मायावती ने लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा कर सपा-कांग्रेस गठबंधन को झटका दे दिया है।

अब बड़ा सवाल यह है कि मायावती ने अकेली राह पकड़ने का जो फैसला लिया है उससे लाभ किसको होगा? पिछले चुनावों के परिणामों के विश्लेषण बताते हैं कि एक दशक पहले तक बसपा के कोर वोटर समझे जाने वाले दलितों का एकतरफा वोट पार्टी को नहीं मिला। उप्र. के गैर जाटव मतदाताओं का झुकाव भाजपा के पाले में रहा।

> चुनाव अकेले लड़ने का निर्णय बसपा के कार्यकर्ताओं और प्रदेश के जनमानस की भावनाओं के विपरीत है। देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए, दलितों पर हो रहे अत्याचार और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के बनाए संविधान को बचाने के लिए अपने निर्णय पर पुनर्विचार करें बहन जी।
>
> -अंशू अवस्थी, प्रवक्ता, कांग्रेस

ऐसे दौर में जबकि उप्र. में सभी दलों की नजरें दलित मतदाताओं पर टिकीं हैं, अगर सपा, बसपा और कांग्रेस साथ होते तो लगभग 44 प्रतिशत मतदाता एकजुट होते और भाजपा से इनका मुकाबला टक्कर का होता। अब चूंकि भाजपा दलितों को अपना बनाने की जुगत कर रही है, सपा और कांग्रेस के एकसाथ होने से लगभग 26 प्रतिशत मत ही गोलबंद होगा, जो भाजपा के 49 प्रतिशत के मुकाबले के लिए कम है। वैसे भी, उप्र. की सवर्ण जातियों का झुकाव भाजपा की ओर है, और अब तो राम मंदिर से प्रभावित अन्य पिछड़ा वर्ग के भी भाजपा से आकर्षित होने का अनुमान है। सीधा मतलब है कि अकेले लड़कर अगर मायावती अपने कोर वोटरों को थामने में कामयाब रहीं तो विपक्ष का वोट बंटेगा, और इसका लाभ भाजपा को मिलेगा।

योगी ने फोन पर दी बधाई अखिलेश ने किया ट्वीट

अमृत विचार लखनऊ : बसपा सुप्रीमो मायावती के 68वें जन्मदिन पर सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें फोन कर जन्मदिन की बधाई दी है। योगी ने मायावती से फोन पर शुभकामनाएं देने के साथ उनका हालचाल भी जाना। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर भी मायावती को जन्मदिन की बधाई दी है। योगी के अलावा उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया पर मायावती को शुभकामनाएं दी हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी ट्वीट करके जबकि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पत्र जारी कर मायावती को शुभकामनाएं दीं।

खुद को सीबीआई कर्मचारी बताने वाला सिपाही गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ नकली पहचान पत्र, जाली नोटिस सहित कई नकली दस्तावेज बरामद

अमृत विचार: खुद सीबीआई कर्मचारी के तौर पर पेश करने वाले आरपीएफ सिपाही को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। उसके पास सीबीआई का नकली पहचान पत्र, जाली नोटिस आदि कई फ़र्जी दस्तावेज़ बरामद किया गया है।

सीबीआई की ओर से जारी की गई सूचना के मुताबिक आरपीएफ का वह सिपाही जुलाई 2022 के दौरान सीबीआई में प्रतिनियुक्ति पर आया था। बाद में उसे मार्च, 2023 में प्रतिनियुक्ति समय से पूर्व उसके मूल संगठन आरपीएफ में वापस भेज दिया गया था। आरोप है कि सीबीआई से वापस जाने के बाद भी उसने खुद को सीबीआई (मुख्यालय), दिल्ली में कार्यरत कर्मचारी बताता रहा। इसके लिए उसने सीबीआई का नकली पहचान पत्र का प्रयोग किया।

उसने मुजफ्फरनगर के व्यापारी को एक मामले में कथित तौर पर सीबीआई द्वारा जारी फ़र्जी नोटिस देने हेतु नया मंडी पुलिस स्टेशन, मुजफ्फरनगर, (उत्तर प्रदेश) की सहायता ली। यह भी आरोप है कि इस मामले में राहत दिलाने के लिए उसने व्यवसायी से पैसों की मांग की। साथ ही उसने व्यवसायी को भूमि विवाद मामले में किसी अन्य व्यक्ति के साथ समझौता करने की भी धमकी दी, जिस पर उनके मध्य मुकदमा चल रहा था।सीबीआई ने दिल्ली एवं मेरठ में आरोपियों के परिसरों में तलाशी ली गई, जिसमें जाली दस्तावेज बरामद हुए। इनमें सीबीआई का नकली पहचान पत्र, एक आपराधिक मामले में कथित तौर पर सीबीआई द्वारा जारी सीआरपीसी की धारा 91 के तहत जाली नोटिस व अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज सहित फ़र्जी दस्तावेज़ बरामद हुए। इसके अलावा जिला मेरठ में उक्त एक अन्य व्यक्ति के आवासीय परिसर में तलाशी के दौरान दस्तावेज भी बरामद किए गए

विधान परिषद की रिक्त सीट के लिए मतदान 30 को

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ विधान परिषद सदस्य के रिक्त पद के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी

अमृत विचार: विधान परिषद सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा के त्यागपत्र देने से रिक्त हुई सीट को भरने के लिए उप निर्वाचन कराये जाने का संशोधित कार्यक्रम सोमवार को घोषित किया गया। दरअसल, नाम वापसी के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 22 जनवरी को राज्य सरकार से सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिये जाने के कारण भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है।

नये कार्यक्रम के अनुसार नाम वापसी के लिए अब अंतिम तिथि 23 जनवरी (मंगलवार) और मतदान की तिथि 30 जनवरी (मंगलवार) होगी। पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक मतदान के बाद उसी दिन सायं 5 बजे से मतगणना की जाएगी। 01 फरवरी (बृहस्पतिवार) के पूर्व निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न करा ली जाएगी। इससे पूर्व नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 जनवरी जबकि मतदान एवं मतगणना की तिथि 29 जनवरी को निर्धारित थी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उप्र. विधान सभा सदस्यों द्वारा निर्वाचित विधान परिषद के सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा, जिनका कार्यकाल 30 जनवरी, 2027 तक था, के द्वारा बीती 13 सितम्बर को त्यागपत्र दे दिये जाने के कारण होने वाली रिक्ति को भरने के लिए उप निर्वाचन कराये जाने का कार्यकम घोषित किया गया था।

सड़क हादसों में खर्च हो रही जीडीपी की चार फीसदी राशि

अमृत विचार, लखनऊ : सड़क हादसे तेजी से बढ़ रहे हैं। इन हादसों से सिर्फ लोग ही प्रभावित नहीं होते हैं। बल्कि देश की अर्थव्यवस्था पर भी खराब असर पड़ता है। आंकड़ों के अनुसार देश की कुल जीडीपी के चार फीसदी के बराबर की राशि सड़क दुर्घटनाओं में खर्च हो जाती है। इसे जागरुकता से बचाया जा सकता है। इस राशि से 80 स्मार्ट सिटी के काम किए जा सकते हैं। खाद्य सुरक्षा में यह राशि लगाई जा सकती है। इससे कम से कम आठ से 10 साल तक लोगों के खाद्यान्न संबंधी समस्या का हल निकाला जा सकता है। यह जानकारी केजीएमयू ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. शादाब मोहम्मद ने दी। वह सोमवार को केजीएमयू के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग और एसोसिएशन ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन्स ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे।

भाजपा ने शुरू किया देशव्यापी दीवार लेखन अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मकर संक्रांति के दिन सोमवार से शुरू हुए देशव्यापी दीवार लेखन कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ में कमल का फूल बनाकर और नारे लिखकर शुरूआत की। जबकि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अयोध्या में अभियान शुरू किया। जगह-जगह दीवारों पर मिशन-80 से जुड़े विभिन्न स्लोगन लिखे गए।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने लखनऊ में सहकारिता भवन के निकट मध्य विधानसभा में बूथ नम्बर 240 के अन्तर्गत दीवार पर चुनाव निशान कमल बनाया और 'एक बार फिर से मोदी सरकार' नारा लिखकर दीवार लेखन कार्यक्रम शुरू किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने दीवार लेखन के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुए लोगों से अपील की कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से मोदी सरकार के संकल्प के साथ भाजपा को अपना मत और समर्थन देकर ऐतिहासिक जीत दिलाएं। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, संजय राय, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित उपस्थित रहे।

सहकारिता भवन के निकट दीवार पर कमल का फूल बनाते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

आज मुख्यमंत्री गोरखपुर में करेंगे दीवार लेखन

पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को गोरखपुर की सदर विधानसभा में दीवार लेखन कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इसी दिन से पूरे प्रदेश में सभी पदाधिकारी, केंद्र सरकार के मंत्री, सांसद और जनप्रतिनिधियों सहित अन्य वरिष्ठ नेता बूथ पर दीवार लेखन करेंगे। जबकि 17 जनवरी को राज्य सरकार के मंत्री, विधायक और विधान परिषद सदस्य अपनी विधानसभा में बूथ पर दीवार लेखन कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। श्री शुक्ल ने बताया 18 जनवरी को समस्त क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, मोर्चों के पदाधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दीवार लेखन का कार्य किया जाएगा।

शुक्रिया मोदी भाईजान अभियान की शुरुआत

भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा ने राजधानी में शुक्रिया मोदी भाईजान अभियान की सोमवार को शुरुआत की। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्रिया अदा किया। मुस्लिम महिलाओं ने हाथों में तख्तियां नजर आयीं, जिस पर लिखा था, न दूरी है न खाई है, मोदी हमारा भाई है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि पिछली सरकारों में भेदभाव होता था, लेकिन आज हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास के साथ काम कर रही है। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को शुक्रिया इसलिए क्योंकि जो काम उन्होंने खासकर बहनों के लिए करके दिखाया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली समेत तमाम भाजपा पदाधिकारी और मुस्लिम समाज की महिलाएं मौजूद रहीं।

अयोध्या में तीन प्रवेश द्वार के साथ जल्द तैयार होंगे कॉम्प्लेक्स

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ नव्य अयोध्या फेज-2 के तहत 45 करोड़ से गोंडा, बस्ती और सुल्तानपुर रोड पर शुरू होगा काम

▸▸ मुख्यमंत्री योगी ने 100 दिन की समयावधि में काम पूरा करने के दिए हैं निर्देश

अमृत विचार: अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को पुनर्स्थापित करने का प्रयास कर रही राज्य सरकार 140 करोड़ रुपये की लागत से छह भव्य गेट और यात्रा सुविधा कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराने जा रही है। नव्य अयोध्या फेज-2 परियोजना के तहत अगले 100 दिनों के अंदर पहले चरण में तीन भव्य गेट और कॉम्प्लेक्स के निर्माण की प्रक्रिया यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोशन लिमिटेड ने शुरू कर दी है।

पहले फेज में लखनऊ रोड पर फिरोजपुर, रायबरेली रोड पर सरियावां व अंबेडकरनगर रोड पर राजेपुर के पास, सुल्तानपुर रोड पर मैनुद्दीनपुर, बस्ती रोड पर इस्माइलपुर व गोंडा रोड पर कटरा भोगचंद के पास जमीन अधिग्रहण किया गया है। गोंडा रोड पर 15.21 करोड़, गोरखपुर (बस्ती) रोड पर 15 करोड़ व सुल्तानपुर रोड पर 14.69 करोड़ रुपये खर्च होगा।

सभी प्रवेश द्वारों का निर्माण नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचआईए) की ओर से तैयार डिजाइन व मानकों के अनुसार होगा। इसमें पीडब्लयूडी सहयोगी बनकर अयोध्या की वास्तुकला को डिजाइन में समावेश करेगा। चिह्नित जगहों पर गेट व कॉम्पलेक्स निर्माण के लिए जमीन खरीद प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए 67 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया था, जबकि यहां जनसुविधाएं विकसित करने को 73 करोड़ की अलग से व्यवस्था की गई है।

होगी दिव्य अनुभूति

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में बनी विशिष्ट कार्योयोजना के अनुसार हर प्रवेश द्वार के लिए पांच-पांच एकड़ जमीन अधिग्रहीत की जा रही है। यह द्वार त्रेतायुगीन परिकल्पना के आधार पर विकसित होंगे। इन द्वारों से प्रवेश करते ही रामायण काल की अनुभूति भक्तों को हो, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। गेट के पास पार्किंग से लेकर जन सुविधाओं का भी इंतजाम होगा।

प्रवेश द्वारों के नाम

लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर श्रीराम द्वार, गोरखपुर से अयोध्या मार्ग पर हनुमान द्वार, गोंडा से अयोध्या मार्ग पर लक्ष्मण द्वार, प्रयागराज से अयोध्या मार्ग भरत द्वार, अंबेडकरनगर से अयोध्या मार्ग पर जटायु द्वार, रायबरेली से अयोध्या मार्ग पर गरुण द्वार नाम होगा।

एसटीएफ ने दो कारों से पकड़ा 80 किलो गांजा

अमृत विचार, लखनऊ: एसटीएफ ने नशे के आठ अन्तरराज्यीय सौदागरों को सोमवार को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो कारों में भरे 80 किलो गांजा बरामद किया गया। कार में फर्जी नंबर प्लेट लगी थी।एसटीएफ ने तस्कर अभिषेक कुमार (राजस्थान), सुमित (राजस्थान), भीमसेन फरुखाबाद, सोनवीर उर्फ सोनू (मथुरा), विमलेश (हरदोई), मोन्टू सिंह चौहान (राजस्थान), संदीप कुमार (हरदोई) और राजाराम चौधरी (राजस्थान) को पकड़ा है।

बिहार से मादक पदार्थो की तस्करी की मिल रही सूचनाओं को लेकर एसटीएफ टीम सक्रिय थी। इसी बीच एसटीएफ टीम को सूचना मिली कि कुछ लोग बिहार से दो कारों में गांजा की बड़ी खेप लेकर प्रयागराज होते हुए दिल्ली जा रहे हैं। इस सूचना पर एसटीएफ टीम ने सक्रियता दिखाते हुए नैनी (प्रायगराज) में कर्मचारी बीमा अस्पताल के पास दोनों कारों को रोककर तलाशी ली। उसमें भारी मात्रा में गांजा मिला। एसटीएफ टीम ने उसको कब्जे में लेकर कार में सवार आठ तस्करों को हिरासत में ले लिया। तस्करों ने पूछताछ में बताया कि उनका संगठित गिरोह है। वह बिहार से मादक पदार्थ लेकर दिल्ली ले जाकर आस-पास के क्षेत्रों में सप्लाई करते रहे हैं।

जो राम का नहीं, वो कृष्ण का कैसे होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि जो प्रभु श्री राम का नहीं हुआ, वो भगवान श्रीकृष्ण का कैसे होगा। जो श्रीकृष्ण का नहीं हुआ वो यदुवंशी समाज का कैसे हो सकता है ? यादव समाज का इस्तेमाल हमेशा वोट बैंक के रूप में किया गया । कभी भी उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया।

उप मुख्यमंत्री सोमवार को राजधानी में एक निजी होटल में यादव मंच द्वारा आयोजित यादव समाज के राजनीतिक एवं सामाजिक उन्नति कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मतलब परस्त राजनीतिक पार्टियों से यादव समाज को सावधान रहना चाहिये। ब्रजेश पाठक ने कहा कि यादव समाज के बगैर समाज की पूर्णता नहीं है। यादव समाज की बात करने पर आराध्य श्रीकृष्ण याद आते हैं। जब भी समाज में अत्याचार व अनाचार बढ़े, तो यादव समाज ने उसे खत्म करने की पहल की।

भगवान परशुराम ने श्रीकृष्ण को सौप था सुदर्शन चक्र: भगवान परशुराम ने सुदुर्शन चक्र भगवान श्रीकृष्ण को ही दिया । यादव समाज खुद को अकेला न समझे। जिस दिन यादव समाज प्रदेश के सभी जिलों में जाएंगे, आपसे निकली चिंगारी ज्वालामुखी बनकर फूटेगी। आपके हक को कोई दबा नहीं सकता है। इसलिए समाज की प्रगृति में सहयोग करें। राजनीति में मतलब परस्त लोगों की पहचान करें। उनसे दूरी बनाकर रखें। कार्यक्रम में मुख्य संयोजक अनुराग यादव, अशोक यादव, मनीष यादव, सी.एल. यादव, देवेंद्र यादव सहित समाज के कई लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को पुष्पगुच्छ देते आयोजनकर्ता।

▸▸ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने यादव मंच के कार्यक्रम में विपक्ष पर साधा निशाना

स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए शुरू हुईं 35 माइक्रोसाइट्स

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अस्पतालों में सहज और गुणवत्ता युक्त होंगी सुविधाएं

अमृत विचार: आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) अतंर्गत अस्पतालों में मिलने वाली सुविधाएं सहज और गुणवत्ता युक्त होंगी। इसके लिए सोमवार को परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने रिमोट दबाकर 35 माइक्रोसाइट्स परियोजनाओं की शुरुआत किया।

प्रमुख सचिव ने कहा कि इन 35 माइक्रोसाइट्स के शुरू होने से रोगियों, स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं और स्वास्थ्य सुविधाओं सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों को लाभ मिलेगा। सेवाएं डिजिटली होने से मरीज़ों की जरूरत आसानी पूरी होने के साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं मरीजों की पहुंच में होंगी। एबीडीएम के मिशन निदेशक रंजन कुमार ने कहा कि 45 हजार से अधिक एचपीआर (हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्री), 6.4 करोड़ से अधिक आभा कार्ड बनाकर उप्र. पूरे देश में शीर्ष स्थान पर है । साथ ही 40 हजार हेल्थकेयर सुविधा पंजीकरण करके देश में दूसरे स्थान पर है।

मिशन निदेशक और संयुक्त निदेशक डॉ. मोहित सिंह ने मरीजों और सेवा प्रदाताओं को मिलने वाले लाभों को प्रदर्शित करने के लिए माइक्रोसाइट्स को लागू किया गया है। बीएमजीएफ इंडिया के उप निदेशक डॉ. देवेंद्र खंडैत, ओम प्रकाश, नरेंद्र सिंह , जॉन एंटनी ने एबीडीएम की उपयोगिता प्रकाश डाला।

राजनाथ ने विभिन्न सामाजिक और व्यापारिक संगठनों से की मुलाकात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के लखनऊ प्रवास के दूसरे दिन विभिन्न सामाजिक व व्यापारिक संगठनों ने मुलाकात की और लखनऊ में हो रहे विकास कार्यों के लिए रक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया साथ ही अन्य मांगों व समस्याओं से अवगत कराया। रक्षा मंत्री ने सभी की समस्याओं का निदान कराने का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व महापौर सुषमा खर्कवाल डॉ राघवेंद्र शुक्ला मुख्य रूप से मौजूद रहे।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग के मुताबिक, लखनऊ प्रवास के दूसरे दिन भेंट के दौरान नेहरू रोड कैंट चर्च बिशप अरुण सिंह, युवा सांस्कृतिक मंच से मोहित शुक्ला व टीम और पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन से रिटायर्ड सुरेंद्रनाथ यादव ब्राह्मण समाज से विजय अवस्थी, दोसर वेस्ट महासमिति से राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गुप्ता, उपाध्यक्ष धीरेंद्र गुप्ता के साथ, सनातन महासभा भारत से डॉक्टर प्रवीण और देवेंद्र शुक्ला प्रतिनिधि मंडल, भारतीय लोक सेवा से सोमेश सिंह, भारत नेपाल मैत्री समाज प्रतिनिधि मंडल, झील बचाओ अभियान से गौरव बाजपेई गणेश कनौजिया सहित विभिन्न धार्मिक व व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों ने मुलाकात की।

प्रवास के दूसरे दिन लोगों से भेंट करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। अमृत विचार

मुस्लिम महिलाओं ने कमल का फूल बनाकर किया भेंट

राजनाथ सिंह को उनके आवास पर चौक मुस्लिम समुदाय की महिलाओं ने स्वयं अपने हाथ से फूलों से भाजपा लिखा और कमल का फूल बनाकर भेंट किया। साथ ही सरकार से मिल रही सभी योजनाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। आगामी लोकसभा चुनाव में भी समर्थन देने की बात कही। इस दौरान अल्पसंख्यक प्रदेश मोर्चा उपाध्यक्ष अमील शमसी साथ में मौजूद रहे।

सज रही अयोध्या से सच हुआ निर्गुणोपासक संतों का सपना

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: आपसी सौहार्द का यह संदेश 18वीं शताब्दी में अयोध्या की निर्गुणोपासक और संत परंपरा के दूसरे कबीर माने गए संत पलटू साहब का है। इनका अखाड़ा रामकोट स्थित श्रीराम जन्मभूमि से चंद कदम दूर आज भी सद्भाव का प्रतीक है। ऐसे निर्गुणोपासक तमाम संतों ने अयोध्या की भूमि पर सदियों से राष्ट्रीय-सामाजिक जागरण के साथ सौहार्द की परंपरा संजोए रखी। यहां संत रविदास, कबीरदास, साईंदाता आदि की शिष्य परंपरा भी खूब फली-फूली है। अब जन्मभूमि मंदिर में रामलला के विराजने से बदले माहौल की खुशबू में इनकी आभा भी झलक रही है।

495 साल पहले 16वीं शताब्दी में सन् 1528 को बाबर के सेनापति मीर बाकी ने जब तोपों से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को तोड़ा और मस्जिद बनवाई तो बदले हालात में जन साधारण के बीच सूफी-संतों की अहम भूमिका रही। वे अपनी रचनाओं से लोगों को एकजुट करने के साथ कट्टरपन से सचेत करते थे। इसी दौर में नानकसाही संत श्रीचंद का रानोपाली आश्रम आज अयोध्या में उदासीन पंथ का सबसे भव्य और विस्तार वाला क्षेत्र है। इसी तरह कौमी एकता और आपसी सौहार्द का संदेश देने वाले गुलाबपंथी गोविंदसाहब के शिष्य पलटू साहब का रामकोट में अखाड़ा है। संत रविदास की शिष्य परंपरा का हनुमान कुंड वार्ड में स्थान है।

अयोध्या के आगे जियनपुर गांव में कबीरपंथी मठ भी है। जिले के जनौरा, मिल्कीपुर, मीठेगांव, नौली-दसौली आदि स्थानों पर साईंदाता संप्रदाय के प्रवर्तक संत मोहनशाह की शिष्य परंपरा का विस्तार हुआ है। यहां अहमकशाह, सचनाशाह, विजनशाह, महानंदशाह, शाह बालाशाह, पृथ्वीशाह आदि अवधी के श्रेष्ठ वाणीकर संत हुए थे।

अवधी साहित्य पर कई किताबें लिखने वाले लखनऊ में रह रहे सेवानिवृत शिक्षक डॉ रामबहादुर मिश्र कहते हैं कि अयोध्या की भूमि से तमाम सूफी-संतों ने सद्भाव व मानवता के संदेश दिए हैं। कबीर की निर्गुण भक्तिधारा सगुणोपासकों की प्रधान नगरी अयोध्या में भी प्रवाहित है। आज के माहौल में भव्य और दिव्य रूप ले रही अयोध्या को लेकर आपसी लड़ाई की जगह उफान ले रहे सौहार्द से उनका सपना भी सच होता दिख रहा है।



▸▸ अयोध्या में राम के शील-भक्ति समन्वित लोक मंगलकारी स्वरूप की है प्रतिष्ठा

डाल-डाल अल्लाह लिखा है, पात-पात पर राम

संतों के दखल से रुके धर्मपरिवर्तन के मामले

बाराबंकी जिले के कोटवा, कमोली, मधनापुर, हरचंदपुर, उमापुर समेत रायबरेली जिले के धर्मेधाम, लखनऊ के समेसी गांव में सतनामी संप्रदाय के जगजीवन साहब व उनकी शिष्य परंपरा का विस्तार हुआ। इस संप्रदाय से जगजीवन साहब, गोसाईंदास, दूलनदास, देवीदास, ख्यामदास, नवलदास जैसे अवधी भाषा के श्रेष्ठ रचनाकार संत हुए।

श्रीचंद के चमत्कार से शरणागत हुए मुगल

अयोध्या के रानोपाली में स्थित उदासीन संगत ऋषि आश्रम के महंत डॉ स्वामी भरत दास कहते हैं कि जगतगुरु आचार्य श्रीचंद ने उदासीन पंथ की स्थापना की थी। वे कहते थे- वाद-विवाद मिटाओ आपा..। जब मुगल आक्रांताओं का कहर लाहौर व पंजाब में बढ़ा और जबरदस्ती हिंदुओं को मुसलमान बनाने लगे, तब श्रीचंद जी ने अपने चमत्कार से इसे रोकने का काम किया। मुगल शरणागत हुए और जबरदस्ती धर्मपरिवर्तन रुका और आचार्य ने सनातन धर्म की रक्षा की।

सिविल व लोकबन्धु अस्पताल समेत 10 सेवाओं के निदेशक नियुक्त

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी(सिविल) अस्पताल में डॉ.सुनील भारतीय और लोकबन्धु राज नारायण संयुक्ति चिकित्सालय में डॉ.सुरेश चंद्र कौशल का नया निदेशक बनाया गया है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग में रिक्त चल रहें प्रशासनिक पदों पर निदेशक ग्रेड के 10 चिकित्सकों को तैनाती मिली है। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी द्वारा सोमवार को जारी आदेश में अपर निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ.सुनील भारतीय को सिविल अस्पताल की जिम्मेदारी सौपी है। इसी प्रकार बस्ती के जिला अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक को लोकबंधु की बागडोर दी है। इसके अलावा डॉ.दिनेश कुमार को निदेशक मातृ एवं शिशु, निदेशक राष्ट्रीय कार्यक्रम डॉ.रतन पाल सिंह को, निदेशक भंडार डॉ.अंजु दुबे को, उनकी जगह निदेशक संचारी डॉ.चंद्र शेखर को, निदेशक नर्सिंग डॉ.अनीता शर्मा, निदेशक चिकित्सा डॉ.शालिनी गुप्ता, निदेशक पीएचसी डॉ.श्याम सुंदर लाल और निदेशक स्वास्थ्य डॉ.भानु प्रताप सिंह कल्याणी को नियुक्त किया गया है।

SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

शहर में आज

- हनुमान सेतु मंदिर में राजनाथ सिंह द्वारा स्वच्छता अभियान कार्यक्रम - 7 बजे।
- सीतापुर रोड के नवीन गल्ला मंडी के पास स्थित मान लॉन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जनसंवाद कार्यक्रम - 10 बजे।
- आईईटी लखनऊ में नेशनल स्टार्टअप डे पर आइडिया वेलिडेशन कैंप का आयोजन - 4 बजे से।
- लखनऊ विश्वविद्यालय में हिन्दी लर्निंग विषय के तहत कार्यशाला का आयोजन - 5 बजे।

एक नजर

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में 20 तक अवकाश

अमृत विचार, लखनऊ : शीतलहर और पारा गिरने के मौसम विभाग के पूर्वानुमान के चलते कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में 16 से 20 जनवरी तक डीएम सूर्यपाल गंगवार ने अवकाश घोषित किया है। डीएम गंगवार ने आदेश का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं।

उदयवीर को आरटीओ प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य परिवहन प्राधिकरण के अपर सचिव उदयवीर सिंह को लखनऊ के संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू के अनुसार, उदयवीर सिंह को राज्य परिवहन प्राधिकरण के अपर सचिव पद के साथ ही आरटीओ प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। बताते चलें कि 31 दिसंबर को आरटीओ प्रशासन रामफेर द्विवेदी सेवानिवृत्त हो गए थे। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद से आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज इस पद का कार्यभार देख रहे थे। करीब 15 दिनों के बाद इस पद का अतिरिक्त प्रभार उदयवीर सिंह को दिया गया है।

दो अधिशासी अभियंताओं को प्रवर्तन की जिम्मेदारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण में अवैध निर्माण रोकने की जिम्मेदारी एक बार फिर अधिशासी अभियंताओं को दी गयी है। उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने ओएसडी श्रद्धा चौधरी की जगह अधिशासी अभियंता संजय जिंदल को जोन 5 और ओएसडी डीके सिंह की जगह अधिशासी अभियंता संजीव कुमार को जोन 6 में तैनाती दी है। एलडीए उपाध्यक्ष ने लगभग दो वर्ष पहले अधिशासी अभियंताओं की जगह विशेष कार्याधिकारियों को शहर में हो रहे अवैध निर्माण रोकने के लिए प्रवर्तन का जिम्मा सौंपा था।

गलन बरकरार, पारा 7 डिग्री

कड़ाके की ठंड के बीच सर्द हवाओं से हुआ हाल-बेहाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लखनऊ व आसपास के क्षेत्रों में दोपहर तक छाया रहा कोहरा

अमृत विचार : लखनऊ और उसके आसपास बीते पांच दिनों से लोगों को कड़ाके की ठंड, गलन और सर्द हवाओं का सामना करना पड़ रहा है। रविवार रात से शुरू हुआ कोहरा सोमवार को दोपहर निकलने के बाद छटा। इससे पहले लोग धुंध के बीच अपने वाहनों की लाइट जलाकर आवागमन करते हुए दिखाई दिए। ऐसे में सुबह की दृश्यता 50-200 मीटर रिकार्ड की गई।

मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, पहाड़ों पर बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ के कारण फिलहाल गलन से राहत मिलने की संभावना कम है। शाम का तापमान 7 डिग्री रिकार्ड किया गया।

हो सकती है बूंदाबांदी : पश्चिमी विक्षोभ के कारण चल रही सर्द हवाओं के कारण बूंदाबांदी की संभावनाएं बन रही हैं। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है।

बूंदाबांदी की संभावनाएं कम हैं, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ का असर हो भी सकता है मौसम वैज्ञानिक एके सिंह का कहना है कि सर्द हवाओं के कारण लंबे समय तक वाहन चलाना हितकर नहीं है। कोहरे में जमा विषैले तत्व हवा के माध्यम से शरीर में पहुंच जाते हैं। ऐसे में फेफड़ों व सांस संबंधी दिक्कतें हो सकती हैं। अगर शरीर में कंपकंपी आए तो उसे नजरअंदाज न करें, चिकित्सक से सलाह लेकर उपचार अवश्य करें।

हरदोई सबसे ठंडा

लखनऊ के आसपास के इलाकों में सबसे अधिक ठंडा हरदोई जनपद रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री रहा। बाराबंकी और सीतापुर में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रिकार्ड किया गया। जबकि लखीमपुर खीरी में तापमान 8 डिग्री दर्ज हुआ। उधर, कानपुर शहर में पारा 6.6 और कानपुर देहात में 8.6 रिकार्ड किया गया।

राजधानी में पड़ रही कड़ाके की ठंड और गलन से लोगों का बुरा हाल है। ठंड से बचने के लिए लोग अनेक तरह के उपाए कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को हजरतगंज क्षेत्र में ठंड के बीच गंतव्य को जातीं युवतियां। अमृत विचार

कोहरे की वजह से 15 उड़ानें रद, कई देरी से गईं

कार्यालय संवाददाता, सरोजनीनगर/लखनऊ

अमृत विचार : बिगड़े मौसम की वजह से विमान सेवाओं का लगातार प्रभावित होना जारी है। कोहरे के कारण 15 उड़ानें रद कर दी गईं। जबकि एक दर्जन से अधिक उड़ानें विलंब से रहीं।

मुंबई से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या ईएस 2773 खराब मौसम के चलते रद कर दी गई। इसके अलावा दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 411, हैदराबाद से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 453, दिल्ली से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 6282, इलाहाबाद से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस के उड़ान 6ई 7936, अहमदाबाद से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 935 और दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 413 रद कर दी गईं। दूसरी ओर लखनऊ से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आईएक्स 2773, लखनऊ से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 412, लखनऊ से इलाहाबाद जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7935, लखनऊ से अहमदाबाद जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 279, लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस के उड़ान संख्या 6ई 2243, लखनऊ से मुंबई जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 5222, लखनऊ से वाराणसी जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7741 और लखनऊ से मुंबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आईएक्स 1785 को रद कर दिया गया।

खराब मौसम के कारण दुबई से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आईएक्स 194 रात 12:55 के बजाय सुबह 6:14 पर पहुंची। दिल्ली से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 20-25 सुबह 6:55 के बजाय 10:24 पर पहुंची। मस्कट से लखनऊ आने वाली ओमान एयर की उड़ान संख्या डब्ल्यूवाई 265 अपने निर्धारित समय सुबह 7:50 के बजाय 10:44 पर पहुंची। दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या ए 5548 सुबह 8:00 बजे के बजाय 3:08 पर पहुंची। चंडीगढ़ से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 146 सुबह 8:15 के बजाय 10:16 पर पहुंची। अबू धाबी से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 94 अपने निर्धारित समय सुबह 8:40 के बजाय 10:31 पर पहुंची। नागपुर से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7467 अपने निर्धारित समय सुबह 9:10 के बजाय 10:27 पर पहुंची। जद्दा से लखनऊ आने वाली सऊदी एयरलाइंस की उड़ान संख्या एसवी 890 सुबह 10:30 के बजाय 12:22 पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची। अहमदाबाद से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई277 दोपहर 12:00 के बजे के बजाय 2:08 पर पहुंची। गोरखपुर से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या 9आई 809 अपने निर्धारित समय दोपहर 12:45 के बजाय 2:04 पर पहुंची। मुंबई से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 625 दोपहर 1:20 के बजाय 3:21 पर पहुंची।

वहीं लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई2025 सुबह 7:35 के बजाय 11:52 से रवाना हुई। लखनऊ से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आई 5552 सुबह 8:35 के बजाय शाम 3:53 से रवाना हुई।

प्राण प्रतिष्ठा से पहले सजाए जाएंगे मंदिर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ शासन ने नगर निगम से मांगी मंदिरों की सूची

अमृत विचार : अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान राजधानी के सभी प्रमुख मंदिरों को सजाया और संवारा जाएगा। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने सभी मंदिरों की सूची मांगी है। कर निरीक्षकों ने वार्डों में सर्वे शुरू दिया है।

मंदिरों की सूची मिलने के बाद बुधवार से मंदिरों में नगर निगम सफाई व रंग-रोशन करवाएगा। सबसे ज्यादा मंदिर जोन तीन, सात और आठ में हैं। मंदिरों के आस-पास के मार्गों की मरम्मत के साथ सफाई करवायी जाएगी।

अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान सभी मंदिरों में सफाई के साथ सजावट और कार्यक्रम का आयोजन कराने का प्रधानमंत्री ने आवाहन किया है। साफ-सफाई, सजावट और आयोजन के लिए शासन धनराशि देगा। इसके लिए नगर निगम से लखनऊ के सभी मंदिरों की सूची और बैंक खाते की जानकारी मांगी गयी है। बुधवार तक नगर निगम शासन को सूची सौंप देगा।

5 से 9 किलोवाट लोड को लेकर एमआरआई बिलिंग सुविधा शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से उपभोक्ताओं को एमआरआई मशीन के जरिए पारदर्शी तरीके से मीटर रीडिंग लेकर बिल जनरेट करने की अब सुविधा मिलेगी।इसमें उपभोक्ताओं को 5 से 9 किलोवाट के विद्युत बिल को उपलब्ध कराने के लिए जनवरी माह से ही एमआरआई बिलिंग को शुरू कराया गया है। इस प्रक्रिया में एमआरआई मशीन से मीटर रीडिंग लेकर इसको बिलिंग सिस्टम में मानव रहित तरीके से स्थानान्तरित किया जाएगा। यह जानकारी सोमवार को विभाग की जनसम्पर्क अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था जनवरी 2024 से लागू की गई है। जिसके कारण 5 से 9 किलोवाट के कुछ उपभोक्ताओं को विद्युत बिल के मिलने में देरी हो सकती है। इससे उपभोक्ताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है। साथ ही, बिजली कनेक्शनों को काटने की कार्रवाई भी नहीं की जाएगी।

21 हजार छात्र-छात्राओं के लिए खुलेगा पोर्टल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ साफ्टवेयर हैक होने के कारण छात्रवृत्ति से वंचित रह गए थे विद्यार्थी

अमृत विचार : छात्रवृत्ति का लाभ लेने से वंचित रह गए 21 हजार छात्र-छात्राओं के लिए दोबारा पोर्टल खुलेगा। छात्र-छात्राओं को पोर्टल खुलने पर छात्रवृत्ति के लिए फिर से आवेदन करना होगा।

बता दें कि गत वर्ष समाज कल्याण विभाग का साफ्टवेयर हैक होने के कारण 57 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए थे। छात्रवृत्ति के लिए आवेदनकर्ताओं को विभाग के चक्कर काटने पड़े थे। विभागीय अधिकारियों ने छात्रवृत्ति से वंचित रह गए विद्यार्थियों का ब्योरा दोबारा जुटाना शुरू किया। इसके बाद उनका सत्यापन किया गया। सत्यापन होने के बाद लगभग 36,600 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई। अभी भी 21 हजार छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिला है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि ऐसे छात्रों के लिए पोर्टल जल्द दोबारा खोला जाएगा। पोर्टल खुलने के बाद 21 हजार विद्यार्थी दोबारा आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के बाद इनके आधार कार्ड का सत्यापन किया जाएगा। कहा कि प्रयास किया जा रहा है कि सभी को छात्रवृत्ति का लाभ मिले।

मौखिक परीक्षा में बदलाव

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विवि में बीएससी की मौखिक परीक्षा की तिथियों में फेरबदल हुआ है। बीएससी पंचम सेमेस्टर के भौतिक विज्ञान की परीक्षा 16 जनवरी को स्थगित कर दी गई है। इसके स्थान पर अब परीक्षा का आयोजन 20 जनवरी को होगा। तिथि परिवर्तन की जानकारी विभागाध्यक्ष एनके पाण्डेय द्वारा दी गई।

बदले जाएंगे घरों में लगे चाइनीज मीटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कई तरह की दिक्कतों के सामने आने के बाद पॉवर कारपोरेशन ने उठाया कदम

अमृत विचार : चाइनीज मीटरों को लेकर आ रहीं तमाम दिक्कतों को देखते हुए पॉवर कारपोरेशन ने राजधानी के तमाम इलाकों में इन्हें बदलने की तैयारी की है। जल्द ही उपभोक्ताओं के यहां चाइनीज मीटर की जगह अन्य मीटर लगाए जाएंगे।

इन मीटरों की गुणवत्ता रिपोर्ट आने के बाद पॉवर कारपोरेशन ने यह कदम उठाया है। मीटर बदलने के लिए कारपोरेशन ने चार निजी कंपनियों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। लेसा अधिकारियों के अनुसार, चाइनीज मीटरों के चलते विभाग को राजस्व का नुकसान हो रहा है। चाइनीज मीटरों के पहले लगे मीटरों से विभाग को अधिक राजस्व प्राप्त होता था। इसी के चलते विभाग ने इन मीटरों की जांच शुरू की। चाइनीज मीटरों की महीनों जांच के बाद इन मीटरों के धीमे चलने के साथ इसमें कई तरह की तकनीकी खामियां सामने आईं। इसके बाद विभाग ने इन मीटरों को उतारने का निर्देश जारी किया है।

> चाइनीज मीटरों को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं, इसके बाद इनको बदलने की तैयारी की गई है। उपभोक्ताओं को चाइनीज मीटरों में आ रहीं दिक्कतों से छुटकारा मिल जाएगा।
> -सुनील कपूर, मुख्य अभियंता, ट्रांसगोमती

मीटर बदलने के लिए विभाग ने चरणबद्ध तरीके से चार चरणों में इन मीटरों को घरों से उतारने के लिए कमर कस ली है। चाइनीज मीटर की जगह अन्य मीटर लगाए जाने के लिए चार निजी कंपनियों का चयन किया गया है। मीटरों को लगाने के लिए विभाग ने डिवीजन के अधिकारियों को इसका जिम्मा सौंपा है। निजी कंपनियों के साथ बिजली कर्मचारी उपभोक्ताओं के घर जाकर मीटरों के बदलने का कार्य करेंगे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, चाइनीज मीटरों में कई तरह की दिक्कतें आ रही थीं। चाइनीज मीटरों को लेकर लोड बढ़ने, अचानक यूनिट में उछाल के साथ ही मीटर में लगे इंडीकेटर का काम करना बंद कर देना संबंधी कई शिकायतें उपभोक्ताओं ने की है।

ओटीएस योजना के खत्म होने से पहले ही उपकेंद्रों पर पसरा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

▸▸ सोमवार को ट्रांसगोमती के विभिन्न उपकेंद्रों पर लगे काउंटरों को हटाया गया

▸▸ दोपहर बाद योजना की जानकारी लेते दिखे इक्का-दुक्का उपभोक्ता

▸▸ मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती ने किया कई क्षेत्रों का दौरा

▸▸ उपकेंद्र से नदारद मिले कर्मचारियों को लेकर लगाई फटकार, दिए कार्रवाई के निर्देश

अमृत विचार: ओटीएस योजना के खत्म होने में एक दिन बाकी है। बावजूद इसके ट्रांसगोमती के कई उपकेंद्रों पर योजना के लगे कैंपों और काउंटरों को हटा दिया गया है। जिसके चलते उपकेंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहा ।

दोपहर बाद योजना की जानकारी के लिए इक्का दुक्का लोग ही दिखाई पडें। वही योजना की प्रगति जानने पहुंचे मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती ने कई उपकेंद्रों पर अधिकारियों के ना मिलने पर कड़ी फटकार लगाते हुए कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

ट्रांसगोमती के अहिबरनपुर, निरालानगर, महानगर, हसनगंज सहित कई उपकेंद्रों पर दिनभर सन्नाटा बना रहा। इन उपकेंद्रों पर ओटीएस योजना के लिए लगे काउंटरों के साथ कैंपों को भी हटा दिया गया हैं।इससे उपभोक्ताओं योजना में रजिस्ट्रेशन के लिए इधर उधर भटकते रहे। मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती सुनील कपूर ने बताया कि योजना के अंतिम दिनों मे वह उपभोक्ताओं की समस्याओं को जानने के साथ उपकेंद्रों की व्यवस्था को देखने के लिए लगातार औचक निरीक्षण कर रहे है ।कई उपकेंद्र पर समय से पहले ही योजना की जानकारी और रजिस्ट्रेशन के लिए लगे काउंटरों को हटाये जाने को लेकर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।साथ ही निर्देश ना मानने वाले कर्मवारियों को कार्यवाही की चेतावनी भी दी। उपभोक्ताओं की हर संभव मदद कर योजना को लाभ दिलाने के लिए निर्देश जारी किये।

संगीता को फिर मिली जोन-5 की जिम्मेदारी

अमृत विचार, लखनऊ : नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने नगर निगम के अधिकारियों की तैनाती में फेरबदल किया है। उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी को एक बार फिर जोन 5 की जिम्मेदारी सौंपते हुए जोनल अधिकारी बनाया है। सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति अलंकार अग्निहोत्री को जोन 3 के जोनल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी है। कर अधीक्षक व प्रभारी जोनल अधिकारी जोन 5 को जोन 1 का जोनल अधिकारी बनाया है। सहायक नगर आयुक्त एवं जोन 3 के जोनल अधिकारी संजय यादव को जोनल अधिकारी जोन 4 के साथ प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति की जिम्मेदारी दी है। कर निर्धारण अधिकारी दिव्यांशु पांडेय को जोन 2 का जोनल अधिकारी बनाया है।

तैयारी निस्तारण के लिए कूड़ा भेजा जाएगा शिवरी प्लांट, जोन-3 में निस्तारण संबंधी समस्या होगी दूर

फैलेगा न गिरेगा...एक कैप्सूल में आएगा 30 गाड़ियों का कूड़ा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ अगले महीने तक शुरू हो जाएगा धैला ट्रांसफर स्टेशन

अमृत विचार : फैलेगा न गिरेगा.. एक कैप्सूल में 30 गाड़ियों का कूड़ा आ जाएगा। इससे गंदगी नहीं होगी और कूड़ा भी नजर नहीं आएगा। बंद कैप्सूल को निस्तारण के लिए शिवरी प्लांट भेज दिया जाएगा।

इससे जोन 3 में कूड़ा निस्तारण की समस्या दूर होगी। साथ ही नगर निगम का समय और पैसा दोनों बचेगा। इसके अलावा जोन में बने पड़ाव घर भी धीरे-धीरे खत्म हो जाएंगे। नगर निगम जोन 3 के धैला में कूड़ा निस्तारण के लिए तीन करोड़ रुपये से ट्रांसफर स्टेशन बना रहा है। अगले महीने तक स्टेशन का संचालन शुरू हो जाएगा।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में राजधानी की खराब रैंकिंग आने के बाद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने बीते शनिवार को शहर के विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया था। कूड़ा सड़क पर न दिखे इसके लिए उन्होंने ट्रांसफर स्टेशन का काम तेजी से पूरा कराने के नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए थे। ट्रांसफर स्टेशन न होने से शहर का कूड़ा डम्पिंग यार्डों में बाहर तक पड़ा रहता है। पड़ाव घरों पर कॉम्पैक्टर भी नहीं लगे थे। इससे नगर निगम को अंक कम मिले। जिससे देश में नगर निगम की रैंकिंग 17 से गिरकर 44 पहुंच गयी है।

> अगले महीने तक धैला ट्रांसफर स्टेशन शुरू हो जाएगा। तीन करोड़ की लागत से इसे बनाया जा रहा है। लगभग 30 गाड़ी कूड़ा इसमें आ जाएगा। इससे गंदगी नहीं होगी और कूड़ा नजर नहीं आएगा। कैप्सूल में डाले गए कूड़े को शिवरी प्लांट निस्तारण के लिए भेज दिया जाएगा।
> -संजीव प्रधान, पर्यावरण अभियंता लखनऊ नगर निगम

खत्म हो जाएंगे डम्पिंग यार्ड

एनजीटी नगर निगम को खुले में सभी डम्पिंग यार्ड समाप्त करने के निर्देश दे चुका है। सभी जोन में नगर निगम को ट्रांसफर स्टेशन बनाने के साथ कॉम्पैक्टर लगाने हैं। धैला में नगर निगम ट्रांसफर स्टेशन बना रहा है। दूसरा ट्रांसफर स्टेशन जोन 5 के केसरीखेड़ा में बनाया जा रहा है। इससे डम्पिंग यार्ड का काम खत्म हो जाएगा।

कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां डालती जाएंगी कूड़ा : नगर निगम जोन 3 में घरों और पड़ाव घरों से गाड़ियां कूड़ा उठाकर धैला स्थित निर्माणाधीन ट्रांसफर स्टेशन में लगे दो कॉम्पैक्टर में एक-एक करके डाल देंगी। कॉम्पैक्टर कूड़े को कैप्सूल में डालता जाएगा। इस कैप्सूल में लगभग 30 छोटी गाड़ियों का कूड़ा आ जाएगा। गाड़ी की मदद से बंद कैप्सूल को शिवरी प्लांट निस्तारण के लिए भेज दिया जाएगा। इससे न तो बदबू आएगी और कूड़ा भी नहीं दिखेगा। स्टेशन में दो अतिरिक्त कैप्सूल भी रहेंगे।

एक नजर

मानस मंदिर में धूमधाम से मना मकर संक्रांति महोत्सव

अमृत विचार, लखनऊ : डालीगंज स्थित मानस मंदिर में मकर संक्रांति महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। साहू समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत गुरु गोरक्षनाथ को खिचड़ी भोग लगाकर की गई। पूर्व सांसद रामनारायण साहू इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि शामिल हुए। चेयरमैन रामचन्द्र साहू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। महामंत्री अनुराग साहू ने बताया कि इस अवसर पर खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। जिसे बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया। रामपाल साहू ने बताया कि इस साल 50 से अधिक असहाय लोगों को कंबल वितरित किया गया। मनीष साहू ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत हुई प्रतियोगिताओं में शामिल वैष्णवी साहू, अनुष्का साहू, प्रार्थना साहू, प्रीति गुप्ता, नैन्सी साहू, मनीष साहू, रमाशंकर, ज्ञानेंद्र, माया आनंद, कीर्ति और बबिता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. डीसी गुप्ता, विंधेश्वरी साहू, अमृत लाल साहू और राजेश साहू आदि मौजूद रहे।

भाषा विवि और हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के बीच होगा एमओयू

ध्यान और योग से खुद को स्वस्थ रख सकते हैं युवा : कुलपति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **यूथ यूनाईट कार्यक्रम में शामिल हुए भाषा विवि के कुलपति**

अमृत विचार : ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के बीच एमओयू की सैद्धांतिक सहमति बन गई है। सोमवार को हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित यूथ यूनाईट कार्यक्रम में ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनबी सिंह शामिल हुए। उन्होंने यहां कहा कि ध्यान और योग के माध्यम से युवा मानसिक और शारीरिक रूप से खुद को स्वस्थ रख सकते हैं। इस मौके पर दोनों संस्थानों के बीच एमओयू की सहमति बनी।

एमओयू के बाद हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट विश्वविद्यालय में ध्यान व योग के विभिन्न पक्षों का प्रशिक्षण देगा। इससे पहले केजीएमयू और बीबीडी यूनिवर्सिटी के साथ हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट का एमओयू हो चुका है। इस मौके पर लखनऊ व आसपास के जिलों के कई शैक्षिक संस्थानों के युवा शामिल हुए। भाषा विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ. नीरज शुक्ला भी इस मौके पर मौजूद रहे।

आईआईएम रोड स्थित हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट में हुए कार्यक्रम में कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने कहा कि युवाओं को प्रगति के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म और टेलीविजन से दूर रहना चाहिए। इसकी लत युवाओं को गर्त में ले जा रही है। हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट की जोनल को-आर्डीनेटर शालिनी मेहरोत्रा ने रिलेक्सेशन व मेडिटेशन का युवाओं को सूक्ष्म अनुभव कराया।

गोमती तट स्थित पं. गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन में चल रहे उत्तरायणी कौथिग मेले के दूसरे दिन वीर सैनिकों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते पर्वतीय समाज के लोग। अमृत विचार

वीर सैनिकों के नाम रहा दूसरा दिन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

उत्तरायणी कौथिग

▸▸ **शहीद लांस नायक चन्द्रशेखर हरबोला को मिला वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सम्मान**

▸▸ **आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र**

अमृत विचार : गोमती तट स्थित पं. गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन में चल रहे उत्तरायणी कौथिग का दूसरा दिन वीर सैनिकों के नाम रहा। कौथिग में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को पर्वतीय महापरिषद के अध्यक्ष गणेश चन्द्र जोशी, महासचिव महेंद्र सिंह रावत, मुख्य संयोजक टीएस मनराल और संयोजक केएन चंदोला ने प्रतीक चिन्ह देकर उनका स्वागत किया।

मुख्य सचिव ने उत्तरायणी कौथिग का वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सम्मान शहीद लांस नायक चन्द्रशेखर हरबोला को दिया। इस मौके पर सिडबी के महाप्रबंधक मनीष सिन्हा भी मौजूद रहे।

उत्तरायणी कौथिग के दूसरे दिन नृत्य की एकल व समूह प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। गायन प्रतियोगिता में 55 प्रतियोगियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गायन प्रतियोगिता में एकल गायन में 15 प्रतियोगियों ने भाग लिया। महेंद्र पंत के निर्देशन में हुईं इन प्रतियोगिताओं में आकांक्षा गुसाई, मेनका सक्सेना और निशि मिश्रा ने निर्णायक की भूमिका का निर्वाह किया। समूह नृत्य में मोनिका मेहरा के दल को प्रथम, ईका बुलेट को द्वितीय और गोमतीनगर के शांता ग्रुप को तृतीय स्थान मिला।

तीन से आठ वर्ष आयु वर्ग की एकल प्रतियोगिता में कृतिका राज को प्रथम, अहान भंडारी को द्वितीत, आशना भंडारी को तृतीय और जीविका पाण्डेय को सांत्वना पुरस्कार मिला। नौ से 13 वर्ष आयुवर्ग में दक्ष बिष्ट को प्रथम, पारस सिंह नेगी को द्वितीय और आदित्य पाण्डेय को तृतीय स्थान मिला। 13 वर्ष से अधिक के प्रतिभागियों में आशीष पाण्डेय को प्रथम, मोनिका मेहरा को द्वितीय और ईशा को तृतीय स्थान मिला। निधि रावत को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया।

सैनिक दिवस के अवसर पर यहां पूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया गया। इनमें सैनिक प्रकोष्ठ के प्रभारी गोवर्धन भट्ट, अध्यक्ष चन्द्रशेखर पिलख्वाल, महामंत्री लक्ष्मण सिंह धामी, एसएस सेठी, प्रेम गिरि का सम्मान किया गया।

उत्तराखंड से आये कलाकारों ने सेना दिवस को ध्यान में रखते हुए वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप थारू सांस्कृतिक उत्थान समिति खटीमा के दल नायक बंटी राणा ने कई प्रस्तुतियां दीं।

सूचना

सूचित हो कि मैं गुलबसा उर्फ पूजा आर्य पत्नी विनीत रावत निवासिनी म.स. 316 पपरौदी रोड़ समराला लुधियाना पंजाब की हूं। दिनांक 15-7-2023 को अपनी स्वेच्छा से बिना किसी जोर दबाव से हिंदू धर्म स्वीकार कर अपना नाम गुलबसा से पूजा आर्य कर लिया है और दिनांक 10-1-2024 को विनीत पुत्र प्रकाश के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ विवाह कर लिया है। भविष्य में मुझे पूजा आर्य के नाम से जाना व पहचाना जाए। अब भविष्य में मेरा कोई इस्लाम धर्म से कोई वास्तव में सरोकार नहीं रहेगा।

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम BANSHI LAL SINGH था अब मैने बदलकर अपना नाम BANSHI LAL रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। BANSHI LAL S/O: RAM NATH, R/O PLOT NO-11, NEAR BHUYYA DEVI MANDIR ADIL NAGAR, LUCKNOW

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पॉलिसी नं0- 214170930 है जिसमें मेरा नाम उषा देवी अंकित हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम-सावित्री देवी है एल0आई0 सी0 में मेरा नाम सही अंकित किया जाय। **- सावित्री देवी पत्नी उमाशंकर, निवासी - ग्राम-जगनगर पोस्ट-पानापुर (टिकैत नगर) जिला-बाराबंकी, पिन कोड-225415**

सूचना

सूचित हो कि मैं **शोभनाथ पुत्र भागवत राम साहू, निवासी-चन्द्रोदय नगर केयर आफ अवधेश वर्मा, राजाजीपुरम् जिला लखनऊ** मेरे भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी नं0 214920142 में मेरा नाम त्रुटिवश शोभ नाथ साहू अंकित हो गया है। जबकि मेरे अन्य अभिलेखों (बैंक खाता, आधार कार्ड व अन्य सरकारी अभिलखो) में मेरा नाम शोम नाथ साहू दर्ज है। मुझे शोभ नाथ साहू व शोम नाथ साहू दोनो नामो से जाना व पहचाना जाता है अर्थात दोनो नाम एक ही व्यक्ति के ही है।

लविवि परीक्षा में शामिल हुए 24 हजार परीक्षार्थी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में दो पालियों में आयोजित परीक्षाओं के दौरान करीब 24 हजार विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

सोमवार को आयोजित परीक्षाओं के क्रम में पहली पाली में 7 हजार 687 छात्र सम्मिलित हुए। छात्राओं की संख्या 9649 रही। कुल 17 हजार 336 छात्रों ने प्रतिभाग किया। दूसरी पाली में छात्रों की संख्या 4352 रही। वहीं छात्राओं की संख्या 2991 रही। कुल 7343 छात्र शामिल हुए। दोनों परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्रों की संख्या 24,679 रही। परीक्षा नियंत्रक के अनुसार, दोनों पालियों में कोई छात्र अनुचित सामग्री के साथ नहीं पकड़ा गया।

स्नातक और कम्प्यूटर की परीक्षाएं निर्धारित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विवि में स्नातक और कम्प्यूटर की परीक्षा तिथियां निर्धारित की गई हैं। स्नातक परीक्षा के तहत वनस्पति विज्ञान की परीक्षा 17 जनवरी के स्थान पर 18 जनवरी को आयोजित होगी। इसी तरह बीएससी पंचम सेमेस्टर की परीक्षा 20 जनवरी को आयोजित होगी।

हिंदी कार्यशाला का समापन

लखनऊ विवि में विदेशी छात्राओं के लिए आयोजित तीन दिवसीय हिंदी शिक्षण कार्यशाला का सोमवार को समापन हुआ। कार्यशाला के चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने बताया कि कार्यशाला के दौरान विदेशी छात्रों को आवश्यक भाषा कौशल, विशेष रूप से हिंदी में सशक्त बनाने, भारतीय समाज में निर्बाध संचार और सांस्कृतिक एकीकरण की सुविधा प्रदान करने की जानकारी दी गई। कार्यशाला का उद्देश्य बातचीत कौशल को शामिल कर दैनिक जीवन के प्रति आत्मविश्वास से परिपूर्ण कराना रहा।

भाजपा नेताओं ने की मंदिरों की सफाई

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश के सभी मंदिरों में सोमवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। राजधानी में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने प्रदेश कार्यालय के कमलेश्वर महादेव मंदिर में, विधायक डॉ. नीरज बोरा ने लाला लाजपतराय वार्ड में कुर्सी रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मन्दिर में दर्शन कर स्वच्छता श्रमदान किया। रजनीश गुप्ता ने हनुमान मंदिर, अंजनी श्रीवास्तव ने हनुमानगढ़ी मंदिर और सभी मंडल अध्यक्षों पार्षदों सहित कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया।

सार-संक्षेप

एमिटी स्कूल में नैतिक मूल्यों पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथिगण।

नैतिक मूल्यों पर दिया व्याख्यान

अमृत विचार, लखनऊ : एमिटी स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज, एमिटी यूनिवर्सिटी लखनऊ कैंपस में भारतीय दर्शन के माध्यम से शिक्षाविदों में नैतिक मूल्यों पर एक आवधिक व्याख्यान का आयोजन किया। यह व्याख्यान भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद (आईसीपीआर) के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विंग कमांडर डॉ. अनिल तिवारी ने कहा कि भारतीय दर्शन का मंत्र नैतिकता आधारित मूल्य और पाप व पुण्य की अवधारणा है। उन्होंने कहा कि किसी को किसी भी तरह से नुकसान पहुंचाना पाप और दूसरों की मदद करना पुण्य है। डॉ. प्रदीप कुमार ने एनईपी 2020 से संबंधित भारतीय दर्शन के नैतिक मूल्यों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए बनाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य स्कूल और कॉलेज की शिक्षा को अधिक लचीला, बहु-विषयक और समग्र बनाना है। डॉ. रजनी श्रीवास्तव द्वारा खुशी के लिए शास्त्रीय भारतीय दर्शन की प्रासंगिकता पर बल दिया गया। इस अवसर पर आईएएस डॉ. प्रदीप कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रजनी श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित रहे।

जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े व कंबल

अमृत विचार, लखनऊ : अदिति वर्ल्ड विजन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सोमवार को इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे के आसपास रहने वाले जरूरतमंदों को गर्म कपड़े व कंबल वितरित किए गए। ट्रस्ट की अध्यक्ष नूपुर बनर्जी ने बताया कि ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर पहले लोगों से गर्म कपड़े दान कराए जाते हैं। इसके बाद जरूरतमंद लोगों में वितरित कर दिए जाते हैं। सोमवार को ट्रस्ट के पदाधिकारी चंद्र प्रकाश बाजपेई, सौरभ शर्मा, कंचन और नेहा ने इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे के लेबर अड्डे के मजदूरों और पास की झोपड़ पट्टियों में रहने वाले जरूरतमंदों को कपड़े वितरित किए। साथ ही 11 महिला मजदूरों को कंबल दिए गए।

किचन कलिनरी चैलेंज में प्रतिभागियों ने बनाए व्यंजन

अमृत विचार, लखनऊ : कुर्सी रोड स्थित एनएफसीआई होटल मैनेजमेंट एंड कलिनरी इंस्टीट्यूट में सोमवार को किचन कलिनरी चैलेंज प्रतियोगिता का प्रथम राउंड आयोजित किया गया। एनएफसीआई इंस्टीट्यूट के 15 शाखाओं के विद्यार्थियों के बीच अयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में शेफ डॉ. इज्जत हुसैन बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस मौके पर शेफ अतुल शंकर मिश्रा तथा लखनऊ की जानी मानी फूड ब्लॉगर भुक्कड़ घुमक्कड़ नाम से प्रसिद्ध आकांक्षा ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया और उनके द्वारा बनाए गए व्यंजन को खा कर नंबर दिए। इनके द्वारा जज किए हुए प्रतिभागी 25 जनवरी को होने वाली राउंड-दो की प्रतियोगिता में हिस्सा करेंगे। प्रतियोगिता का अंतिम राउंड जालंधर में अयोजित किया जाएगा। इस मौके पर प्रबन्ध निदेशक एकता श्रीवास्तव, शाखा प्रबंधक नवज्योत, क्षेत्रीय प्रबंधक सुनील कुमार तथा एनएफसीआई लखनऊ की टीम उपस्थित रही।

प्रतियोगिता के दौरान किचन कलिनरी चैलेंज के प्रतिभागी व निर्णायक मंडल के सदस्य।

कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान मौजूद समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के सदस्य।

समाचार पत्र वितरकों को बांटे कंबल

अमृत विचार, लखनऊ : लायंस क्लब और लखनऊ समस्त डिपो समाचार पत्र वितरक सेवा समिति की ओर से सोमवार को चारबाग डिपो पर समाचार पत्र वितरकों को कंबल वितरित किए गए। चारबाग डिपो के अध्यक्ष छोटे लाल यादव ने बताया कि समाचार पत्र वितरक कड़ाके की ठंड में भी साइकिल से घर-घर अखबार पहुंचाने का काम करते हैं। यह भी समाज की एक कड़ी है और संचार तंत्र के प्रमुख माध्यम हैं। कार्यक्रम के दौरान सरवन चौधरी, मुरारी यादव, छोटे लाल यादव, अनिल यादव, राजू पाल, जगदंबा प्रसाद, बलिंदर सिंह सहिज सैकड़ों वितरक मौजूद रहे।

मकर संक्रांति पर हुआ खिचड़ी भोज, जुटे लोग

राधाकृष्ण मंदिर में आयोजित खिचड़ी भोज में सांसद डॉ. दिनेश शर्मा और व्यापारी हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मकर संक्रांति पर्व पर सोमवार को नादान महल रोड स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्य सभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा और बड़ी संख्या में व्यापारियों ने प्रसाद ग्रहण किया। अपराह्न एक बजे शुरू हुआ यह खिचड़ी भोज देर शाम तक चला।

इस मौके पर सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन से लोग एकजुट होते हैं। परस्पर स्नेह बढ़ता है। साथ ही जरूरतमंदों को प्रसाद मिलता है। कार्यक्रम के आयोजक मंडल में अनुज कुमार गुप्ता लालू, यहियागंज व्यापार मंडल के पदाधिकारी नीरज गुप्ता, पटाखा एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश मिश्र, पार्षद राजीव वाजपेयी, पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रजनीश गुप्ता बाबी, मुकेश कुमार गुप्ता, गोपीनाथ गुप्ता, भगवान दास गुप्ता, इशांक गुप्ता समेत बड़ी संख्या में व्यापारियों ने खिचड़ी भोज का प्रसाद ग्रहण किया।

मकर संक्रांति पर्व पर नादान महल रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित खिचड़ी भोज के दौरान मौजूद राज्य सभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा और व्यापारी।

सर्व समाज व्यापार मंडल ने आयोजित किया खिचड़ी भोज

अमृत विचार, लखनऊ : सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल की गनेशगंज अमीनाबाद रोड इकाई ने अध्यक्ष तस्लीम कुरैशी के संयोजन में मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी भोज और लोहड़ी कार्यक्रम का आयोजन न्यू गणेशगंज स्थित सूर्या मार्केट में किया गया। खिचड़ी भोज में उप महापौर गिरीश गुप्ता, सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता इमरान खान, संरक्षक चन्द्रदेव तिवारी, प्रदीप गुलाटी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष यश सिंह, उपाध्यक्ष अभय अग्रवाल, अजीम कुरैशी, अज्जू भाई, प्यारे मियां, जफर सलीम, महामंत्री संजय चौरसिया, कोषाध्यक्ष हरप्रीत सिंह, संगठन मंत्री सूर्या जायसवाल, मंत्री सचिन अग्रवाल, रामा निवास पप्पू और विधि सलाहकार अशोक सुखवानी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

परमानंद हरिहर मंदिर में बांटे कंबल

अमृत विचार, लखनऊ : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में सत्य सनातन नारी शक्ति द्वारा सोमवार को देवा रोड स्थित स्वप्नलोक कालोनी के परमानंद हरिहर मंदिर में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। साथ ही असहाय व्यक्तियों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण किया। यह जानकारी सपना गोयल ने दी। उन्होंने बताया कि 10 मार्च को गोमती तट स्थित झूलेलाल वाटिका में एक साथ 5,000 महिलाएं सुंदरकांड का पाठ करेंगी। उन्होंने लोगों को इस धार्मिक कार्य में उपस्थित रहने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक मंगलवार को अपने घर के पास मंदिर में सुंदरकांड का पाठ अवश्य करें।

आवश्यकता

ब्रजराज सहोदरा महाविद्यालय

पूरे पहाड़ सिंह विशेषरगंज, अमेठी में स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत- प्राचार्य- 1 पद, स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, प्राचीन इतिहास, गृह विज्ञान, राजनीतिशास्त्र विषय में प्रवक्ता प्रत्येक में 2 पद।

योग्यता एवं वेतनमान यूजीसी एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 10 कार्यदिवस के अंदर अपने समस्त अंकपत्रों व प्रमाणपत्रों की दो प्रतियां एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ आवेदन करें।

प्रबंधक
मो0- 9450186107

धनवंतरी सेवा संस्थान ने किया खिचड़ी भोज का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : मकर संक्रांति के अवसर पर धनवंतरी सेवा संस्थान की ओर से खिचड़ी प्रसाद का आयोजन किया गया। यह आयोजन संकट मोचन आरोग्य मंदिर एवं डॉ. सतीश चंद्र राय रैन बसेरा के परिसर में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक संजय कुमार, पूर्व प्रांत प्रचारक एवं अखिल भारतीय संगठन मंत्री इतिहास संकलन समिति उपस्थित हुए। संक्रांति पर्व पर काफी संख्या में चिकित्सा विश्वविद्यालय के चिकित्सक उपस्थित हुए, जिसमें मुख्य रूप से डॉ. विजय कुमार, डॉ. बृजेश मिश्रा, डॉ. दिव्या नारायण, डॉ. वीरेन, डॉ. जेडी रावत, डॉ. विजय कुमार समेत काफी संख्या में कर्मचारी शामिल रहे।

लखनऊ विश्वविद्यालय से अयोध्या जा रहे आचार्य श्यामलेश तिवारी को तिलक लगाकर व अंगवस्त्र भेंट कर विदा करते एबीवीपी के पदाधिकारी व अन्य।

आचार्य को तिलक लगाकर विदा किया अयोध्या

अमृत विचार, लखनऊ : 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के आचार्य श्यामलेश तिवारी शामिल होने जा रहे हैं। आचार्य श्यामलेश तिवारी के अयोध्या प्रस्थान से पूर्व एबीवीपी की विवि इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा लविवि गेट पर तिलक-चंदन लगाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर विदा किया गया। लखनऊ विवि के इकाई अध्यक्ष जयव्रत राय ने कहा कि हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में लखनऊ विवि के संस्कृत के आचार्य श्यामलेश तिवारी को शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर विवि प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रो. अनित्य गौरव, जिला संयोजक विक्रान्त प्रताप सिंह, जिला संगठन मन्त्री भूपेन्द्र सिंह, महानगर मीडिया संयोजक विकास तिवारी, लखनऊ विवि द्वितीय परिसर अध्यक्ष अनुराग भट्ट, इकाई मन्त्री जतिन शुक्ला, शिवाली मिश्रा, साक्षी सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

डॉ. अमरजीत यादव को अवार्ड देते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

डॉ. अमरजीत को मिला राइजिंग स्टार अवार्ड

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के सहायक आचार्य एवं कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव को राइजिंग स्टार कम्युनिकेशन द्वारा आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा राइजिंग स्टार अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। डॉ. यादव को यह सम्मान योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। डॉ. अमरजीत द्वारा शासन की योग सम्बन्धित गतिविधियों की स्थापना एवं संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है। आयुष विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा गठित योग की विभिन्न समितियों में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

कार्यालय-अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग, लखनऊ

पत्रांकः 1943/ई0ई0(एच0क्यु0)/2023-24
दिनांकः 15/01/2024

अति अल्पकालिक निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 23/01/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के केश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 23/01/2024 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 23/01/2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या-52, कन्हैय्या माधवपुर-1 मे श्री केशव के घर के निकट नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00
2. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या-87, गोलागंज वार्ड मे बारुदखाना, गोलागंज मे नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00
3. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या-18, सरोजनीनगर द्वितीय मे छठ पूजा स्थल बहावा तालाब मे नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00

अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

सही राह दिखाती है श्रीमद्भागवत गीता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **पं. आदित्य द्विवेदी के लिखित ग्रंथ गीता भावामृत का डॉ. दिनेश शर्मा ने किया लोकार्पण**

अमृत विचार : पं. आदित्य द्विवेदी द्वारा लिखित ग्रंथ गीता भावामृत का सोमवार को ऐशबाग स्थित तुलसी शोध संस्थान में राज्यसभा सांसद और पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने लोकार्पण किया। इस मौके पर डॉ. शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता जीवन जीने की सही राह दिखाती है। गीता में लिखी बातें जीवन में उतार ली जाएं तो व्यक्ति को हर क्षेत्र में सफलता मिलती है।

उन्होंने कहा कि पं. आदित्य द्विवेदी ने गीता भावामृत की रचना कर गागर में सागर भरने का काम किया है। समाज को इसी तरह की पुस्तकों की जरूरत है। इसके जरिये समाज को सही दिशा मिल सकती है। गीता भावामृत का लोकार्पण डॉ. दिनेश शर्मा के साथ नोएडा के विधायक पंकज सिंह, लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा, प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित और डॉ. दिनेश चन्द्र अवस्थी ने किया।

विधायक नीरज बोरा ने कहा कि इस ग्रंथ का भावानुवाद घनाक्षरी छंदों में किया गया है। यह बहुत लोकप्रिय विधा है। विधायक पंकज सिंह ने कहा कि यह अद्वितीय ग्रंथ है। गीता के भावानुवाद से हर व्यक्ति इसके मर्म को जान सकेगा। डॉ. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा कि यह गीता के काव्यमयी भावों का अमृत है। अमर नाथ ने गीता की प्रासंगिकता को रेखांकित किया।

गीता का भावानुवाद करने वाले पं. आदित्य द्विवेदी ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता में वर्णित सम्पूर्ण 18 अध्याय के सात सौ श्लोकों के भाव को साधारण भाषा में काव्य शैली में लिखने में सिर्फ 18 दिन का समय लगा। कम पढ़े लिखे लोग भी इसे आसानी से समझ सकेंगे।

कार्यक्रम में कमलेश शर्मा (इटावा) को संत तुलसी सम्मान और कल्पना शुक्ला (दिल्ली) को रमनलाल अग्रवाल सम्मान से सम्मानित किया गया। गायकों ने गीता भावामृत की संगीतमय प्रस्तुतियां दीं। बाद में यहां सर्वेश अस्थाना और डॉ. अशोक अज्ञानी के संयुक्त संचालन में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें कल्पना शुक्ला, कमलेश शर्मा, शोभा दीक्षित और कुमार तरल ने अपनी रचनाएं सुनाई। इस मौके पर हरीश चन्द्र अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल और मयंक रंजन भी मौजूद रहे।

एकेटीयू के 18 छात्रों को मिला रोजगार

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि के संबद्ध संस्थानों के 18 छात्रों का कैंपस चयन हुआ। निजी कंपनी द्वारा इन छात्रा को कई राउंड की चयन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। एकेटीयू में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से डीन प्रोफेसर अरूणिमा वर्मा के नेतृत्व में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इसमें विवि से संबद्ध कॉलेज के छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस कैंपस प्लेसमेंट में एमबीए के छात्रों का चयन सेल्स एग्जिक्यूटिव के पद पर हुआ। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि चयनित छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट कराया जा रहा है।

दीपोत्सव कार्यक्रम आज

अमृत विचार, लखनऊ : मकर संक्रांति के अवसर पर भारतीय नमन पार्टी की ओर से सोमवार को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए मंगलवार को दीपोत्सव कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। यह कार्यक्रम दारूलशफा के हनुमान मंदिर के पास 501 दीयों को जलाकर किया जायेगा। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महादेव सिंह ने दी।

सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Call : 9415780280
M/S MAA GAYATRI SOLAR
Solar Solutions.....
We Deals In : HAVELLS adani MICROTEK LUMINOUS
सरकार द्वारा मिल रही सब्सडी का लाभ
सोलर पैनल की 25% वर्ष की वारंटी
घरेलू बिजली बिल में 85% कटौती
4 से 5 वर्ष में 100% मूल धन रिटर्न
4/755, Vibhav Khand, Gomti Nagar, (Near Amity Old Campus) Lucknow

एक नजर

सुशील प्रताप सिंह बने एलडीए के संयुक्त सचिव

अमृत विचार, लखनऊ : पीसीएस अफसर सुशील प्रताप सिंह को शासन ने लखनऊ विकास प्राधिकरण में संयुक्त सचिव पद पर नियुक्त किया है। उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने सोमवार को गोमती नगर स्थित प्राधिकरण कार्यालय में उन्हें पद की जिम्मेदारी सौंपी। उपाध्यक्ष ने अधिकारियों के बीच कार्य विभाजन किया है। सुशील सिंह प्राधिकरण की योजनाओं में व्यावसायिक, संस्थागत, प्लॉटिंग, रो-हाउस व औद्योगिक क्रियाओं से सम्बन्धित निर्माण कार्य देखेंगे।

आरटीओ कार्यालय पहुंचे डीटीसी जोन

अमृत विचार, लखनऊ : डीटीसी जोन लखनऊ सुरेंद्र कुमार सोमवार को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ कार्यालय पहुंचे। यहां पर उन्होंने सारथी भवन के साथ कार्यालय का निरीक्षण किया और यहां चल रहे सभी कार्यों को देखा। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी को लेकर उन्होंने अधिकारियों को हमेशा अलर्ट रहने के निर्देश दिए। साथ ही शासन से जितने भी वाहनों की मांग की गई है, उसे भी जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए

एनबीआरआई संस्थान में 20 से लगेगी पुष्प प्रदर्शनी

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। 20 जनवरी से शुरू होनी वाली प्रदर्शनी दो दिनों तक चलेगी। इसमें गुलाब और ग्लैडियोलस की प्रजातियों का प्रदर्शन होगा। प्रतिभागियों को पुरस्कारों के साथ विशेषज्ञ जानकारियां भी प्रदान करेंगे। सीएसआईआर और एनबीआरआई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में देश भर के वैज्ञानिक भी प्रतिभाग करेंगे।

सीमा पर हर स्थिति से निपटने में सेना सक्षम : सेनाध्यक्ष

76वां सेना दिवस : लखनऊ छावनी के 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में पहली बार मनाया गया सेना दिवस

- छह मार्चिंग टुकड़ियों व सैन्य बैंड की धुनों के बीच हुई परेड
- थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने की परेड की समीक्षा, सैनिकों को दिए मेडल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सीमा पर हमारी सेना हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार और सक्षम है। पश्चिमी सीमाओं पर जम्मू और कश्मीर के हालात भी नियंत्रण में हैं, लेकिन पिछले कुछ महीनों में राजोरी-पुंछ और पीर पंजाल के दक्षिणी क्षेत्रों में आतंकवादी हरकतों में वृद्धि देखी गई हैं। घुसपैठ के प्रयासों से यह स्पष्ट है कि सीमा पार आतंकी ढांचा अभी भी बरकरार है। घुसपैठ की हर कोशिश को हमारी सेना द्वारा पूरी सतर्कता के साथ विफल किया जा रहा है। ये बातें सोमवार को लखनऊ छावनी के 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में आयोजित 76वें सेना दिवस में थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने कहीं।

थल सेना ने लखनऊ में पहली बार सेना दिवस मनाया। स्मृतिका युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि समारोह के साथ सेना दिवस समारोह की शुरुआत हुई। सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे की मौजूदगी में भव्य परेड हुई। परेड में छह मार्चिंग टुकड़िओं और एक सैन्य बैंड शामिल हुआ। परेड की शोभा विभिन्न रेजिमेंटल केंद्रों से छह रेजिमेंटल ब्रास बैंड और चार पाइप बैंड ने बढ़ाई। संयुक्त बैंड की कमान सूबेदार मेजर राजेंद्र सिंह ने संभाली। जबकि परेड में शामिल मार्चिंग टुकड़ियों की कमांडिंग ब्रिगेडियर नवदीप सिंह, मेजर जनरल सलिल सिंह, लेफ्टिनेंट ऐश्वर्या एजी व लेफ्टिनेंट सागर शर्मा ने की। मार्चिंग टुकड़ियों ने सलामी दी। इनके साथ कदम से कदम मिलाकर पैरा कमांडो चले। भारतीय सेना के करीब 500 जवान इस भव्य परेड का हिस्सा बने। अंत में उन्होंने परेड की समीक्षा की। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने 15 वीरता पुरस्कार और 23 यूनिट प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के प्रमुख जनरल करिअप्पा और रक्षा बलों के सम्मान में हर साल सेना दिवस मनाया जाता है। अपनी क्षमता का विकास करने के लिए हमने कई ठोस कदम उठाएं हैं और हाल में आपातकालीन प्रावधानों के जरिए कई आधुनिक उपकरणों की आपूर्ति की है। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और अन्य वरिष्ठ सैन्य कर्मी उपस्थित थे।

11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में आयोजित 76वें सेना दिवस के कार्यक्रम में प्रस्तुति देते सैन्य बैंड के सदस्य। अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान जवानों का शौर्य प्रदर्शन देखते थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे।

11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में परेड निकालते सेना के जवान। अमृत विचार

जवानों के युद्धाभ्यास ने किया मंत्र मुग्ध

परेड के बाद सैनिकों ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। शुरुआत डेयर डेविल्स ने की। इसमें शामिल 35 मोटरसाइकिलों से जवानों ने एक के बाद एक कई हैरतअंगेज करतब दिखाए। किसी ने हाथ छोड़कर बाइक चलाई तो किसी ने खड़े होकर स्टंट किया। सीट सिटिंग बैलेंस, एरोहेड फॉर्मेशन, कॉर्नर क्रॉस, क्रिस क्रॉस, इनर आउटर सर्कल, सिंगल सिजर क्रॉस, टैंक बैलेंस जैसे स्टंट करके दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। आर्मी एविएशन हेलीकॉप्टरों द्वारा फ्लाई पास्ट किया गया। इस दौरान दुश्मनों से लड़ने के लिए सैनिक हेलीकॉप्टर से नीचे कूदे तो दूसरी तरफ एक पैरा मोटर टीम के जवानों ने आसमान से नीचे उतरकर शौर्य प्रदर्शन किया।

इन्हें मिला सेना मेडल

मेजर उमेश शर्मा, मेजर संतोष कुमार, मेजर वंशय कपूर, कैप्टन कार्तिकेय चमोली, कैप्टन सिद्धार्थ शेखर शुक्ला, हवलदार गुरुप्रीत सिंह, नायक खेमचंद्र, गनर रामालिंगम के, सिपाही दिनेश मुर्मू, एसडब्ल्यूआर रवी शर्मा को सेना मेडल मिला। वहीं, सूबेदार प्रभु सिंह के मरणोपरांत उनकी पत्नी सुमन देवी, लांस नायक निशाल सिंह की पत्नी रमनदीप कौर, सिपाही संतोष यादव की पत्नी धर्मशिला देवी व सिपाही चव्हाण रोमित तानाजी की माता वैशाली को सेना मेडल दिया गया।

इन टुकड़ियों ने बढ़ाई शोभा

- 50 (स्वतंत्र) पैरा ब्रिगेड
- सिख लाइट रेजिमेंटल सेंटर
- जाट रेजिमेंटल सेंटर
- गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर
- बंगाल इंजीनियर ग्रुप सेंटर
- आर्मी एयर डिफेंस (एएडी) सेंटर

परेड के दौरान शौर्य प्रदर्शन करते पैरा कमांडो। अमृत विचार

मोटर साइकिल पर करतबबाजी दिखाते जवान। अमृत विचार

परेड के दौरान कदमताल करते सैनिक। अमृत विचार



आसमान में कलाबाजी दिखाते फाइटर प्लेन व हेलीकॉप्टर। अमृत विचार

सैन्य उपकरण बने आकर्षण का केन्द्र

लखनऊ : सूर्या खेल परिसर में युद्ध प्रदर्शन के दौरान आकाश मिसाइलें छोड़ी गईं। साथ ही के9 वज्र, बोफोर्स, बंदूकें, तोपखाने हथियार आदि के धमाकों से परिसर गूंजता रहा। एंटी-ड्रोन उपकरण आकर्षण का केंद्र रहे। सेना के जवानों द्वारा 8 हजार फीट की ऊंचाई से युद्ध मुक्त गिरावट को अंजाम दिया गया। तो एसयू-30 एमकेआई, सूर्य किरण एरोबेटिक टीम और एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टरों ने आसमान को रोशन किया।

आसमान से कूदे पैरा कमांडो, दुश्मनों को किया ढेर

- शौर्य संध्या पर सूर्या खेल परिसर में दुश्मनों का खात्मा करने 30 हजार फिट से नीचे उतरे जवान
- बाइकों से करतब दिखाकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को किया सैल्यूट

कार्यालय संवाददात, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय सेना के पैरा कमांडो ने सूर्या खेल परिसर में सोमवार को युद्ध प्रदर्शन कर दुश्मनों को धूल चटाई। प्रदर्शन में दो देशों के बीच हुए युद्ध में एक शहर को दुश्मनों के हमले से बचाया। हेलीकॉप्टर में उड़ रहे पैरा कमांडो ने एडवांस लाइटों से दुश्मनों को टारगेट कर निशाना लगाया और वहीं फाइटर प्लेन में उड़ रहे 10 पैरा कमांडो 30 हजार फिट की ऊंचाई से 200 किमी की रफ्तार से नीचे कूदे।

सैनिकों ने एक-एक करके चार हजार फिट की ऊंचाई से पैराशूट खोले और नीचे उतर कर कई जोन में बंट गए। दूसरी टीम ने नौ ड्रोन से क्षेत्र की निगरानी की और दुश्मनों की हरकतों को भांपकर कमांडो को जानकारी दी और साहसी प्रदर्शन कर दुश्मनों को ढेर कर दिया।

दूसरी तरफ, शत्रु मुख्यालय में भारतीय सेना ने घुसपैठ की। इसकी भनक लगने पर दुश्मन कमांडर के आदेश पर घेराबंदी की गई। इसे तोड़ते हुए पैरा कमांडो पहले माउंटेन बाइकर दस्ता से पहुंचे और मुख्यालय को आगे से घेर लिया। इसके बाद हेलीकॉप्टर से उतरे कमांडो ने दुश्मनों को गोलियों से ढेर कर दिया। मुख्यालय का दरवाजा तोड़ते हुए अंदर पहुंचे और वहां छिपे दुश्मनों पर हमला किया। इस दौरान दुश्मनों के वाहन गोलीबारी से उड़ा दिए। मुख्यालय के पीछे पानी की टंकी पर भी एक दुश्मन निगेहबानी करते दिखाई दिया, जिसे प्लेन से टंकी समेत उड़ा दिया। वहीं, मुख्यालय के अंदर छिपा दुश्मन कमांडर भागा तो सेना के जाबांज डॉग ने दौड़ाकर धर दबोचा। इस बीच कमांडो ने दुश्मन कमांडो को सुरक्षित पकड़ लिया और रस्सी के सहारे हेलीकॉप्टर से ले गए। इसके बाद रिमोट से दुश्मन का मुख्यालय उड़ा दिया। इस लड़ाई में सेना के जवान घायल हुए जिन्हें तत्काल चीता हेलीकॉप्टर से उपचार के लिए ले जाया गया। इस युद्ध में तीन सुखोई भी आसमान में गरजते रहे। बीच-बीच में लोग तालियों से सैनिकों का उत्साह बढ़ाते रहे। प्लेन से सेना दिवस व शौर्य संध्या का संदेश देते हुए प्लेन से फूलों की बारिश की गई। इसके अलावा मार्शल आर्ट, कराटे, पैराशूट, भांगड़ा, घुड़सवार, डेयर डेविल्स बाइकर ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रहे। जिन्हें डेयर डेविल्स का नेतृत्व कर रहीं लेफ्टिनेंट डिंपल सिंह भाटी ने बाइक पर खड़े होकर सैल्यूट किया। कार्यक्रम में थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य उपस्थित रहे।

पैराशूट के माध्यम से नीचे उतरता जवान। अमृत विचार

आग के गोले के बीच से मोटर साइकिल निकालता जवान।

चलती मोटरसाइकिल पर करतब दिखाते सेना के जवान।

सेना पदक से सम्मानित किए गए कैप्टन कार्तिकेय पत्नी नम्रता के साथ। अमृत विचार

बहादुरी के लिए सेना पदक से नवाजे गए कैप्टन कार्तिकेय

अमृत विचार, बरेली: जम्मू कश्मीर के पुलवामा में सर्च आपरेशन के दौरान तीन खूंखार आतंकवादियों को मार गिराने में साहस का परिचय देने वाले कैप्टन कार्तिकेय को सेना पदक से नवाजा गया है। भव्य समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में उन्हें यह सम्मान चीफ आर्मी स्टाफ ने दिया है।

कैप्टन कार्तिकेय चमोली सिविल लाइंस बरेली निवासी संजीव खुराना के भतीजी दामाद हैं और दिल्ली में रह रहे हैं। उनके बड़े भाई की बेटी नम्रता की शादी दो माह पूर्व कार्तिकेय के साथ हुई थी। दामाद को शौर्य, बहादुरी व अदम्य साहस के लिए सम्मान मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है। कालोनी के लोग भी बधाई देने आ रहे हैं।

केजीएमयू के लिंब सेंटर में हुआ खिचड़ी भोज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मकर संक्रांति के अवसर पर सम्राट विक्रमादित्य सेवा संस्थान की ओर से सोमवार को केजीएमयू के लिंब सेंटर में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।

इस मौके पर कैंपस के डीएमएस एवं पीएमआर विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल गुप्ता, ऑर्थोपेडिक विभाग के अध्यक्ष डॉ.आशीष कुमार, केजीएमयू के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीके ओझा, डॉ. सूर्यकांत,डॉ. विजय कुमार, डॉ. विजय कुमार, डॉ. अनित परिहार, डॉ. दिलीप डॉ. अजय पटवा, डॉ. नरेंद्र अग्रवाल अरुण कुमार सिंह, बलराम श्रीवास्तव ,फरहा, शैलेंद्र, डॉ. अतुल मिश्रा,प्रियांशु पांडेय, यश और डॉ. संजय गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

गलत ऑपरेशन करने पर लगा जुर्माना

- लेप्रोस्कोपिक विधि से करना था ऑपरेशन लगा दिया चीरा
- मरीज को भगाने पर उपभोक्ता आयोग ने की सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एक निजी चिकित्सक ने परामर्श के मुताबिक महिला के पेट का ऑपरेशन लेप्रोस्कोपिक विधि की बजाय चीरा लगाकर कर दिया और टांके लगाने के बाद बाहर निकाल दिया। दूसरे अस्पताल में भर्ती कराने पर लाखों रुपये ले लिए। इसके बाद भी मौत हो गई। इस मामले पर राज्य उपभोक्ता आयोग ने दोनों चिकित्सकों को दोषी पाते हुए ब्याज समेत रकम अदा करने का आदेश दिया गया।

संजय कुमार निवासी नगला धीमर थाना बागवाला जिला एटा ने बताया कि पत्नी को पेट में दर्द होने पर 12 अगस्त 2014 को मोहम्मद चौराहा स्थित डॉ. कौशिक जैन के कान्तीर नर्सिंग होम में भर्ती कराया। डॉ. कौशिक ने गाल ब्लैरडर में पथरी बताकर लैप्रोस्कोपपिक विधि से निकालनी की सलाह देकर 15 रुपये लिए। इसके बाद भी चीरा लगाकर ऑपरेशन कर दिया। आपरेशन थिएटर से बाहर आकर पत्नी को अस्पताल में इलाज न होने की बात कही और स्टाफ की मदद से बाहर निकाल दिया। न तो पर्चा दिया न ही रसीद दी। इस पर वह पत्नी को गंभीर हालत में डॉ. राम शंकर के वेदान्त हास्पिटल कमला नगर आगरा ले गए। वहां 1.80 लाख रुपये इलाज के नाम पर लिए लेकिन मृत्यु हो गई। इस मामले की राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य राजेन्द्र सिंह व विकास सक्सेना ने सुनवाई की। कहा कि जब लैप्रोस्कोपिक विधि से ऑपरेशन की बात कही तो तब पेट में चीरा लगाने का कोई औचित्य नहीं था। चिकित्सकों ने इसका स्पष्टीकरण भी नहीं दिया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के दिशा निर्देश के उल्लंघन पर दोनों चिकित्सकों को प्रतिकर के रूप में 2.90 लाख रुपये अदा करने का आदेश दिया। एक माह के अन्दर रुपये न देने पर 7 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज समेत देना होगा। साथ ही मानसिक व शारीरिक कष्ट के दो हजार व वाद व्याय के 500 रुपये देने होंगे।

बुरा हाल लारी कार्डियोलॉजी, ट्रॉमा सेंटर और शताब्दी में नहीं मिला बुजुर्ग को इलाज

उखड़ रही थी सांस, परिजन लगा रहे थे अस्पतालों के चक्कर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बुजुर्ग पिता की सांस उखड़ रहीं थी। साथ ही सीने में भी दर्द हो रहा था। इलाज के लिए चार दिनों से सरकारी अस्पताल और संस्थानों के चक्कर लगा रही हूं।

आर्थिक स्थिति इतनी खराब है कि निजी अस्पताल भी नहीं जा सकते। ऐसे में इलाज के अभाव में पिता की सांसे उखड़ते देखने के लिए लाचार हूं। कुछ ऐसे ही शब्द अपने बीमार पिता को लेकर सोमवार को खदरा से बलरामपुर अस्पताल आई हबीबा के थे। वह, ओपीडी में चिकित्सकों से इलाज के लिए मिन्नतें कर रही थी। लेकिन उसे वापस केजीएमयू ले जाने की सलाह दी गई। हालांकि मामला अस्पताल के सीएमएस के संज्ञान में आने के बाद उसे इमरजेंसी में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।

सीतापुर रोड स्थित खदरा निवासी गुलाम मुस्तफा (58) की तबियत बिगड़ने पर चार दिन पहले स्थानीय क्लीनिक पर दिखाया गया था। गुलाम के हार्ट में दर्द होने के साथ सांस लेने में भी तकलीफ हो रही थी। बेटी हबीबा ने बताया कि डॉक्टर ने हार्ट सम्बंधित समस्या बताते हुए केजीएमयू के लारी कार्डियोलॉजी ले जाने की बात कही। शुक्रवार को लारी जाने पर चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मरीज को ट्रॉमा सेंटर में दिखाने को कहा। ट्रॉमा में दिखाने पर डॉक्टरों ने सांस संबंधित समस्या बताते हुए शताब्दी अस्पताल रेफर कर दिया। शनिवार को शताब्दी जाने के बाद डॉक्टरों ने जरूरी जांचें कीं और कहा कि इन्हें कोई गंभीर समस्या नहीं है। लिहाजा बलरामपुर अस्पताल में दिखवा लें। सोमवार को परिजन मरीज को लेकर बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में पहुंचे। यहां डॉ. प्रवीण वर्मा ने मरीज को देखा और हालात गंभीर बताते हुए वापस केजीएमयू जाने को कहा। हताश परिजन मरीज को केजीएमयू न ले जाकर बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंच गए। यहां वह भर्ती के लिए काफी देर तक जद्दोजहद करते रहे। मामला सीएमएस डॉ.अतुल मेहरोत्रा के संज्ञान में आया। तब जाकर शाम करीब चार बजे उसे इमरजेंसी में भर्ती किया जा सका।

- सीएमएस बलरामपुर के हस्तक्षेप के बाद मिला इलाज

> मरीज के बारे में जानकारी मिली थी। परिजन काफी परेशान थे। उसे भर्ती कर इलाज शुरू करवा दिया गया है।
>
> **-डॉ. अतुल मेहरोत्रा,** सीएमएस, बलरामपुर अस्पताल

अवध बस अड्डा जल्द संवारा जाएगा

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या रोड स्थित अवध बस स्टेशन को राममय किया जा रहा है। अयोध्या रूट पर होने की वजह से कमता स्थित अवध बस अड्डे पर लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ हो रही है। इसी के चलते इसका जीर्णोद्धार किया जाना है। यहां पर यात्री सुविधाओं को बढ़ाया जाना है। यात्रियों के बैठने के लिये सीटों की संख्या बढ़ाई जाएगी। क्षतिग्रस्त प्लेटफार्मों को ठीक किया जाएगा। बस अड्डे पर राम, सीता सहित लक्ष्मण, हनुमान की कलाकृतियां भी लगाए जाने की तैयारी की है। ऐसे में यहां पर एलईडी के जरिये समय-सारिणी का प्रदर्शन होगा। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि काम शुरू करा दिया गया है। प्राण प्रतिष्ठा के पहले सारी व्यवस्थाएं ठीक करा ली जाएंगी।

लोकबंधु अस्पताल में मिलेगा नैट से परखा हुआ खून

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आशियाना स्थित लोकबंधु अस्पताल में मरीजों को न्यूक्लिक एसिड टेस्ट (नैट) से परखा हुआ खून मिलेगा। इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) को प्रस्ताव भेज दिया है। अधिकारियों ने जल्द ही नैट परखा खून मरीजों को मुहैया कराने की उम्मीद जताई है।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी का कहना है कि एनएचएम को प्रस्ताव भेज दिया गया है। जल्द ही प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि लोकबंधु से खून के नमूने जांच के लिए लोहिया संस्थान भेजे जाएंगे। जांच रिपोर्ट के आधार पर मरीजों को खून जारी किया जाएगा। कम दिनों का संक्रमण पकड़ा जा सकेगा डॉ. अजय शंकर का कहना है कि नैट जांच में कम दिनों का संक्रमण पकड़ना आसान होगा। अभी हेपेटाइटिस, बी, सी, एचआईआईवी, सिफलिस समेत अन्य प्रकार की जांच एलाइजा किट से हो रही है। अब नैट तकनीक से जांच होगी। इसमें कम दिनों का संक्रमण भी आसानी से पकड़ा जा सकेगा।

एक नजर

25 हजार का इनामी गिरफ्तार

अमृत विचार, ठाकुरगंज : गोकशी के मामले में डेढ़ वर्ष से फरार चल रहे आसीवन, उन्नाव के नकटाखेड़ा गांव निवासी सरपंच उर्फ रफीक को ठाकुरगंज पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित था। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक, सरपंच पिछले कई सालों से गोकशी कर रहा है। साथियों से साथ मिलकर कई जिलों में कार व अन्य वाहनों की मदद से तस्करी करता था। डेढ़ वर्ष पहले कैटिल कालोनी हरिनगर इलाके से पुलिस ने गिरोह को पकड़ा, लेकिन सरपंच मौका पाकर फरार हो गया था। उसकी तलाश में टीम लगाई गई। काफी समय तक न मिलने पर आरोपी पर इनाम घोषित किया गया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सोमवार गुलाला घाट बंधा रोड से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। सरपंच पर हत्या, मारपीट और गोकशी समेत अन्य मुकदमें दर्ज हैं।

कुत्ते ने दो दर्जन लोगों को काटा

अमृत विचार, मोहनलालगंज : कोतवाली क्षेत्र के डेहवा गांव में पागल कुत्ते ने करीब दो दर्जन लोगों को काट कर जख्मी कर दिया। इस दौरान लोगो ने उसे खदेड़ा तो पड़ोस के गांव में भी कई लोगो को जख्मी कर दिया। अंततः ग्रामीणों ने देर रात उसे मार डाला। जानकारी के मुताबिक डेहवा गांव मे रविवार को एक कुत्ता पहले जानवरो को काटने लगा। उसके बाद गांव वालों को दौड़ा दौड़ा कर काटने लगा। इस दौरान गांव के जलसाई दीन, शंकर, शत्तो, बुधना, अर्चना, पुताई व इनकी पत्नी, अरविंद साहू, भुल्लू, अयोध्या प्रसाद, विजय लोधी, शिवा सहित करीब दो दर्जन लोगों को काट लिया। डेहवा और नेवलखेड़ा में दहशत का माहौल बन गया। देर रात जानवरों को काटने से नाराज ग्रामीणों ने घेर कर उसे मार डाला।

अनियंत्रित वाहन ने युवक को रौंदा, मौके पर ही मौत

सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत, एक घायल, मोहनलालगंज और निगोहां से सामने आए मामले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सोमवार दोपहर अनियंत्रित वाहन ने कैमूर (20) को रौंद लिया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं, निगोंहा कस्बे में रायबरेली रोड पर रविवार रात रामू (35) की बाइक में तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में रामू की मौत हो गई। जबकि दोस्त मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने परिजनों को जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, कैंट में मरी माता मंदिर के पास रविवार देर रात घने कोहरे के कारण कानपुर के कपड़ा व्यापारी राहुल सचदेवा कार समेत पुल से नीचे जा गिरे। सूचना मिलते ही दमकलकर्मियों ने उन्हें बाहर निकाल फौरन सिविल अस्पताल पहुंचाया।

निगोहां में हुए हादसे में युवक की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

मोहनलालगंज प्रभारी निरीक्षक अलोक राव के मुताबिक, मूलरूप से उत्तराखंड के हरिद्वार घोसीपुरा निवासी कैमूर पीजीआई के बंगालीखेड़ा में सपरिवार रहता था। सोमवार दोपहर 3.30 बजे वह हरिकंशगढ़ी के पास सड़क पार कर रहा था। तभी अनियंत्रित वाहन ने उसे रौंद दिया। घटनास्थल पर ही कैमूर ने दम तोड़ दिया। शिनाख्त के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, निगोंहा थानाक्षेत्र अन्तर्गत रायबरेली रोड पर रविवार देर रात एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में रायबरेली बछरावां निवासी रामू की मौत हो गई। जबकि दोस्त मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल, मृतक के परिजनों ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर पिकप चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

कोहरे के चलते 20 फीट गहरे गड्ढे में गिरी व्यापारी की कार

कैंट स्थित मरी माता मंदिर के पास रविवार देर रात घने कोहरे के कारण कानपुर के कपड़ा व्यापारी राहुल सचदेवा कार समेत पुल से बीस फीट गहरे गड्ढे गिर पड़े। ऊंचाई से गिरने पर कार का गेट जाम हो गया और वह भीतर फंस गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड जवानों ने कार के गेट का लॉक तोड़ कर व्यापारी को बाहर निकाला। पुलिस ने सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

मकान मालिक पर हमला कर चोर फरार

अमृत विचार, काकोरी: पारा थानाक्षेत्र अन्तर्गत नरपतखेड़ा में एक मकान में घुसे चोर मकान मालिक पर हमलाकर भाग निकले। पीड़ित ने सम्बन्धित थाने में तहरीर देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

सन सिटी नरपतखेड़ा निवासी रोहित मौर्य निवासी के मुताबिक, गत 11 जनवरी की रात करीब पौने ग्यारह बजे उनके मकान में कुछ लोग चोरी करने की नियत से घुसे थे। पीड़ित के शोर मचाने पर चोरों ने उन पर धारदार हथियार से हमला किया। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखें करीब 40 हजार की नकदी समेत लाखों की ज्वैलरी पार कर दी।

कूड़े के ढेर पर मिला युवक का शव, हड़कंप

संवाददाता, बख्शी का तालाब

अमृत विचार : बीकेटी थानाक्षेत्र अन्तर्गत लखनऊ-सीतापुर राजमार्ग पर सोमवार को इंदौराबाग मोड़ के समीप कूड़े के ढेर पर नग्न अवस्था में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ के बाद शिनाख्त का प्रयास किया। बावजूद इसके पहचान नहीं हो सकी। उसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज पड़ोसी जिले और अन्य थानों में मृतक की फोटोग्राफ प्रेषित कर दी है।

घटना स्थल पर जांच करती फॉरेंसिक टीम। अमृत विचार

- हत्या के बाद हाइवे किनारे शव को फेंके जाने की आशंका
- मृतक की शिनाख्त में जुटी बीकेटी पुलिस

बीकेटी प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह के मुताबिक, सीतापुर हाईवे पर इंदौराबाग मोड़ से पचास कदमों की दूरी पर कूड़े के ढेर पर शव मिलने की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम पर प्राप्त हुई थी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को नग्न अवस्था में पाया। इस दौरान ग्रामीणों को कहना है कि युवक की हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए कूड़े के ढेर पर फेंक दिया गया है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। इस दौरान पुलिस ने शिनाख्त किए जाने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। हालांकि, देर शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया। जिस वजह से विसरा सुरक्षित रख लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है घटनास्थल के आसपास कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है। शिनाख्त के लिए पड़ोसी जिले और शहर के अन्य थानों में मृतक की फोटोग्राफ प्रेषित कर दी गई है।

सार-संक्षेप

पुष्प गुच्छ देकर राकेश टिकैत का स्वागत करते किसान नेता। अमृत विचार

राकेश टिकैत का निगोहां में हुआ स्वागत

अमृत विचार, निगोहां : प्रयागराज जा रहे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का सोमवार को निगोहां कस्बे में अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान निगोहां व आसपास के गावों के काफी संख्या में किसान ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान किसान नेता रानू सिंह, विनीत आशीष जयसवाल, मनीष जायसवाल, सोनू मिश्रा, किशोर कुमार, रामपाल सरस्वती मिश्रा हुबराजा, बब्लू, रामपति, शांति समेत काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहें।

वितरित किए गए कंबलों के साथ मौजूद स्थानीय लोग। अमृत विचार

जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

अमृत विचार, निगोहां : बाबू सुंदर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस परिसर में मकर संक्रांति के अवसर पर इकोहर्ब एवं हेल्पेज इंडिया के सहयोग से कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे बुजुर्ग, विधवा, गरीब असहाय एक हजार जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष आनंद शेखर सिंह, उपाध्यक्ष रीना सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुरुआत मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान आर आर यादव, बिन्नू सिंह, ललित सिंह, नीरज सिंह, संस्थान के निदेशक डॉ. आलोक कुमार शुक्ला एवं उप निदेशक अनिल कुमार सिंह उपस्थित रहे।

ब्लॉक प्रमुख ने किया सड़क का उद्घाटन

अमृत विचार, निगोहां : विकसित भारत भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में लोगों को जानकारी दी, जिसमे भाजपा पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सोमवार को निगोहां क्षेत्र के बरवलिया और कुशमौरा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई जिसमे मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल (विंधेश्वरी) ने मौजूद ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। वहीं कुसमौरा में 180 मीटर इण्टर लॉकिंग रोड का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल द्वारा फीता काट कर किया गया। उक्त कार्यक्रमो में मंडल अध्यक्ष निगोहा दीपू बाजपेई, मंडल महामंत्री अंजनी शुक्ला, एससी मोर्चा के जिला मंत्री हंसराज रावत, प्रधान प्रतिनिधि दीपक कुमार, प्रधान बरवलिया त्रिवेणी प्रसाद, बीडीसी मनोज कश्यप व प्रभु दयाल, वीरेंद्र अवस्थी, श्रीधर अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद साहू सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थिति रहे।

अभ्यांश जीते युवक कांग्रेस प्रदेश महासचिव का चुनाव

अमृत विचार, लखनऊ : लगभग दो महीने के लंबे इंतजार के बाद रविवार की देर रात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा उत्तर प्रदेश युवक कांग्रेस(मध्य क्षेत्र) के संगठनात्मक चुनाव के विभिन्न पदों के चुनाव परिणाम घोषित किए गए जिसमें लखनऊ के अभ्यांश सिन्हा द्वारा प्रदेश महासचिव पद पर बड़े अन्तर से जीत दर्ज की गई उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रायबरेली के राघवेन्द्र तिवारी को 1300 मतों से पराजित किया। अभ्यांश सिन्हा को कुल 3698 जबकि राघवेन्द्र को 2400 वोट मिले।

दवा लेकर लौट रहीं तीन युवतियों से छेड़खानी

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, क्षेत्र के रहने वाले एक पीड़ित ने बताया कि रविवार शाम उनकी भतीजियां कल्ली पश्चिम के माती से दवा लेकर घर लौट रहीं थी। आरोप है कि रास्ते में एक बाग के समीप चार मनचलों ने उनका पीछा कर रोक लिया। इसके बाद मनचले अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर मनचले तीनों बहनों को जान से मारने की धमकी देने लगे। इसी बीच ग्रामीण मनचलों की तरफ दौड़े तब वह घटनास्थल से भाग निकले। घर लौटी बेटियों ने परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजनों ने सम्बन्धित थाने में लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।

दंपति को लात-घूसों से पीटा

संवाददाता, लखनऊ/गोसाईंगंज

- पुलिस ने पांच नामजद और 18 अज्ञात पर दर्ज की प्राथमिकी

अमृत विचार : सुशांतगोल्फ सिटी थानाक्षेत्र अन्तर्गत बक्कास में स्कूल खाली कराए जाने के विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर एक दंपति को बुरी तरह से पीटा। विरोध करने पर आरोपी धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। पीड़ित की लिखित शिकायत पर पुलिस ने पांच नामजद और 18 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र के मुताबिक बक्कास गांव निवासी राकेश कुमार ने सौनाई कंजेहरा गांव के रहने वाले अजय रावत को स्कूल चलाने हेतु जमीन किराये पर दिया। आरोप है कब्जा करने की नियत से आरोपी ने किराया देना कर दिया। इस पर पीड़ित ने स्कूल पर अपना ताला जड़ दिया। बावजूद इसके आरोपी उनकी जमीन कब्जाने की कोशिश करता रहा। आरोप है कि शनिवार रात करीब 12 बजे आरोपी योजनाबद्ध तरीके से साथियों को लेकर उनके घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। दरवाजा खोलने पर आरोपी घर में घुस आए। फिर तोड़फोड़ कर पीड़ित और उसकी पत्नी से मारपीट करने लगे। घर की गृहस्थी भी नष्ट कर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर अजय रावत, अजय रावत की पत्नी, नरेश, हरिराम और दीपक समेत 18 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की है।

दबंगों ने युवक को पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कार सवारों की सड़क पर दिखी दबंगई

अमृत विचार : पीजीआई थानाक्षेत्र अन्तर्गत वृंदावन योजना के समीप लगे जाम पर बाइक हटाने के विवाद में दबंगों ने एक युवक को लात-घूंसों से पीटा। विरोध करने पर आरोपी बाइक सवार को धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आठ अज्ञात दबंगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, मोहनलालगंज के गांव कुबहरा निवासी ऋषिकांत ने आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि रविवार शाम वृंदावन योजना स्थित नहर से वह बाइक लेकर घर की तरफ जा रहा था। इसी बीच रास्ते में जाम लग गया। आरोप है कि पीछे से स्कार्पियो सवार आठ अज्ञात लोग उतरे और बाइक जबरन हटाने लगे। विरोध किए जाने पर दबंगों ने पीड़ित को सड़क पर लात-घूसों से पीटना शुरू कर दिया। पीड़ित ने बताया कि वह किसी तरह वहां से बच निकला लेकिन आरोपी उसका पीछा करने लगे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर दबंगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

महिला समेत तीन से लाखों की धोखाधड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मड़ियांव, आलमबाग और पारा से सामने आए ठगी के मामले
- आईटी एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज

अमृत विचार : साइबर अपराधियों ने महिला समेत तीन लोगों को झांसा देकर उनके खाते से रकम निकाल ली। ठगे जाने पर पीड़ितों ने साइबर अपराधियों के खिलाफ मड़ियांव, आलमबाग और पारा थाने में लिखित शिकायत देते आईटी एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। फिलहाल, साइबर क्राइम सेल की मदद से पुलिस जांच करने जुटी है।

मड़ियांव कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत केशवनगर निवासी अर्चना वर्मा ने बीती 3 जनवरी को ई-कॉमर्स साइट की मदद से जैकेट खरीदा था। जैकेट पंसद न आने

पर पीड़िता ने गूगल सर्च की मदद से ई-कॉमर्स साइट का नंबर पर बात की। जिसके बाद फोनकर्ता ने समस्या का समाधान करने का झांसा देते हुए वाट्सएप पर लिंक भेजा। महिला ने उस लिंक में खाते से सम्बन्धित जानकारी साझा कर दी। जिसके बाद उसके खाते से तीन मदों में 1.56 लाख रुपये कट गए। वहीं, आलमबाग ओमनगर निवासी दीप्ती शर्मा ने बताया कि उनके वाट्सएप नंबर पर जालसाज ने घर बैठे कमाई किए जाने का झांसा देते हुए मैसेज भेजा। बहकावे में आकर पीड़िता ने कई मदों में 65 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। बावजूद इसके पीड़िता कमीशन नहीं मिला तो उसने रुपयों की मांग की। इस पर उसका नंबर ब्लॉक कर दिया गया। वहीं, पारा के रहने वाले अरविन्द कुमार सोनी ने बताया कि जालसाजों ने उसके खाते से 69 हजार रुपये निकल लिए। मोबाइल पर रूपयों की निकासी का मैसेज आने पर उसे साइबर ठगी की जानकारी हुई।

कारोबारी ने परिचितों पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : अमीनाबाद प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार आजाद के मुताबिक, आलमबाग कोतवाली क्षेत्र के स्नेहनगर निवासी राजेश कुमार ने परिचित गीता कपूर, संदीप कपूर, मोनू कपूर, शिवम कपूर, सिमरनपुरी और जितेन्द्र कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि परिचितों ने उसने व्यापार में घाटा और बेटी की शादी में रूपयों की आवश्यकता बताते हुए 70 .80 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित का कहना है कि परिचितों ने तय समय पर रूपया वापस नहीं किया। दबाव दिए जाने पर परिचितों ने उन्हें चेक दी, जो बाउन्स हो गई। दबाव दिए जाने पर परिचित पीड़ित को धमकाने लगे। ठगी की एहसास होने पर पीड़ित ने अमीनाबाद थाने में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

दबंगई | नोटिस मिलने से नाराज महिला ने शाखा प्रबन्धक को दी धमकी

लोन की नोटिस मिलने पर बैंककर्मियों से अभद्रता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विकासनगर थानाक्षेत्र अन्तर्गत यूनियन बैंक का मामला
- पुलिस ने महिला पर एफआईआर दर्ज कर शुरू की जांच

अमृत विचार : विकासनगर थाने में यूनियन बैंक शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक एससी देव ने महिला के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्रबन्धक का कहना है कि लिए गए ऋण की नोटिस मिलने से नाराज महिला बैंक कर्मचारियों से बदसलूकी कर उन्हें फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी दी। फिलहाल, पुलिस गहनता से मामले की जांच में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक विपिन सिंह के मुताबिक यूनियन बैंक शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक एससी देव ने अलीगंज थानाक्षेत्र अन्तर्गत मड़ियांव निवासी वैष्णवी गुप्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

लिखित शिकायत में शाखा प्रबन्धक ने बताया कि सितम्बर 2022 में वैष्णवी गुप्ता ने व्यवसाय करने के लिए के लिए दो लाख रुपये का ऋण लिया था। अक्टूबर 2022 को वैष्णवी ने दो लाख का डिमांड ड्राफ्ट मेसर्स गणपति फैशन के नाम से जारी कर दिया। बैंककर्मियों ने डीडी की रिसिविंग

भी दे दी थी। बताया कि बैंककर्मियों ने मेसर्स गणपति फैशन के प्रबंधक राहुल से फोन करके पूछा कि क्या उन्हें डीडी प्राप्त हो गया है तो उन्होंने डीडी प्राप्त होने की स्वीकृति दी। उसके थोड़े ही दिन बाद उक्त डीडी मेसर्स गणपति के खाते में क्रेडिट हो गई।

मेसर्स गणपति फैशन की डिमांड ड्राफ्ट जारी करने के थोड़े दिन बाद वैष्णवी गुप्ता बैंक पहुंचकर आरोप लगाने लगीं कि बैंककर्मियों ने बिना उसकी सहमति के मेसर्स गणपति को डीडी जारी कर दिया और वह बैंक की कोई भी किस्त अदा नहीं करेगी।

जबकि शाखा प्रबन्धक का कहना है कि महिला को ओवरड्यू की नोटिस प्रेषित किया गया। इस दौरान महिला ने स्वीकृत ऋण की ओवर ड्यू की किस्त देने से साफ मना कर दिया। विरोध करने पर महिला ने बैंक वरिष्ठ प्रबन्धक को फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

एक नजर

स्पोर्ट्स कॉलेज और एलडीए क्लब में भिड़ंत आज

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ फुटबॉल एसोसिएशन की देखरेख में छठा हेमवती नंदन बहुगुणा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट मंगलवार से खेला जाएगा। चौक स्टेडियम पर होने वाले इस मुकाबले में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। नॉकआउट आधार पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के मैदान पर स्पोर्ट्स कॉलेज और एलडीए क्लब के बीच खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन एमएलसी भाजपा रामचंद्र सिंह करेंगे।

यूपी हॉकी टीम का चयन ट्रायल 18 को

अमृत विचार, लखनऊ : केडी सिंह बाबू मेमोरियल सोसाइटी लखनऊ की देखरेख में 34वीं अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू सब जूनियर अंडर-13 बालक हॉकी प्रतियोगिता 26 जनवरी से दो फरवरी तक खेली जाएगी। इसमें हिस्सा लेने वाली उत्तर प्रदेश हॉकी टीम के गठन को चयन ट्रायल 18 जनवरी को चंद्र भानगुप्त खेल मैदान पर आयोजित किया जायेगा। 14 वर्ष से कम आयु के वर्ग के खिलाड़ी इस चयन ट्रायल में शामिल होने को प्रशिक्षक कुलदीप मौर्य से संपर्क कर सकते हैं।

जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप कल से

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ जिला एथलेटिक्स संघ की देखरेख में आगामी 17 और 18 जनवरी को अंडर 14 व 16 (बालक और बालिका) जिला चैंपियनशिप का आयोजन किया जायेगा। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव बीआर वरुण ने बताया कि केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित होने वाली चैंपियनशिप में एंट्री स्टेडियम में ली जाएगी। इसी चैंपियनशिप के आधार पर गुजरात के अहमदाबाद में 16 से 18 फरवरी तक आयोजित होने वाली नेशनल जूनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप के लिए टीम चुनी जायेगी।

कार्यकर्ताओं के दम पर खड़ी है पार्टी : राजनाथ

वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम में रक्षा मंत्री बोले- जहां आप बैठे हैं, वहीं से उठकर मैं गया हूं...

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : वरिष्ठ कार्यकर्ता और प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा आज कार्यकर्ताओं के दम पर ही खड़ी है। जहां आप बैठे हैं, वहीं से उठकर मैं गया हूं। मैं भी संगठन में जिला अध्यक्ष के पद से लेकर विभिन्न पदों पर रहा हूं।

सोमवार को भाजपा लखनऊ महानगर की ओर से आईएमआरटी बिजनेस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने कहा कि व्यक्ति अपनी जड़ों को भूल जाएगा या कट जाएगा तो क्या खड़ा रह पाएगा। मैं जानता हूं कि यदि मैं आपसे कट जाऊंगा तो मेरा अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा। प्रत्यक्ष रूप से भले ही आपसे भेंट न हो पाए, लेकिन मन से और भावनात्मक रूप से मैं सदैव अपने कार्यकर्ताओं के साथ जुड़ा हूं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मेले में काफी लोगों को निशुल्क इलाज मिलता है। अगली बार से प्रयास किया जाएगा कि स्वास्थ्य मेले का आयोजन और बड़े स्तर पर हो ताकि जरूरतमंद लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिले।

संवाद के दौरान कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याओं से रक्षा मंत्री को अवगत कराया। हरशरण लाल गुप्ता ने विधानसभा स्तर पर ऐसे कार्यक्रम करने की मांग की, जहां वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत रूप से अपनी बात करने का मौका मिले। इस दौरान गोपाल अग्रवाल ने सीलिंग व्यवस्था में राहत दिए जाने के लिए आभार जताया। भारत भूषण ने कहा कि रक्षा मंत्री ने व्यापारियों की समस्या का निदान समय-समय पर किया। संदीप अग्रवाल ने व्यापारियों की सुविधा के लिए चौक में मेट्रो स्टेशन की मांग की। रक्षा मंत्री ने मकर संक्रांति के अवसर पर कार्यकर्ताओं के साथ खिचड़ी भोज किया।

कार्यक्रम में मेयर सुषमा खर्कवाल, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, एमएलसी मुकेश शर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष मनोहर सिंह, रमेश तूफानी, दिवाकर त्रिपाठी राघवेंद्र शुक्ला उपस्थित रहे।

आईएमआरटी बिजनेस स्कूल में आयोजित वरिष्ठ कार्यकर्ता और प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम में मंचासीन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, साथ में अन्य। अमृत विचार

इस बार भी फरवरी में लगेगा रोजगार मेला

रक्षा मंत्री ने कहा कि रोजगार मेला इस बार भी फरवरी में लगेगा। आप लोगों ने बताया कि पिछली बार के रोजगार मेले में पांच हजार युवाओं को रोजगार मिला था। उन्होंने कहा कि लखनऊ में जो विकास हुआ, यह सबके प्रयास से ही संभव है। यह लखनऊ के लोगों का भाग्य था, परमात्मा की इच्छा थी तो सभी को ओवरब्रिज और बड़ी संख्या में सड़कें मिलीं।

लखनऊ में बनेगी ब्रह्मोस मिसाइल

लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल बनेगी.. ऐसी कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी, लेकिन अब दुनिया के दूसरे देशों को ब्रह्मोस मिसाइल का एक्सपोर्ट होगा। आप देखिएगा उससे कितने लोगों को रोजगार मिलेगा। 2026-27 तक ब्रह्मोस मिसाइल का उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है।

रक्षा मंत्री ने इंडिया आईटी मॉल डॉट कॉम किया लांच

अमृत विचार, लखनऊ : व्यापारी स्नेह मिलन कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इंडिया आईटी मॉल डॉट कॉम को लांच किया। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया आईटी एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेश रस्तोगी ने बताया कि इसके माध्यम से व्यापारी अपनी वस्तुओं की बिक्री कर सकता है। व्यापारियों को सुविधा देने के लिए इसे लांच किया गया है। व्यापारी दुकान पर बैठकर आईटी मॉल डॉट कॉम पर भी अपने कारोबार का विस्तार कर सकते हैं। दूसरी ओर नगर व्यापार मंडल के महामंत्री योगेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2017-2018 और 2018-2019 में व्यापारियों को भेजी गई जीएसटी की नोटिस निरस्त करने की मांग रक्षा मंत्री से की गई।

यूपी हैंडबाल टीम को कांस्य पदक

46वीं राष्ट्रीय जूनियर बालक हैंडबॉल चैंपियनशिप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश जूनियर बालक हैंडबॉल टीम ने करौली (राजस्थान) में आयोजित 46वीं राष्ट्रीय जूनियर बालक हैंडबॉल चैंपियनशिप में कांस्य पदक अपने नाम किया। गत 9 से 13 जनवरी तक आयोजित इस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम को आंध्र प्रदेश के साथ संयुक्त कांस्य पदक मिला।

उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय ने इस अवसर पर पदक विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जूनियर बालक हैंडबॉल टीम ने चार साल बाद राष्ट्रीय चैंपियनशिप में यह कामयाबी हासिल की। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने टीम के प्रशिक्षक लखनऊ के मो. तौहीद की सराहना की। चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश को सेमीफाइनल में राजस्थान ने 41-36 से मात दी थी। इससे पहले उत्तर प्रदेश ने क्वार्टर फाइनल में दिल्ली टीम को मात दी थी, जबकि उत्तर प्रदेश ने प्री क्वार्टर में तेलंगाना को हराया था। उत्तर प्रदेश ने इस चैंपियनशिप में लीग दौर में जम्मू-कश्मीर, मुंबई हैंडबॉल अकादमी और मध्य प्रदेश के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

कांस्य पदक जीतने वाली उत्तर प्रदेश की हैंडबाल टीम। अमृत विचार

यूपी के खिलाफ कर्नाटक की स्थिति मजबूत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अनीश केवी (204 गेंदों पर 119 रन) और स्मरन (174 गेंदों पर 100 रन) की शतकीय पारियों के दम पर कर्नाटक ने यूपी के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी के तहत अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक कर्नाटक ने 7 विकेट खोकर 320 रन बना लिए। पहले दिन कर्नाटक ने दो विकेट पर 126 रन बनाए थे। इसके आगे का खेल मंगलवार को खेला गया। यूपी के गेंदबाज दूसरे दिन कोई खास प्रदर्शन नहीं कर सके। बताते चलें कि कोहरे के चलते दृश्यता के अभाव में आज मुकाबला तकरीबन डेढ़ घंटे की देरी से शुरू हो सका। सोमवार को कर्नाटक के अनीश और स्मरन ने आगे खेलना शुरू किया और स्कोर को 235 रनों तक पहुंचाया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 164 रन की साझेदारी हुई। कप्तान स्मरन 174 गेंदों पर 13 चौके और 2 छक्के की मदद से 100 रन की शतकीय पारी खेली। इसके बाद अभी कर्नाटक के स्कोर में 20 रन ही और जुड़े थे कि तभी टीम के दूसरे शतकवीर अनीश आउट हो गए। कुनाल की गेंद पर अनीश विकेट कीपर आदित्य को कैच थमा बैठे। अनीश ने 204 गेंदों पर 10 चौके और 2 छक्कों की मदद से 119 रन की शतकीय पारी खेली। इसके बाद कर्नाटक के अगले तीन विकेट 50 रन के भीतर गिर गए।

दीपांजलि हारीं, वर्तिका बनीं चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

द्वितीय सीसीबीडब्ल्यू शतरंज प्रिंसेस टूर्नामेंट

अमृत विचार : वर्तिका आर. वर्मा ने द्वितीय सीसीबीडब्ल्यू शतरंज प्रिंसेस 2024 में शानदार प्रदर्शन के साथ सर्वाधिक सात अंक जुटाते हुए विजेता ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।

चेस क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्ल्यू-लखनऊ) की देखरेख में शहर के एक निजी होटल में महिला खिलाड़ियों के लिए आयोजित इस टूर्नामेंट के सातवें व अंतिम राउंड में वर्तिका ने दीपांजलि मेहरोत्रा को रूक-बिशप एंडगेम में मात देकर पूरे अंक हासिल किए। उनसे एक अंक से पिछड़ी दीपांजलि मेहरोत्रा अन्य सभी गेम जीतकर छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। दक्षा सिंह, पूजा कश्यप व अनुपमा खरे के चार-चार अंक रहे, लेकिन टाईब्रेक स्कोर के चलते दक्षा तीसरे स्थान पर रही, जबकि पूजा व अनुपमा क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान मिला।

इस अवसर पर विशेष अतिथि करामत गर्ल्स की प्रधानाचार्या उज्मा सिद्दीकी-किदवई (2021 और 2023 में यूपी सरकार जिला शिक्षक पुरस्कार विजेता) और प्रो. रोशियो पेरेज (मेक्सिको सिटी शिक्षाविद्, भारत-मैक्सिकन सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने वाली स्पेनिश प्रोफेसर) ने पुरस्कार वितरित किए।

डिंपल यादव के जन्मदिन पर किया पूजा-पाठ

अमृत विचार, लखनऊ : सांसद डिंपल यादव के जन्मदिन पर बाबा भोलेनाथ भवरेश्वर मंदिर में पूजा-पाठ का आयोजन हुआ और उनके दीर्घायु की कामना की गई। समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला प्रवक्ता रमेश सिंह रवि के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचकर केक काटा गया। बाद में सभी लोग चारबाग पहुंचे। यहां निर्धन परिवार, अस्पताल और अनाथालयों में फल एवं मिठाई का वितरण किया गया।

डिंपल यादव के जन्मदिन पर भवरेश्वर मंदिर में उनकी दीर्घायु की कामना करते सपा कार्यकर्ता।

आईडीसीए फर्स्ट टी-10 महिला डेफ प्रीमियर लीग की उपविजेता उप्र. की टीम।

यूपी टीम रही उप विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

मूक-बधिर महिला क्रिकेट टीम ने टी-10 महिला डेफ प्रीमियर लीग में हासिल किया गौरव

अमृत विचार : उप्र. की मूक-बधिर महिला क्रिकेट टीम ने मुंबई के पुलिस जिमखाना क्रिकेट ग्राउंड पर गत 8 से 11 जनवरी तक आयोजित हुई आईडीसीए फर्स्ट टी-10 महिला डेफ प्रीमियर लीग में उप विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन, नई दिल्ली की देखरेख में आयोजित इस प्रतियोगिता की उप विजेता रही यूपी वॉरियर्स को 50 हजार रुपये की इनामी राशि प्रदान की गई। यूपी टीम की कप्तान प्रतिमा थीं। बेस्ट विकेट कीपर खुशी और दीप्ति मौर्या को बेस्ट बॉलर के पुरस्कार के तौर पर 5-5 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। फाइनल में तेलंगाना ईगल्स ने यूपी वारियर्स को पांच विकेट से हराया। यूपी वारियर्स ने 10 ओवर में 6 विकेट पर 54 रन बनाए। जवाब में तेलंगाना ईगल्स ने निर्धारित ओवर में 5 विकेट पर 57 रन बनाकर खिताब जीत लिया।

अरुणाभ फाउंडेशन और पुरसेनी बने चैंपियन

अमृत विचार, निगोहां : निगोहां के दखिना शेखपुर टोल प्लाजा के निकट खेले गये स्व. बालकृष्ण द्विवेदी स्मारक दो दिवसीय चतुर्थ वॉलीबाल प्रतियोगिता में अरुणाभ फाउंडेशन ने चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। फाइनल में अटल क्रीड़ा स्थल लखनऊ और अरुणाभ फाउंडेशन के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में अरुणाभ फाउंडेशन ने अटल क्रीड़ा स्थल को हरा कर ट्रॉफी अपने नाम की। ग्रामीण स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के फाइनल में पुरसेनी ने दमदार प्रदर्शन कर खिताबी जीत दर्ज की। पुरसेनी ने फाइनल में अरुणाभ फाउंडेशन बी को शिकस्त देकर जीत हासिल की। इस जिला एवं ग्रामीण स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन अरुणाभ फाउंडेशन की देखरेख में किया गया। विभिन्न जनपदों की 10 टीमों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। विजेता टीमों अरुणाभ फाउंडेशन और पुरसेनी को 21-21 हजार रुपए देकर सम्मानित किया गया। उपजेता टीमों को 15-15 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया।

युवाओं के लिए कार्यशाला 18 को

अमृत विचार, लखनऊ : वेब सीरीज, म्यूजिक एल्बम और फिल्मों में काम करने का अवसर दिलाने के लिए युवाओं को थियेटर एवं फिल्म वेल्फेयर एसोसिएशन आगामी 18 जनवरी को सिनेमाटिक चैलेंजेज सल्यूशन एंड प्री प्रोडक्शन वर्कशाप का आयोजन करेगा। एसोसिएशन के सचिव दबीर सिद्दीकी ने बताया कि उत्तर प्रदेश से नये लड़के-लड़कियों का ऑडिशन के माध्यम से चयन कर उन्हें वेब सीरीज, म्यूजिक एल्बम और फिल्मों में काम करने का अवसर हमारी थिएटर एंड फिल्म वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा दिया जा रहा है।

डीवाईए, शाकुंभरी, स्पोर्ट्स क्लब और पैंथर्स अकादमी ने जीते मुकाबले

अमृत विचार, लखनऊ : प्रथम एमएल मिश्रा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में सोमवार को डीवाईए, शाकुंभरी क्रिकेट क्लब, इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब और पैंथर्स क्रिकेट अकादमी ने अपने-अपने मुकाबले जीत लिए। डीजीआई क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में डीवाईए ने फोरेंसिस क्रिकेट क्लब को 15 रनों से हरा दिया। डीवाईए के 237 रनों के जवाब में फोरेंसिस की टीम 7 विकेट पर 222 रन ही जोड़ सकी। डीवाईए के सौमिल दास ने आतिशी पारी खेली, उन्होंने 115 रन बनाए। दूसरे मैच में शाकुंभरी क्लब ने चैंपियंस लीग क्रिकेट क्लब को 115 रनों से हराया। एक अन्य मैच में इंटरनेशनल क्लब ने ज्योति क्रिकेट क्लब को 7 विकेट से शिकस्त दी। पैंथर्स क्रिकेट अकादमी ने पैरामाउंट क्रिकेट क्लब को 9 विकेट से हराकर पूरे अंक बटोरे।

अंतिम विदाई — नमाज-ए-जनाजा में जावेद अख्तर समेत हजारों लोग हुए शामिल

मशहूर शायर मुनव्वर राना सुपुर्द-ए-खाक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अपनी शायरी के जरिये हमेशा जिंदा रहेंगे मुनव्वर राना : जावेद अख्तर

अपनी लेखनी के जरिये मुनव्वर राना ने लोगों को जगाने का काम किया : अखिलेश यादव

अमृत विचार : मशहूर शायर मुनव्वर राना को ऐशबाग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-ख़ाक कर दिया गया। सोमवार दोपहर 1 बजे उनके पार्थिव शरीर को नदवा कॉलेज लाया गया। जहां उनकी नमाज-ए-जनाजा में हजारों लोगों ने शिरकत की। अपने घर से आखिरी सफर पर निकले मुनव्वर राना को कंधा देने पहुंचे मशहूर शायर और स्क्रिप्ट लेखक जावेद अख्तर ने कहा कि मुनव्वर राना ने जिस किस्म की शायरी को अपनी पहचान बनाया वह बहुत मुश्किल काम है। अपनी शायरी के जरिये वह हमेशा याद रखे जाएंगे।

मुनव्वर राना के घर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि अपनी लेखनी के जरिये उन्होंने लोगों को जगाने का काम किया। समाज ने एक ऐसे शायर को खोया दिया जो स्पष्ट बोलने वाला था। ऐशबाग कब्रिस्तान में जब मुनव्वर राना को सुपुर्द-ए-खाक किया गया, उस समय वहां विधायक रविदास मेहरोत्रा, कांग्रेस नेता अमीर हैदर, शायर मलिक जादा जावेद, चरण सिंह बशर, मोहम्मद अली साहिल, मौलाना शफीक हुसैन शफक, डॉ. तारिक कमर समेत बड़ी संख्या में शायर, लेखक, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाइक ने बहुत भावुक शब्दों में लिखा है कि मैं शायद एकमात्र संघी था, जिसे मुनव्वर राना दिल से चाहते थे। उनका स्नेह मैं कभी भूल नहीं पाऊंगा। राम नाइक ने याद किया कि जून 2017 में मुनव्वर राना पीजीआई में भर्ती थे और मैं उन्हें देखने चला गया, उसके बाद मुनव्वर राना ने लिखा कि राजनीति में राम नाइक जैसे सौ-दो सौ लोग पैदा हो जाएं तो इस देश में दवा और अन्न के बगैर मरने वालों की संख्या न के बराबर हो जाए। भारत-पाकिस्तान बंटवारे के समय मुनव्वर राना के बहुत से रिश्तेदार देश छोड़कर चले गए, लेकिन उस दौरान सांप्रदायिक तनाव के बावजूद मुनव्वर राना के पिता ने देश को न छोड़ने का फैसला किया। मुनव्वर राना ने बाद में बंटवारे में जो मुहाजिरनामा लिखा, उसे देश में बहुत सम्मान से पढ़ा जाता है। मुनव्वर राना की शायरी का कई भाषाओं में अनुवाद हुआ है। मुनव्वर राना की एक दर्जन से ज्यादा पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। जिनमें मां, गजल गांव, पीपल छांव, बदन सराय, कहो जिल्ले इलाही से, घर अकेला हो गया, सब उसके लिए, नीम के फूल, नये मौसम के फूल, फिर कबीर और बगैर नक्शे का मकान आदि का नाम लिया जा सकता है।

मुनव्वर राना को साहित्य अकादमी सम्मान के अलावा, अमीर खुसरो अवार्ड, कविता का कबीर सम्मान, मीर तकी मीर अवार्ड, ग़ालिब अवार्ड, डॉ. जाकिर हुसैन अवार्ड, सरस्वती समाज अवार्ड, मौलाना अब्दुर रज्जाक मलीहाबादी अवार्ड, सलीम जाफरी अवार्ड, दिलकुश अवार्ड, रईस अमरोहवी अवार्ड, भारती परिषद पुरस्कार, हुमायूं कबीर अवार्ड, बज्मे सुखन अवार्ड, कबीर सम्मान, उस्ताद बिस्मिल्ला खां अवार्ड, मौलाना अबुल हसन नदवी अवार्ड, मीर अवार्ड, अदब अवार्ड, हजरत अल्मास शाह अवार्ड और शहूद आलम आफकुई अवार्ड आदि हासिल हुए।

मशहूर शायर मुनव्वर राना को ऐशबाग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक करने के दौरान मौजूद भीड़।

लखनऊ नगर निगम

3, त्रिलोकनाथ मार्ग, लालबाग, लखनऊ. ई-मेल: nnlko@up.nic.in
ई-टेण्डर पोर्टल: https://etender.up.nic.in

नगर निगम लखनऊ जोन-5 : बड़े बकायेदारों की सूची

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भवन स्वामी/अध्यासी जिनके भवनों पर नगर निगम के गृहकर का बकाया है, और निगम द्वारा नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 504 के अन्तर्गत बिल प्रेषित किया जा चुका है। बिल की अवधि समाप्त होने के उपरान्त बकायेदारों को अधिनियम की धारा 506 के अन्तर्गत मॉंग नोटिस भी प्रेषित की जा चुकी है। काफी प्रयास के बावजूद भी सूची में अंकित बकायेदारों द्वारा गृहकर की बकाया धनराशि निगम कोष में जमा नहीं किया गया है। विचारोपरान्त ऐसे बकायेदारों के विरूद्ध नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 507, 509 व 513 के अन्तर्गत वारन्ट जारी करते हुए चल सम्पत्ति के कुर्की की कार्यवाही की जानी है। कुर्की के दौरान चल सम्पत्ति के रूप में मोटर कार, फ्रिज, ए0सी0, कूलर, टी0वी0, फर्नीचर एवं बैंक खाता आदि भी कुर्क किया जा सकता है। यदि चल सम्पत्ति के कुर्की से बकाये की धनराशि की प्रतिपूर्ति नहीं होगी तो अचल सम्पत्ति को कुर्क किया जायेगा। जो भवन स्वामी/अध्यासी सूची में अंकित निर्धारित तिथि के पूर्व बकाये की धनराशि व रू0 500/- प्रकाशन शुल्क के साथ नगर निगम कोष में जमा कर देंगे, उनके विरूद्ध उत्पीड़न कार्यवाही नहीं की जायेगी।

भवन स्वामी का नाम	भवन संख्या / मोहल्ला	31.03.2024 तक भवन कर ब्याज सहित	कुर्की हेतु प्रस्तावित तिथि
वार्ड - चित्रगुप्त नगर			
श्री सुमिरन	के–520, इन्द्रलोक	139050.00	18.01.2024
श्री नन्दकिशोर गुप्ता	555ग/ए–07/क, जाफर खेड़ा	242421.00	18.01.2024
श्रीमती विजय लक्ष्मी	560–वी/4बी, विजय नगर	108792.00	18.01.2024
बाल्वी	एएनआर/192, आशुतोष नगर	70981.00	18.01.2024
श्री सुखवीर सिंह बाबा	बीएनआर/153, बजरंग नगर	74637.00	18.01.2024
नरवरीया	बीवी/002, भगवती विहार	53827.00	30.01.2024
बंशीधर दुबे	555ख/115, भोला खेड़ा	68913.00	30.01.2024
श्री बद्री नारायण श्रीवास्तव	180, विनय नगर	69954.00	30.01.2024
श्री विजयभान सिंह	048, इन्द्रपुरी	91507.00	30.01.2024
श्रीमती बलविन्दर कौर	555ग/ए–344, जाफर खेड़ा	96122.00	30.01.2024
श्री हरबंश सिंह	555ग/ए–348, जाफर खेड़ा	83940.00	08.02.2024
श्री महेश कुमार बजाज	560/106ए, कृष्णानगर	68736.00	08.02.2024
बद्री नारायण श्रीवास्तव	180, विनय नगर	69954.00	08.02.2024
श्री साबिर अली	555ग/ए–086, जाफर खेड़ा	62367.00	08.02.2024
श्री गुलशन पाल	ए–68, न्यू इन्द्रपुरी	70862.40	08.02.2024
वार्ड - रामजी लाल सरदार पटेल नगर			
अध्यासी राम लाल	शॉप नं0–10सी, सिन्डर्स डम्प योजना	304557.67	19.01.2024
श्री ओम प्रकाश वर्मा	555छ/152, सिंगार नगर	101816.36	19.01.2024
श्री चन्द्रशेखर भण्डारी	555छ/211–सीसी(58सी), सिंगार नगर	145962.00	19.01.2024
मेसर्स कात्याल फर्नीचर	555छ/260, सिंगार नगर	175109.96	19.01.2024
आकाश	551झ/365, हरिहर प्रसाद नगर आंशिक	96319.12	31.01.2024
श्रीमती देवकी रानी सलूजा	551झ/317, हरिहर प्रसाद नगर आंशिक	107088.00	31.01.2024
श्री महेश कुमार प्रजापति	551झ/351/डी, हरिहर प्रसाद नगर आंशिक	145763.00	31.01.2024
गुरूद्वारा एण्ड शॉप	551झ/323–8/एसएन–3, हरिहर प्रसाद नगर आंशिक	76625.00	31.01.2024
वार्ड - सरोजनी नगर प्रथम			
श्री योगेश कुमार वर्मा व अन्य	578/160, गौरी	161798.45	20.01.2024
सोहन होटव व कार वाशिंग	578/सीडब्लू, गौरी	203857.40	20.01.2024
श्री रामजीत सिंह	576/004, गहरू	388168.68	20.01.2024
यूनियन बैंक आफ इंडिया	578/348, गौरी	190136.00	20.01.2024
जय मॉं वैष्णो देवी ट्रेडर्स	576/008, गहरू	146171.00	01.02.2024
श्री रामदास	केएन–3677, गिन्दन खेड़ा	120664.86	01.02.2024
श्री स्वपनिल जुनेजा	केएन–5062, गिन्दन खेड़ा	331533.51	01.02.2024
एल0बी0एल0 हास्पिटल	सीसी/एलबीएल/1, मुरली विहार	132192.00	01.02.2024
वार्ड - सरोजनी नगर द्वितीय			
श्री जगन्नाथ प्रसाद	582/1200, बदाली खेड़ा	85887.70	22.01.2024
श्री ई0ए0 मुनीर	582/1470, बदाली खेड़ा	152986.80	22.01.2024
श्री टीका राम	582/1292, बदाली खेड़ा	184242.02	22.01.2024
श्री सन्तोष त्रिवेदी	582/1439, बदाली खेड़ा	140660.73	22.01.2024
श्री रवि पुत्र राम आसरे	582/1464, बदाली खेड़ा	184375.69	22.01.2024
श्री चन्द्रप्रकाश शुक्ला	582/1465, बदाली खेड़ा	66041.35	02.02.2024
श्रीमती शैल कुमार	582/901, बदाली खेड़ा	79380.00	02.02.2024
मेसर्स पाइनियर प्रेस गोदाम	सी–033, इन्डस्ट्रीयल एरिया	7696080.00	02.02.2024
मेसर्स आशुतोष इन्डस्ट्रीज	एन/012, इन्डस्ट्रीयल एरिया	228312.22	02.02.2024
श्रीमती ज्योति मलिक	बी–015ए, नादरगंज	583142.62	02.02.2024
श्री कृष्णलाल	बी–015, नादरगंज	315844.87	09.02.2024
श्रीमती शमा परवीन	आरवी/केएन–1510, रूस्तम विहार	92581.65	09.02.2024
श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव	582–एस/022, शमा विहार	560599.20	09.02.2024
श्री शमी अहमद मन्सूरी	एसवीसी/086, शमा विहार	98491.68	09.02.2024
श्री धनीराम	एसवीसी/103, शमा विहार	98491.68	09.02.2024
वार्ड - बाबू कुंज बिहारी-ओम नगर			
मो0 रज्जाक	551ग/118(44)डी, पुराना सरदारी खेड़ा	39542.78	23.01.2024
मो0 रज्जाक	551ग/118(44)ई, पुराना सरदारी खेड़ा	27856.17	23.01.2024
श्री यदुनाथ यादव	551क/ओ–235, ओम नगर	46312.56	23.01.2024
श्री सतेन्द्र सिंह बघेल	557/282/02, ओम नगर	33209.01	23.01.2024
श्री साजिद खान व रसीद खान	बीएम–008, ओम नगर	43544.06	03.02.2024
श्री अनिल कुमार आजाद	बीएम–003, ओम नगर	47271.29	03.02.2024
जिला सहकारी बैंक	551क/न्यू, ओम नगर	71018.52	03.02.2024
श्री रामानन्द बाजपेई	551क/ओएम–415, ओम नगर	70509.23	03.02.2024
वार्ड - केसरी खेड़ा			
श्री चन्द्रभान	548घ/186, तेजी खेड़ा	57044.87	24.01.2024
श्री दिलीप कुमार पाण्डेय	548–वी/134, विक्रम नगर	35947.00	24.01.2024
हबीकुर्रहमान	548घ/347, तेजी खेड़ा	49082.00	24.01.2024
श्री वीरेन्द्र कुमार	555ज/103, मेंहदी खेड़ा	106512.00	24.01.2024
श्री कृष्णा	548–वी/374, विक्रम नगर	32463.00	24.01.2024
श्री रामकिशन	555क/ओ–038, ओशो नगर	56059.00	24.01.2024
वार्ड - गुरूनानक नगर			
श्री जगदीश लाल भसीन	552/670, चन्दर नगर	3161148.60	25.01.2024
प्रेम नारायण मिश्रा	551झ/088, हरिहर प्रसाद नगर	256320.77	25.01.2024
श्री सन्तराम, सन्तदीन	551झ/099, हरिहर प्रसाद नगर	893070.40	25.01.2024
श्रीमती वानी देवी व नारायणी देवी	551घ/475, नटखेड़ा	448336.98	25.01.2024
संजीव साहू व राजीव साहू	569क/485, स्नेह नगर	298350.46	25.01.2024
रामदुलारी	569क/536 पीएन–149, स्नेह नगर	249858.83	05.02.2024
श्री आशीष, अशोक, असीम	551झ/067, हरिहर प्रसाद नगर आंशिक	3161148.60	05.02.2024
द्वारा श्री सुरेन्द्र कुमार शुक्ला	569क/542/1, स्नेह नगर	248708.58	05.02.2024
श्री सुमित अरोड़ा	569क/सीसी, स्नेह नगर	2176154.64	05.02.2024
श्रीमती मुन्नी देवी	551छ/118, नया सरदारी खेड़ा	199097.66	05.02.2024
श्री जब्बार अली	558/102, सुन्दर नगर	134540.65	12.02.2024
श्री लालजी	565क/049/3(ओल्ड), अमरूदहीबाग	81856.18	12.02.2024
श्रीमती सत्यदेवी वर्मा	565क/049/4(ओल्ड), अमरूदहीबाग	40271.10	12.02.2024
श्री गणेश कुमार शर्मा	569क/495, स्नेह नगर	42411.33	12.02.2024
वार्ड - गुरूगोविन्द सिंह			
श्रीमती बृज मोहिनी कक्कड व नीना कक्कड़	567/273, आनन्द नगर	240370.00	27.01.2024
श्री के0एल0 श्रीवास्तव,रीता	567/020, आनन्द नगर	142649.00	27.01.2024
नेम	567/162, आनन्द नगर	81207.00	27.01.2024
श्री ओमप्रकाश वर्मा	567/167, आनन्द नगर	261745.00	27.01.2024
श्रीमती सत्यरानी कन्धारी	567/206, आनन्द नगर	26678.00	06.02.2024
आर0 डेनियल पिल्लई	553–ए/151, पटेल नगर	334763.00	06.02.2024
श्री हरीश कुमार कक्कड़	567/272ए, आनन्द नगर	147244.00	06.02.2024
अरोरा फैक्ट्री प्रोडक्ट	553–ए/152, पटेल नगर	620446.00	06.02.2024
वार्ड - गीतापल्ली			
श्री त्रिलोकनाथ शर्मा	551क/जी–265, भिलॉवा	63270.33	29.01.2024
श्रीमती बिटाना देवी	568ख/039, गीतापल्ली	98813.84	29.01.2024
श्री नवल किशोर चौरसिया	568ख/566, गीतापल्ली	87099.17	29.01.2024
श्रीमती कमला सिंह	568/571, गीतापल्ली	90863.74	29.01.2024
श्री जवाहर	566/220, जय प्रकाश नगर	52073.00	29.01.2024
श्रीमती मुन्नी	566/283, जय प्रकाश नगर	53146.80	07.02.2024
श्री राजाराम तिवारी	570/एस–358, सैनिक नगर	383474.00	07.02.2024
श्री अरूण सिंह	568ख/561, गीतापल्ली	443124.48	07.02.2024
श्री अरूण कुमार व सुनील कुमार	566/228, गीतापल्ली	89099.00	07.02.2024
श्री ओमप्रकाश	570/एस–154, सैनिक नगर	51575.28	07.02.2024

नगर आयुक्त, नगर निगम लखनऊ।

एक नजर

पड़ोसी ने घर में घुसकर की बदसलूकी

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा थाने में एक युवती ने पड़ोसी के खिलाफ बदसलूकी किए जाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। गढ़ी चुनौटी निवासी सपना का आरोप है गत 9 जनवरी को वह घर पर अकेली थी। इसी बीच पड़ोसी अनुराग गौतम उसके घर में घुस आया और अपशब्दों का इस्तेमाल कर मारपीट करने लगा। हंगामा बढ़ने पर आरोपी उसे धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकला।

ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी सवार युवती घायल

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर थाने में एक युवक ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिहान्शु श्रीवास्तव ने बताया कि गत 13 जनवरी को बहन रूचि स्कूटी से बाजार की निकली थी। सरवन नगर के पास अज्ञात ट्रैक्टर चालक स्कूटी में टक्कर मार घटनास्थल से भाग निकला। इस दुर्घटना में बहन गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

पांच दिवसीय यूपीआईटेक्स एक्सपो का आयोजन 25 से

अमृत विचार, लखनऊ : पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री उत्तर प्रदेश चैप्टर के तत्वावधान में आगामी 25 से 29 जनवरी तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पांच दिवसीय यूपीआईटेक्स एक्सपो द्वितीय संस्करण का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी यूपी चैप्टर पीएचडीसीसीआई के सह अध्यक्ष राजेश निगम ने पीएचडी हाउस गोमतीनगर में दी। पीएचडी हाउस लखनऊ में यूपीनेडा के अधिकारियों एवं उत्तर प्रदेश के प्रमुख उद्यमियों के साथ एक बैठक और उसके बाद एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम में राजेश निगम ने आगामी कार्यक्रम यूपीआईटेक्स द्वितीय संस्करण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य राज्य में व्यापार और विनिर्माण को गति प्रदान करना और यूपी को सबसे अग्रणी राज्य के रूप में प्रस्तुत करना है।

प्रेमी के संग किशोरी फरार

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर थानाक्षेत्र अन्तर्गत एक गांव से किशोरी (14) प्रेमी के संग फरार हो गई। परिजनों ने बताया कि गत 11 जनवरी को प्रिंस उपाध्याय उनकी बेटी को बहला-फुसला कर अपने संग कही भगा ले गया है। परिजनों ने सम्बन्धित थाने में लिखित शिकायत देते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

बुलेट व ई रिक्शा से बैट्री चोरी

अमृत विचार, आलमबाग : कृष्णानगर कोतवाली के भोलाखेड़ा निवासी धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि 13 जुलाई को वह स्कूल में पैरेंट्स मीटिंग में सम्मलित होने के लिए बुलेट से गए थे। स्कूल के समीप एक पार्क में उन्होंने बुलेट खड़ी कर दी थी। जहां से उनकी बुलेट चोरी हो गई। 6 जनवरी रात चोरों ने सेक्टर-एम निवासी सपना के ई रिक्शा से चोर बैट्री चोरी चुरा ले गए।

22 तक निरस्त रहेंगी अयोध्या रूट की 6 ट्रेनें

बदले मार्ग से चलेंगी 30 ट्रेनें, अयोध्या धाम-अयोध्या कैंट-सलारपुर रेल खंड पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते लिया फैसला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: रेलवे प्रशासन ने अयोध्या रूट की छह और ट्रेनों को निरस्त करने का निर्णय लिया है। साथ ही 30 ट्रेनों को मार्ग बदल कर चलाने की तैयारी की है। इनमें लखनऊ से चलने वाली छह ट्रेनें भी शामिल हैं। यह ट्रेनें 16 जनवरी से 22 जनवरी तक निरस्त रहेंगी। यात्रियों की सुविधा और ट्रेनों के बेहतर परिचालनिक के लिए ट्रेनों को निरस्त किया गया है।

उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल की ओर से अयोध्या धाम-अयोध्या कैंट-सलारपुर रेल खंड पर नॉन इंटरलॉक कार्य के कारण ट्रेनों के

निरस्तीकरण और मार्ग परिवर्तन 22 जनवरी तक लागू रहेगा। यह जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने दी।

वंदे भारत व लखनऊ-अयोध्या पैसेंजर 22 तक निरस्त

अयोध्या कैंट से आनंद विहार नई दिल्ली तक चलने वाली वंदे भारत 22 जनवरी तक निरस्त रहेगी। इससे पहले यह ट्रेन 15 जनवरी यानि सोमवार तक निरस्त थी। मंगलवार से इसका संचालन किया जाना था। लेकिन अपरिहार्य कारणों से इसे निरस्त किया गया है। इसके अलावा 16 जनवरी से 22 जनवरी तक फैजाबाद-लखनऊ पैसेंजर को निरस्त कर दिया गया है। इसके अलावा साकेत एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट ट्रेनों को अयोध्या के बजाय सुल्तानपुर से चलाया जाएगा।

ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन व निरस्तीकरण के चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

ये ट्रेनें रहेंगी निरस्त

- ट्रेन नंबर 12529 पाटलीपुत्र से लखनऊ जंक्शन 19 व 20 जनवरी को
- ट्रेन नंबर 12530 लखनऊ जंक्शन से पाटलीपुत्र 19 व 20 जनवरी को
- ट्रेन नंबर 15069 गोरखपुर से ऐशबाग 17 से 22 जनवरी तक
- ट्रेन नंबर 15070 ऐशबाग से गोरखपुर 16 से 22 जनवरी तक
- ट्रेन नंबर 15113 गोमतीनगर से छपरा कचेहरी 16 से 22 जनवरी तक
- ट्रेन नंबर 13114 छपरा कचहरी से गोमतीनगर 15 से 22 जनवरी तक

लखनऊ जंक्शन नहीं जाएंगी ये ट्रेनें

ट्रेन नंबर 15065 गोरखपुर से 15 जनवरी को चलने वाली गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस बदले रूट बुढ़वल-सीतापुर-ऐशबाग-मानकनगर-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाई जाएगी। यह ट्रेन बाराबंकी और लखनऊ नहीं जाएगी।

ट्रेन नंबर 22533 गोरखपुर से 15 जनवरी को चलने वाली गोरखपुर-यशवन्तपुर एक्सप्रेस बदले रूट मार्ग बुढ़वल-सीतापुर-ऐशबाग-मानकनगर-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलेगी। यह ट्रेन बाराबंकी और बादशाहनगर नहीं जाएगी।

13 घंटे देरी से चल रहीं ट्रेनें, यात्री हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: कोहरे के चलते ट्रेनों का संचलान प्रभावित हो रहा है। अधिकांश ट्रेनें लेट चल रही हैं, जिसके चलते यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेनों के इंतजार में यात्री प्लेटफार्म पर इस ठंड में इंतजार को मजबूर हैं। आलम यह है कि ट्रेनें दो से 13 घंटे की देरी से चल रही है। सोमवार को लखनऊ आने वाली ट्रेनों में ट्रेन नंबर 12556 गोरखधाम एक्सप्रेस 12:30 घंटा की देरी से लखनऊ पहुंची। इस दौरान ट्रेनों के इंतजार में यात्री स्टेशनों पर ठिठुरते रहे। 139 हेल्पलाइन के अलावा ट्रेनों का लाइव स्टेटस बताने वाले ऐप और वेबसाइट भी सही जानकारी यात्रियों को नहीं दे पा रहे हैं। ट्रेन नंबर 12572 गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस 12:30 घंटे, ट्रेन नंबर 01823 झांसी-लखनऊ 6:30, ट्रेन नंबर 12143 मुंबई एलटीटी-सुल्तानपुर दो घंट्रे , ट्रेन नंबर 12173 उद्योग नगरी डेढ़ घंटे, ट्रेन नंबर 12332 हिमगिरी एक्सप्रेस 4:30 घंटे, ट्रेन नंबर 19168 साबरमती एक्सप्रेस 09:00 घंटे, ट्रेन नंबर 12524 नई जलपाईगुड़ी 10:00 घंटे, ट्रेन नंबर 14864 मरूधर एक्सप्रेस 04:30 घंटे, ट्रेन नंबर 22411 अरूणाचल एक्सप्रेस 04:00 घंटे की देरी से लखनऊ पहुंची।

हमारी सीमाओं के भीतर आ रहा है चीन, बाजार पर भी कब्जा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश यादव ने दी प्रतिक्रिया नेताजी और डिफेंस की वजह से मेरा रिश्ता फौज से
- बोले, मैं मिलिट्री स्कूल में पढ़ा हूं, जितने सीनियर और जूनियर हैं वे सभी फौज में रहे

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि पाकिस्तान से तो हमें खतरा है ही, चीन से भी सीमा पर बड़ा खतरा है। चीन हमारी सीमाओं के अन्दर आ रहा है। हमारी सीमाएं असुरक्षित है और वही हमारे बाजार पर भी कब्जा कर रहा है। चीन से इस तरह दो तरह से खतरा है।

सोमवार को अखिलेश यादव ने यहां जारी एक बयान में कहा कि मै मिलिट्री स्कूल में पढ़ा हूँ। मेरे जितने सीनियर और जूनियर हैं वह सभी फौज में रहे है। नेताजी और डिफेंस

की वजह से मेरा रिश्ता फौज से हमेशा बना रहा।

अखिलेश यादव ने चीफ आफ दि आर्मी स्टाफ के एक बयान का हवाला देकर कहा है कि 2027 तक एक लाख फौजियों की कमी हो जाएगी। अग्निवीर व्यवस्था जानबूझकर लाई गई है। वह इसलिए लाई गई है कि जो हमारे पिछड़े, दलित भाजपा अग्निवीर योजना लाकर नौजवानों का भविष्य खराब कर दिया।

उन्होंने कहा कि, समाजवादी पार्टी अग्निवीर योजना के पक्ष में नहीं है। वह पहले जैसी भर्ती की पक्षधर है जिसमें नौजवानों को पूरी नौकरी और पेंशन मिलती थी। नेताजी ने शहीदों को जो सम्मान दिया वह सम्मान अग्निवीरों को नहीं मिल रहा है।

किसानों को जल्द ही 30 हजार सोलर पंप देगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसीएस देवेश चतुर्वेदी ने कृषि निदेशक को भेजी कार्ययोजना
- अगले साल 44 हजार 250 सोलर पंप लगाने का प्रस्ताव
- सरकार ने किया 168.63 करोड़ की धनराशि का प्रावधान

अमृत विचार : प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना के तहत जल्द ही 30 हजार सोलर पंप किसानों के खेतों पर लगाने का लक्ष्य पूरा होगा, साथ ही अगले साल 44 हजार 250 सोलर पंप लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए 168.63 करोड़ की धनराशि का प्रावधान किया गया है।

इसकी कार्ययोजना के संबंध में शासन के अपर मुख्य सचिव डा. देवेश चतुर्वेदी ने कृषि निदेशक को संबोधित शासनादेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि पीएम कुसुम योजना से किसानों के खेतों पर सोलर पंप की स्थापना एमएनआरई, भारत सरकार व राज्य सरकार के अनुदान सें वर्ष 2020-21 से शुरू कराई गई थी। अबतक 30 हजार 177 सोलर पंप लग चुके हैं।

अब 2023-24 की प्रशासनिक स्वीकृति के बाद 30 हजार सोलर पंप लगाने का लक्ष्य जल्द ही वित्तीय सत्र समाप्त होने

से पहले हासिल करना है। इसके बाद वित्तीय सत्र 2024-25 में 44 हजार 250 सोलर पंप लगाने का प्रस्ताव पहले से ही स्वीकृत है।

शासन ने तय किया है कि सोलर पंप के निविदा मूल्य पर किसानों को 30 प्रतिशत राज्यांश और 30 प्रतिशत केंद्रांश अनुदान के रूप में दिए जाएंगे। इसपर राज्य सरकार ने वर्ष 2023-24 के लिए 68.29 करोड़ और 2024-25 में 100.34 करोड़ रुपये बजट की सीमा तय की है।

जिन किसानों को सोलर पंप मिलेंगे, उन्हें बिजली कनेक्शन नहीं

शासन ने यह शर्त रही है कि जिन किसानों को सोलर पंप से नलकूप की सुविधा दी जा रही है, उनके पहले से चल रहे नलकूप से बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे। साथ ही जिनको सोलर पंप की सुविधा दी जा रही है, उन्हें भविष्य में विद्युत चालित नलकूप का कनेक्शन नहीं मिलेगा। यह भी शर्त है कि सोलर पंप लगने के बाद बढ़ी हुई उत्पादकता के आंकड़ें को विभाग के पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाएगा।

बिजली के तार के साथ तीन गिरफ्तार

तार के साथ पकड़े गये आरोपी। अमृत विचार

संवाददाता, मलिहाबाद

अमृत विचार : हरदोई जनपद के कोतवाली देहात के ग्राम किन्दर पुरवा अटवा असिगांव निवासी प्रदीप कुमार सोलर एलईडी साल्यूशन कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम दिलावरनगर (आईवीएस) में कार्य कर रहा है। शनिवार देर रात करीब साढ़े 9 बजे गश्त पर थे तभी काकोरी थाना क्षेत्र के ग्राम घनश्यामपुर निवासी बब्लू यादव, रोहित व राहुल केबल तार काटकर बेचने जा रहे थे। रहीमाबाद पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

मकर संक्रान्ति पर गर्म कपड़ों का वितरण

अमृत विचार, लखनऊ : मकर संक्रान्ति पर्व पर मानव आदर्श सेवा समिति द्वारा गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। कार्यक्रम चारबाग स्थित प्रथम श्रेणी रेलवे प्लेटफॉर्म के सामने हनुमान मंदिर पर आयोजित हुआ। साथ ही, खिचड़ी भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। इस स्नान दान के प्रथम पर्व पर निर्धनों को कंबल और नये वस्त्र वितरित किये गये। संस्था के सचिव पल्लव घोष ने बताया कि इस अवसर पर शहर के जनसाधारण के साथ गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

निबंध के माध्यम से महिला सशक्तीकरण पर बल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लविवि में विवेकानंद की जयंती पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

अमृत विचार : स्वामी विवेकानंद जयंती पर लखनऊ विश्वविद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण पर बल दिया गया। प्रतियोगिता के विजेता छात्र पुरस्कृत भी किये गए।

मिशन शक्ति चरण के अंतर्गत लविवि के शिक्षाशास्त्र विभाग में आयोजित निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को स्वामी विवेकानंद का दृष्टिकोण और महिला सशक्तीकरण पर विवेकानन्द के विचार में से किसी एक पर निबंध लिखने के लिए दिया गया। स्नातक, परास्नातक और पीएचडी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। निबंधों का मूल्यांकन मुख्य अतिथि प्रो. नुपुर सेन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. मधुरिमा लाल, प्रो. अमिता बाजपेयी, डॉ. अर्पणा गोडबोले और शिक्षाशास्त्र विभाग के अन्य प्रोफेसर और छात्रगण उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों के 13 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्नातक में बीएड के रवि प्रकाश त्रिपाठी, आकांक्षा सूर्यवंशी और अंशिका विजयी रहे। परास्नातक में एमएड सेमेस्टर-प्रथम की प्रगति अग्रवाल, स्वेच्छा द्विवेदी, और तान्या मिश्रा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। पीएचडी की श्रेणी में सना नाहिद प्रथम, दीपक गुप्ता द्वितीय और मयंक पटेल तृतीय स्थान पर रहे। वैशाली भट्ट, शिवाली मिश्रा, प्रिया और गरिमा सिंह को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

इन्क्युबेशन सेंटर स्थापना को लेकर मंथन आज

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि के इनोवेशन हब की ओर से मंगलवार को राष्ट्रीय नवाचार दिवस पर संबद्ध संस्थानों में इन्क्युबेशन सेंटर स्थापना के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कुलपति प्रो .जेपी पांडेय के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में विवि से संबद्ध लखनऊ, अयोध्या, बाराबंकी और सीतापुर के संस्थानों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

विवेक खंड के एकता पार्क में होगा गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ : विवेक खंड के एकता पार्क में गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विवेक खंड 3 जनकल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक में यह निर्णय लिया गया। अध्यक्ष बीडी मिश्रा ने बताया कि गणतंत्र दिवस पूर्व की भांति एकता पार्क में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। वरिष्ठ अधिकारी झंडा रोहण करेंगे। बच्चे रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन चौराहे पर नगर आयुक्त के आदेश के बाद भी पुरुष शौचालय न बनाए जाने पर पदाधिकारियों ने नाराजगी व्यक्त की। बैठक में विवेक खंड में गरीबों व राहगीरों के लिए अलाव जलाने, बिजली के खम्भों से केबल के तार हटाने, विवेक खंड में साइकिल पथ पर खतरनाक टूटे पत्थरों को हटाने की मांग की गयी। ट्रिका चौराहे पर शौचालय बनाने, नि :शुल्क स्वास्थ्य कैंप और दवाएं वितरित करने की मांग भी रखी गयी।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से लोगों को जोड़ें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में चलाया जाए विशेष अभियान
- जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बालिकाओं को शिक्षा लेने के लिए किया प्रोत्साहित

अमृत विचार: मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए। इसके लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया जाए। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित कन्या जन्म उत्सव कार्यक्रम में उक्त बात जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने कही।

सोमवार को उन्होंने कहा कि बालिकाओं के प्रति मानसिकता में सकारात्मक बदलाव के लिए गतिविधियों का सघन संचालन जरूरी है। कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना और बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना है। इसके अलावा महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित निराश्रित महिला पेंशन, (कोविड/सामान्य) मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीण एवं नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को क्षमता संवर्धन के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

सभी को निर्देश दिए गए कि ग्राम पंचायत की एक भी पात्र बालिका मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से वंचित न रहे। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत छह चरणों में धनराशि दी जाती है। बालिका के जन्म होने पर दो हजार रुपये, बालिका के एक वर्ष तक के पूर्ण टीकाकरण के बाद एक हजार रुपये, कक्षा प्रथम में बालिका के प्रवेश के बाद दो हजार रुपये, कक्षा छह में बालिका के प्रवेश के बाद दो हजार रुपये, कक्षा नौ में बालिका के प्रवेश के बाद तीन हजार रुपये और ऐसी बालिकाएं जिन्होनें कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करके स्नातक अथवा 02 वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लिया हो को पांच हजार रुपये दिया जाता है।

डीएम की फटकार के बाद दर्ज की छेड़खानी की एफआईआर

संवाददाता, निगोहां

- आरोपी का शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने का दिया आदेश

अमृत विचार : संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम की फटकार के बाद निगोंहा पुलिस ने एक आरोपी पर छेड़खानी की एफआईआर दर्ज की है। मोहनलालगंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम से निगोहां की रहने वाली महिला ने शिकायत की।

आरोप है कि नवंबर में घर जाते समय उनके गांव के लाल जी ने उसके साथ अश्लील हरकते की थी वहीं विरोध करने पर उनके ससुर को बुरी तरह से पीटने के बाद लाइसेंसी बंदूक से जान से मारने की धमकी दी थी। महिला की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए डीएम ने एसीपी मोहनलालगंज राधा रमन सिंह को मुकदमा दर्ज कर आरोपी की बंदूक का लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश दिए था।

हालांकि एक सप्ताह के बाद शनिवार को देर रात निगोहां पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध छेड़छाड़,मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही आरोपी के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त करने की कार्यवाही शुरू कर दी।

युवती को अगवा करने का आरोप, मुकदमा

अमृत विचार, काकोरी: काकोरी थाना क्षेत्र के बड़ागांव में घर के बाहर खड़ी युवती को दबंगों ने उसे पुरानी रंजिश के चले उठा ले गए। परिजनों ने जान से मारने का आरोप लगाते हुए काकोरी कोतवाली पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित विनय कुमार सिंह निवासी बड़ागांव ने काकोरी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीते 13 जनवरी की रात करीब दो बजे मेरी पुत्री का अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है मेरे घर के बाहर से मनीष, आशीष, अंकित, राजू कश्यप सहित उनकी पत्नी गुड़िया कश्यप ने मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर मेरी लड़की को घर के बाहर से उठा ले गए हैं।

सड़क पर पलटा मछली लदा ट्रक

अमृत विचार, लखनऊ : पारा थानाक्षेत्र अन्तर्गत बुद्धेश्वर ओवरब्रिज पर रविवार रात मछली लदा ट्रक पलट गया। जिससे बॉक्स में भरी मछलियां सड़क पर फैल गई। प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा ने बताया कि आंध्र प्रदेश से मछली लेकर एक ट्रक दुबग्गा मण्डी आ रहा था। बुद्धेश्वर ओवरब्रिज मोड़ पर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ड्राइवर कानपुर निवासी मुन्ना घायल हुआ था। जिसे पारा पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया।

कार्यालय ग्राम सभा कुरसेली विकासखंड हरियावां जिला हरदोई

पत्रांक : मेमो/ वित्तीय सत्र 2023–2024 दिनांक – 15/01/2024

निविदा सूचना

राज्य वित्त / पंद्रहवां वित्त / मनरेगा से ग्राम पंचायत **कुरसेली** में इंटरलाकिंग व टाइलिंग के कार्य हेतु ईट, सीमेंट, मौरंग, बालू, सरिया, गिट्टी, इंटर प्राइजेज, ट्रेडर्स सम्बन्धी वस्तु के जीएसटी पंजीकृत फर्म संचालकों से मुहर बंद निविदा दिनांक 16/01/2024 से 22/01/2024 की शाम 2 बजे तक पंचायत कार्यालय **कुरसेली** में आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक 23/01/2024 की दोपहर 2 बजे फर्म संचालकों के सामने पंचायत कार्यालय **कुरसेली** में खोली जाएँगी ।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	श्रमांश
1	जूनियर हाईस्कूल में टाइल्स कार्य व सी0सी0नाली निर्माण कार्य	170194.81 रू0
2	जूनियर हाईस्कूल में टाइल्स कार्य व सी0सी0नाली निर्माण कार्य	314976.15
3	जूनियर हाईस्कूल में इण्टरलांकिंग कार्य	163425.00

नोट – एक अथवा समस्त निविदाएँ बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सचिव को होगा, समस्त सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर होगी, नियमानुसार वाणिज्य एवं आयकर कटौती होगी ।

गड्कोरा ग्राम प्रधान — **लाल बहादुर** ग्राम विकास अधिकारी

ग्राम सभा कुरसेली विकासखंड हरियावां, जिला हरदोई

गोमती नगर विस्तार में दो प्लाटिंग पर चला एलडीए का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- मानचित्र स्वीकृत कराए बिना कालोनी की जा रही थी विकसित

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने सोमवार को गोमती नगर विस्तार में दो अवैध प्लाटिंग के निर्माण बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिए। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन एक प्रिया सिंह ने बताया कि अखण्ड प्रताप सिंह पुत्र विमल सिंह चौहान द्वारा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-7 में एम्मार कालोनी के सामने ग्राम-सरसवां में लगभग 15 हेक्टेयर क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी। एम्मार कालोनी के सामने विशाल मेहरोत्रा व अखण्ड प्रताप सिंह द्वारा लगभग 22,000 वर्गफिट क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन दोनों प्लाटिंग के विरुद्ध विहित न्यायालय से ध्वस्तीकरण का आदेश पास था।

सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़कें, नाली, बाउन्ड्रीवॉल आदि ध्वस्त कर दिया।

आयोजन मेले में 4132 पशुओं का हुआ उपचार

गोपूजन कर की आरोग्य मेले की शुरुआत

संवाददाता, बख्शी का तालाब

मेले में गोवंश का पूजन करते विधायक योगेश शुक्ला, साथ में अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार : बख्शी का तालाब तहसील के ग्राम पंचायत मंडौली में मंडल स्तरीय पंडित दीन दयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन विधायक योगेश शुक्ला एवं अपर मुख्य सचिव पशुधन डॉ.रजनीश दुबे अपर मुख्य सचिव द्वारा संयुक्त रूप से गोपूजन कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल करके किया गया।

निदेशक प्रशासन एवं विकास अरुण कुमार जादौन द्वारा केन्द्र राज्य सरकार द्वारा पशुपालकों के हित में चलाई जा रही समस्त योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। डॉ.नीरज गुप्ता मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा वर्गीकृतवीर्य के उपयोग एवं महत्व के बारे में प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि डॉ.रजनीश दुबे ने विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

मेले की अध्यक्षता कर रहे विधायक योगेश शुक्ला ने पशुपालन विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यों की सराहना की तथा पशुपालकों से सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने एवं अपनी आय को दो गुनी करने का आहवान किया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा.सुरेश कुमार ने बताया कि मेले में आये पशुपालकों के कुल 4132 पशुओं की चिकित्सा, दवापान, शल्य चिकित्सा, बधियाकरण व टीकाकरण किया गया। मेला का आयोजन डॉ.सुनील कुमार राय तथा उनकी टीम द्वारा किया गया। मेला में पशुधन विभाग के विशेष सचिव श्री देवेन्द्र पाण्डेय एवं अमरनाथ उपाध्याय निदेशालय के अधिकारी के साथ-साथ मण्डल के सभी जनपदो के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोण्डा

पत्रांक: 1772/ दो–सा0प्र0/वाहन पार्किंग /2023–24 दिनांक:– 15 जनवरी, 2024

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चौक बाजार (नगर क्षेत्र) में आने–जाने वाले वाहनों के व्यवस्थापन हेतु चुंगी गोदाम (शहर) स्थित पालिका की भूमि पर नगर पालिका परिषद, गोण्डा द्वारा पार्किंग स्थल विकसित / निर्धारित किया गया है। पार्किंग व्यवस्था के संचालन हेतु 'सी' श्रेणी के ठेकेदारों से वित्तीय वर्ष 2023–24 (शेष अवधि) के लिए दिनांक 15.01.2024 से 22.01.2024 सायं 05:00 बजे तक, ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जो 23.01.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे निविदा समिति के द्वारा खोली जायेगी। निविदा शुल्क आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से खाता संख्या 50364326709 IFSC Code IDIB000C637 इण्डियन बैंक शाखा कलेक्ट्रेट परिसर गोण्डा में जमा किया जायेगा। निविदा की नियम व शर्तें www.etender-up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
गोण्डा।

प्राण प्रतिष्ठा के दिन शादी करने की होड़

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

शुभ दिन

- कई लोगों ने विवाह तिथि बदलकर की 22 जनवरी
- इस दिन जिलेभर में दो दर्जन से अधिक होंगे विवाह के कार्यक्रम

अमृत विचार : अयोध्या में श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ इस शुभ दिन लोग अपने घरों में नई दुल्हनियां भी लाने की तैयारी में लगे हुए हैं। नए साल के पहले महीने के 15 दिन में विवाह के 11 मुहूर्त हैं। इसमें 22 जनवरी भी शामिल है। नए जोड़े इस दिन सात जन्मों के लिए एक-दूसरे के होना चाहते हैं। उनके परिजन भी इस शुभ दिन को एलबम में संजोना चाहते हैं। 15 जनवरी को खरमास खत्म होने के साथ ही मांगलिक कार्य शुरू हो गए।

ज्योतिषाचार्य पं.अखिलेश चंद्र शास्त्री के मुताबिक 22 जनवरी को सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग बन रहा है। इन योग में कोई भी मांगलिक कार्य करना बेहद शुभ होता है। पहले इस दिन को लेकर लोगों में खास उत्सुकता नहीं थी लेकिन अयोध्या में प्रभु श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा तय होने के बाद इसी दिन युवकों में शादी करने की होड़ है।

रामनगर ब्लॉक के ग्राम कजियापुर निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरवंश सिंह की पुत्री का विवाह 22 जनवरी को शहर के सूरजा गेस्ट हाउस में होना है। वह बताते हैं कि प्राण-प्रतिष्ठा के दिन बेटी दांपत्य बंधन में बंधेगी। वैसे तो सभी अपने विवाह की तारीख याद रखते हैं लेकिन इस विशेष दिन पर यह समय हमेश जेहन में रहेगा। वहीं फतेहपुर कस्बा निवासी सुरेश कुमार ने भी अपनी शादी की तिथि तीन दिन बढ़ाकर इस दिन निर्धारित की है। प्राण प्रतिष्ठा के दिन शहर में शादी करने की होड़ लगी है। इस दिन शहर में जहां आधा दर्जन शादियां हैं वहीं जिले भर में इनकी संख्या दो दर्जन से अधिक बताई गयी है। पं.अखिलेश चंद्र शास्त्री बताते हैं कि 15 जनवरी को खरमास खत्म होने के साथ ही मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। श्रीराम मंदिर का उदघाटन और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा तय होने के बाद लोग इसी दिन शादी करने के लिए काफी उत्सुक हैं। कई लोगों ने अपनी शादी की तारीख बदलकर 22 जनवरी तय कर दी है।

22 तारीख को अचानक हुई मैरिज लॉनों की बुकिंग

मैरिज लॉन एसोसिशन के अध्यक्ष मोहम्मद सबाह बताते हैं कि 22 जनवरी को जिले में तमाम शादियां हैं। शहर के ही कई मैरिज लॉन इस दिन बुक हो चुके हैं। शिव पैलेस के मालिक राहुल गुप्ता ने बताया कि पहले 22 जनवरी की शादी के लिए कोई बुकिंग नहीं थी। 27, 28 और और दो कार्यक्रम के लिए 31 जनवरी की बुकिंग थी। अब दो परिवारों ने समारोह की तिथि बदलकर 22 जनवरी कर दी है। पुरोहितों की भी ऐसी ही स्थिति है। उनके पास कई-कई शादियों की बुकिंग है। इसी तरह बैंड, कैटरिंग आदि की भी बुकिंग इसी तिथि में अचानक की गई है।

22 जनवरी को ही मां बनना चाहती हैं गर्भवती

अयोध्या में राम मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा वाले दिन को हर कोई खास बनाने में लगा है। ऐसे में जहां लोगों ने इस दिन शादी की तिथि तय की है। वहीं गर्भवती महिलाओं की बात करें तो जिन लोगों को स्त्री रोग विशेषज्ञ ने डिलीवरी के लिए 20 से 25 जनवरी के बीच का समय सुझाया है, उनमें अधिकांश ने अपनी डिलीवरी 22 को कराने का प्रस्ताव डॉक्टर के समक्ष रखा है। जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ.प्रदीप कुमार ने बताया कि कई प्रसूताओं ने इच्छा जताई है कि इस विशेष दिवस में उनकी डिलीवरी हो। लेकिन जच्चा बच्चा की सुरक्षा की दृष्टि से ही डिलीवरी की जाएगी।

गोंडा में कोर्ट के आदेश पर बेटे के अपहरण का केस दर्ज

नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार : ससुराल वालों पर बेटे को गायब करने का आरोप लगा है। अदालत के आदेश पर पत्नी सहित 5 लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा हुआ दर्ज। थाना क्षेत्र के सेमरा शेखपुर गांव निवासी महिला शोभावती ने अदालत में दिए गए प्रार्थना पत्र ने बताया कि उसके बेटा संदीप मजदूरी करने के लिए इस्माइलपुर गांव के जाया करता था। उसी गांव की रहने वाली राजकुमारी पुत्री मलखान से उसकी मुलाकात हुई और दोनों ने 2018 मे शादी कर ली। एक माह पूर्व उनका बेटा संदीप अचानक गायब हो गया और उसकी मोबाइल भी बंद है। छानबीन करने पर पता चला कि उसके ससुर मलखान, सास मुनीमा देवी, साले राजकुमार, मंजीत तथा पत्नी राजकुमारी से उसका विवाद हुआ था और उक्त लोगों ने उसके मारा पीटा। शक है कि इन लोगों ने उसके लड़के को जान से मार कर गायब कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि अदालत के आदेश पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद कार्रवाई होगी।

अखिलेश आज बाराबंकी में पार्टी को देंगे मजबूती

बाराबंकी, अमृत विचार: पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मंगलवार को बदोसराय स्थित अशर्फी लाल यादव इंटर कॉलेज के मैदान पर पूर्व विधायक अशर्फी लाल यादव की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करेंगे। अयोध्या में श्रीराम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा से ठीक पहले पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की इस सभा पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

खराब मौसम के बावजूद सपा इस सभा में भीड़ जुटाने में पूरी ताकत से लगी है। जिस क्षेत्र में सभा होने जा रही है वहां से समाजवादी पार्टी के ही फरीद महफूज किदवई विधायक हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पूर्व विधायक स्व.अशर्फी लाल यादव की श्रद्धांजलि सभा कस्बा बदोसराय में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अपराह्न 12:15 बजे पहुंचेंगे। करीब 45 मिनट के कार्यक्रम के बाद दोपहर 1 बजे वहां से निकलकर करीब 1:30 बजे जिला मुख्यालय पर सिविल लाइन स्थित दुर्गापुरी कॉलोनी में एसपी सिंह के घर व 2 बजे सफेदाबाद कस्बा स्थित सोनू यादव के प्रतिष्ठान पर जाएंगे जहां से उनका काफिला राजधानी लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएगा।

एक नजर

भटके मुसाफिर को परिजनों से मिलवाया

बाराबंकी, अमृत विचार : पश्चिम बंगाल से जयपुर जाते समय रास्ता भटके मुसाफिर को नगर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को परिजनों से मिलवाया। सोमवार को नगर कोतवाली के सोमैय्या चौकी क्षेत्र में पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले के थाना फलाकटा निवासी भूषनदास पुलिस को मिला। वह जयपुर जाते समय रास्ता भटक गया था। इस पर पुलिस उसे कोतवाली लाई। उसके बाद परिजनों से संपर्क कर कोतवाली बुलाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

गैंगस्टर का फरार आरोपी तमंचे के साथ दबोचा गया

बाराबंकी, अमृत विचार : हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस की टीम ने गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहे थाना क्षेत्र के धोबहिया मजरे गौरा निवासी धर्मराज रावत को सोमवार को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेज दिया। उस पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में आठ आपराधिक मुकदमें दर्ज है।

27 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस के अभियान में सोमवार को एक वारंटी व चार वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उसके बाद आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। वहीं विभिन्न थानों में अलग-अलग मामलों में थाने लाए गए 27 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया गया।

68 ग्राम मार्फीन के साथ पकड़ा गया शातिर

बाराबंकी, अमृत विचार : टिकैतनगर पुलिस ने एक शातिर चोर को 68 ग्राम मार्फीन के साथ सोमवार को गिरफ्तार किया। उसके बाद थाने लाए गए रानीमऊ तराई निवासी आरिफ उर्फ अरफू पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया। आरोपी पर नगर कोतवाली में भी चोरी के दो मामले दर्ज हैं।

पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपी को किया गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : मारपीट व हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे थाना क्षेत्र के मडना निवासी आरोपी इंद्र कुमार को रामनगर पुलिस की टीम ने सोमवार को गिरफ्तार किया। उसके बाद अदालत में पेश करने के बाद उसे जेल भेजा गया।

अपहरण का आरोपी दबोचा

बाराबंकी, अमृत विचार : असंद्रा थाने की पुलिस टीम ने अपहरण के मामले में फरार चल रहे थाना क्षेत्र के पूरे धनई मजरे मंसारा निवासी दीपक कुमार को दबोचा। उसके बाद सोमवार को कानूनी कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

कानपुर में लड़ते सांड़ों ने किशोर को रौंदकर मार डाला

बर्रा विश्व बैंक में दुकान से सामान लेकर घर लौट रहा था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

फाइल फोटो।

अमृत विचार: रविवार शाम बर्रा विश्व बैंक ई ब्लॉक में दो साड़ों की लड़ाई में एक किशोर की मौत हो गई। साइकिल से सब्जी लेने जा रहा किशोर चौराहे पर पहुंचा ही था कि तभी गली में लड़ रहे कई सांड़ दौड़ पड़े और किशोर को चपेट में ले लिया। सांड़ों के जोरदार धक्के से किशोर साइकिल समेत गिर गया और सांड़ उसे रौंदते चले गए। बेहोश किशोर को परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे हैलट रेफर कर दिया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

बर्रा विश्व बैंक ई ब्लॉक निवासी प्राइवेटकर्मी राकेश मिश्रा ने बताया उनके दो बेटे कृष (17) व राज (15) थे। रविवार शाम राज सब्जी खरीदने की बात कह कर साइकिल से घर से निकला था। इस दौरान गली में दो सांड़ लड़ रहे थे, लड़ाई के दौरान साड़ों ने अचानक दौड़ लगा दी और वहां से गुजर रहे राज को टक्कर मार दी। राज गिरा तो सांड़ ने उसे रौंद दिया। राज के सिर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गया। मोहल्लेवासियों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन राज को प्रिया नर्सिंग होम ले गए, जहां से उसे हैलट रेफर कर दिया गया। हैलट में इलाज के दौरान राज की मौत हो गई। राज की मौत की सूचना पाकर मां अनुपम बेहोश होकर गिर पड़ीं।

घर से 100 मीटर की दूरी पर हुई घटना

हादसा राज के घर से मात्र 100 मीटर की दूरी पर हुआ। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि मोहल्ले में खाली पड़े प्लॉट में कूड़ा फेंका जाता है जिस कारण आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। मवेशियों के बीच झगड़े में अक्सर लोग चुटहिल होते रहते हैं। लोगों ने बताया कि करीब एक माह पूर्व मोहल्ले में रहने वाली माया श्रीवास्तव मंदिर में पूजा करने गई थीं, इस दौरान सांड़ ने उनको भी पटक दिया था, जिससे उनके पैर में चोट आई थी।

अपहरण और दुराचार के दोषी को 20 साल की जेल

सुलतानपुर, अमृत विचार : अमेठी जिले के थाना क्षेत्र जामो के एक गांव में बीते साल पूर्व 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी के अपहरण व दुराचार करने के दोषी राजेश उर्फ चन्दी को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने सोमवार को 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोषी के पिता राधेश्याम उर्फ बनवारी के खिलाफ साक्ष्य साबित न होने पर उसे बरी कर दिया। अदालत ने 12 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। एडीजीसी विवेक सिंह के मुताबिक किशोरी का आरोपी ने 30 मई 2022 को अपहरण कर दुराचार किया था। पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी व उसके पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट में अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहों के साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने मुकदमे का फैसला मात्र एक साल एक माह 24 दिन में किया।

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की कैद

बाराबंकी, अमृत विचार : 5 वर्ष पहले नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दोषी मानते हुए अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने सोमवार को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला सफदरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां के निवासी पीड़ित पिता ने 2018 में पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ मुश्कीनगर निवासी रंजीत कुमार ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने केस दर्ज किया था।

युवकों ने फाड़ा कांग्रेस का झंडा, लगाए जय श्रीराम के नारे

अयोध्या कार्यालय

कांग्रेस के कार्यकर्ता से झंडा छीनते युवक।

अमृत विचार: राम जन्मभूमि पथ के प्रवेश द्वार पर कुछ उत्साही युवकों ने सोमवार अपराह्न कांग्रेस कार्यकर्ता के हाथ से पार्टी का झंडा छीन लिया और उसे पैरों से रौंद कर जय श्री राम के नारे लगाए। इसे लेकर उत्साही युवकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में झड़प भी हुई। एसएफ व पुलिस ने बीच-बचाव किया।

कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में प्रदेश पदाधिकारी, सांसद व विधायक सोमवार दोपहर बाद रामलाल के दर्शन करने रामजन्मभूमि परिसर गए थे। इनकी आगवानी में लगे पार्टी कार्यकर्ता प्रवेश द्वार पर प्रतिनिधिमंडल के वापस लौटने का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच 3-4 उत्साही युवकों ने कांग्रेस कार्यकर्ता के हाथ से पार्टी का झंडा छीनने की कोशिश की। धक्का-मुक्की के बाद झंडे को डंडे से खींच लिया। जमीन पर रखकर उसे पैरों से कुचला। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग कराया। किसी ने वीडियो बना लिया है और इसे वायरल कर दिया।

प्राण प्रतिष्ठा मोदी का निजी समारोह : अजय

बाराबंकी, अमृत विचार : रामलला के दर्शन को अयोध्या धाम जा रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय, आल इंडिया कांग्रेस के सचिव और फैजाबाद जोन प्रभारी धीरज गुर्जर एवं नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना' का वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शिवशंकर शुक्ला के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अहमदपुर टोल प्लाजा पर भव्य स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने पत्रकारों से कहा कि प्राण प्रतिष्ठा पर 22 जनवरी को जो समारोह आयोजित किया गया है, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निजी समारोह है।

बहराइच में दो डॉक्टरों के पैनल ने किया बाघिन का पोस्टमार्टम

खुलेगा मौत का रहस्य

- फील्ड डायरेक्टर ने कहा - मौत स्वाभाविक, आईबीआरआई केंद्र भेजा गया विसरा

बहराइच, अमृत विचार: जिले के चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज में रविवार को एक बाघिन का शव बरामद हुआ था। सोमवार को रेंज कार्यालय में फील्ड डायरेक्टर की मौजूदगी में बाघिन के शव का पोस्टमार्टम हुआ। फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने बाघिन की मौत को स्वाभाविक बताया। साथ ही स्थिति स्पष्ट होने के लिए बिसरा रिपोर्ट आने देने की बात कही।

कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह गिरिजापुरी बैराज बैराज के गेट नंबर 19 के पास रविवार को पानी में एक बाघिन का शव उतराता मिला। सूचना पाकर डीएफओ बी शिवकुमार, एसडीओ और रेंजर पहुंचे। सोमवार को रेंज कार्यालय परिसर में दुधवा नेशनल पार्क के डॉक्टर दया और कतर्निया घाट के दीपक की टीम ने बाघिन के शव का पोस्टमार्टम किया। बाघिन के चेहरे से खून निकल रहा था लेकिन मौत स्वाभाविक है।

पूर्व मंत्री ने किया ट्वीट

बाघिन के मौत और शव पानी में पड़े होने की खबर को पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह ने ट्वीट किया है। इस पर उन्होंने कहा कि बाघ अच्छे तैराक होते हैं। बाकी पूर्व मंत्री स्वयं जवाब दे सकते हैं।

सार-संक्षेप

छत से गिरा बालक ट्रामा सेंटर रेफर, हालत गंभीर

घायल बालक। अमृत विचार

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : खिचड़ी पर नाना के घर आया बालक कुत्ते के पिल्ले के साथ खेलते समय छत से गिरकर घायल हो गया। हादसे के बाद कोहराम मच गया। आनन फानन बालक को सीएचसी लाया गया। जहा उसकी हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्रथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। मामला हैदरगढ़ कोतवाली के बैदनखेड़ा गांव का है। थाना क्षेत्र के महिमापुर गांव निवासी राम किशोर का आठ साल का बेटा विशाल खिचड़ी पर सोमवार को नाना के घर आया था। जहां पर विशाल कुत्ते के पिल्ले के साथ खेलने के दौरान छत से नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल विशाल को आनन फानन में परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुंचाया। जहा उसकी हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्रथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

मार्ग खोदने का विरोध करने पर पीटा, महिला से की छेड़छाड़

रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार थाना क्षेत्र के ग्राम मल्लापुर निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही प्रेमचंद यादव और उनकी पत्नी एवं पुत्र पर जान से मारने का प्रयास करने, पत्नी के साथ छेड़छाड़ किए जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। यह मुकदमा न्यायालय के आदेश पर पंजीकृत किया गया है। थाने पर दर्ज कराए गए मुकदमे में पीड़ित ने कहा कि बीते 16 नवंबर को सरकारी कार्य से जा रहा था। उसी समय गांव के प्रेमचंद यादव, उनकी पत्नी रेखा व पुत्र रवि सड़क खोद कर अवैध कब्जे की नीयत से खलिहान पाट रहे थे। उसके द्वारा मना किया जाने पर विपक्षियों ने उसे गालियां देते हुए मारा-पीटा। बचाने दौड़ी उसकी पत्नी से छेड़छाड़ करते हुए उसे जमीन पर पटक दिया और जान से मारने की नीयत से गला भी दबाया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

पगचिह्न मिले, नहीं दिखा जंगली जानवर

जंगल में कांबिंग करती वन विभाग की टीम। अमृत विचार

कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम पंचायत नसीरपुर और शेषपुर हकीम में सोमवार को ग्रामीणों ने जंगली जानवर होने की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर जांच की। लेकिन हमेशा की तरह टीम को कोई सफलता नहीं मिली। सिद्धौर ब्लॉक की ग्राम पंचायत नसीरपुर निवासी अशोक कुमार के खेत पर गांव के लोग किसी जंगली जानवर के पग चिह्न को देखा और इसकी सूचना वन क्षेत्राधिकारी हरख को दी। यह भी पुष्ट नहीं हो सका कि यह पगचिह्न किस जानवर का है। वन क्षेत्र अधिकारी हरख प्रदीप ने मौके पर टीम भेज कर जांच कराई। सोमवार को वन क्षेत्राधिकारी हरख प्रदीप सिंह अपनी टीम के साथ गांव पहुंचकर जांच की। इसके अलावा शेषपुर हकीम गांव में भी जंगली जानवर की सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दी गई थी। टीम ने वहां भी पहुंचकर जांच की और ग्रामीणों को घर से खेतों में अकेले काम करने न जाने की सलाह दी। श्री सिंह ने सलाह दिया कि जब भी निकलें हाथ में टॉर्च लेकर निकलें और घरों के पास आग जलाएं।

खेल भी शिक्षा का ही एक अंग : गोप

क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप।

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : जिस तरह मनुष्य को जीवन जीने के लिए भोजन जरुरी है, उसी प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल भी जरूरी है। खेल के माध्यम से आपस में भाईचारा बढता है। खेल भी शिक्षा का एक अंग है। उक्त बातें सोमवार को ग्राम नैनामऊ मे जेडी स्टॉर क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने कहीं। इस मौके पर रामगोपाल रावत, आयोजक राणा प्रताप, अजय वर्मा, राममूर्ति, असगर अली आदि मौजूद रहे।

मुर्गी फार्म से घर को निकला किशोर लापता

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : दो दिन पहले मुर्गी फार्म से साइकिल लेकर घर के लिए निकला किशोर से लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद उसका पता नहीं चला तो परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मामला सुबेहा थाना क्षेत्र के रतौली मजरे कुड़वा गांव का है। यहां के निवासी रामनाथ का 15 वर्षीय पुत्र सुकई थाना क्षेत्र के ही रामपुर मजरे जमीन हुसैनाबाद गांव निवासी शहीद के मुर्गी फार्म पर नौकरी करता है। बीते शनिवार की सुबह 7 बजे मुर्गी फार्म के मालिक से खिचड़ी का त्योहार मनाने की बात कहकर घर जाने के लिए साइकिल से निकला था। शनिवार की देर शाम तक वह घर नहीं पहुंचा। पिता ने थाने में तहरीर दी है।

महादेवा में जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु

रामनगर, बाराबंकी

महादेवा में लोधेश्वर का जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

अमृत विचार : मकर संक्रांति के पावन पर्व पर लोधेश्वर महादेवा में सोमवार को भोर पहर से ही श्रद्धालुओं का समूह हर हर बम बम के उद्घोष के साथ जलाभिषेक करने के लिए उमड पड़ा। दूर-दराज से आए हुए श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर खिचड़ी दान कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

एकाएक बढ़ती भीड़ देखकर महादेवा चौकी प्रभारी संतोष कुमार ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए मंदिर पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया। बताते चलें कि मकर संक्रांति के पावन पुण्यकाल में खिचड़ी दान का महत्व माना जाता है। महादेवा सहित तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थान पर समाजसेवियों ने खिचड़ी भोज का आयोजन किया। इसी तरह महादेवा के पश्चिम में स्थित ऋषि आश्रम कुरुक्षेत्र में गर्री ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भगौती यादव द्वारा खिचड़ी भोज आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने अभरन कुंड में स्नान कर खिचड़ी भोज में हिस्सा लिया तथा खिचड़ी का दान भी किया। मंदिरों में श्रद्धालुओं का दर्शन-पूजन करने का क्रम देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान काफी भीड़ देखी गई।

चाची और भतीजे से 28 लाख की ठगी

बाराबंकी, अमृत विचार : जमीन देने के नाम पर 28 लाख की ठगी एक कंपनी के निदेशक द्वारा किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बलिया की महिला की तहरीर पर सफदरगंज पुलिस ने कंपनी के निदेशक पर केस दर्ज किया। बलिया के नगरा थाना क्षेत्र के मलप हरसेनपुर निवासी रीता देवी ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वी सिक्योर कॉलोनाइजर्स एवं डेवलपर्स प्रांलि. के निदेशक ने जमीन देने के नाम पर उससे अलग-अलग तिथियों में 16 लाख रुपये लिए। वही उसके भतीजे से भी 14 लाख रुपये ले लिए मगर, दोनों को जमीन नहीं दी गई। जानकारी की गई तो कंपनी के नाम पर कोई भूमि नहीं है।

बैठक बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन का वकीलों ने किया स्वागत

अधिवक्ताओं का हित सर्वोपरि : अवस्थी

फतेहपुर, बाराबंकी

अधिवक्ताओं को संबोधित करते बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी।

अमृत विचार : अधिवक्ताओं के हित के लिए कोई कोर कसर नही छोडेंगे। एक पखवारे के अंदर ग्राम न्यायालय की समस्त किताबें स्थानीय बार एसोसिएशन को मुहैय्या कराई जाएगी। ये विचार बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन अखिलेश कुमार अवस्थी ने स्थानीय बार सभागार में आयोजित एक बैठक के दौरान व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के अधिवक्ताओं के हित के लिए हमने सरकार के स्थाई सरकारी अधिवक्ता के पद से इस्तीफा दे दिया था। अधिवक्ता हित हमारे लिए सर्वोपरि है जो भी अधिवक्ता अपना सीओपी नम्बर अभी तक फार्म भरके नहीं एलॉट करा पाये हैं वह अविलम्ब फरवरी के पहले अपना सीओपी फार्म जमा कर दें। जो अधिवक्ता बीमार हैं अथवा चोटिल हैं वह मेडिकल सहायता के लिए फार्म भर दें। दो हफ्ते के अन्दर उनको सहायता मुहैय्या करायी जायेगी। अखिलेश अवस्थी का स्थानीय बार संघ के लोगो ने स्वागत वंदन अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रदीप निगम, हरनाम सिंह वर्मा, राजीव नयन तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, बृजेश मिश्रा, मदन मोहन मिश्रा, योगेन्द्र सिंह बल्लू, अलीउद्दीन शेख, संजय कुमार सिंह नम्बरदार, प्रेमचन्द्र पाल, नफीस अहमद, रामऔतार गौतम, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, प्रभावत वर्मा, प्रवीण पटेल, प्रेमचन्द्र, अनीत समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

निजी अस्पताल में नर्स से दुष्कर्म का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : निजी अस्पताल में स्टाफ नर्स को कमरे में बंद कर एक युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। नर्स के शोर मचाने पर स्टाफ के अन्य लोग पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़ित स्टाफ नर्स की त हरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला देवा कोतवाली क्षेत्र के एक निजी अस्पताल का है। यहां पर फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की निवासी युवती स्टाफ नर्स की नौकरी करती है। उसने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार की शाम को अस्पताल में अपने केविन में बैठी थी।

इसी दौरान छपरा गांव का निवासी युवक मो.अयुब उर्फ कल्लू आया। उसने शराब पीने के लिए सौ रुपये की मांग की। मना करने पर उसने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। उसके शोर मचाने पर स्टाफ के अन्य लोग दौड़े तो वह जान-माल की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़िता की ओर से तहरीर मिलने पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक पर छेड़खानी व धमकी का केस दर्ज किया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

न हृष्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।
गाङ्गो ह्रद ईवाक्षोभ्यो य: स पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति न तो सम्मान पाकर अहंकार करता है और न अपमान से पीड़ित होता है। जो जलाशय की भांति सदैव क्षोभरहित और शांत रहता है, वही ज्ञानी है।

संपादकीय

पीएम-जनमन का उद्देश्य

देश तभी विकास कर सकता है जब समाज में कोई भी पीछे न छूटे और सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे। सरकार जनजातीय समूहों की जिंदगी बेहतर बनाना चाहती है। इसी के चलते वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में केंद्र सरकार की ओर से इस बात का ऐलान किया गया था कि प्रधानमंत्री विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) विकास मिशन की शुरुआत करके कमजोर जनजातीय समूहों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को सुधारा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पीएम-जनमन योजना का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा में लाना है। योजना के तहत सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल तक पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, पोषण, सड़क एवं दूरसंचार कनेक्टिविटी के साथ-साथ स्थायी आजीविका के अवसर सहित विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। साल 2011 में हुई जनगणना में सामने आए आंकड़ों के अनुसार देश में अनुसूचित जनजाति की आबादी 10.45 करोड़ थी जिसमें अब तक काफी वृद्धि हो गई होगी। इनमें से 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप पर रहने वाले ऐसे 75 समुदायों के बारे में जानकारी सामने आई थी, जिन्हें विशेष रूप से कमजोर वर्गीकृत किया था, जो शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक कमजोरियों से जूझ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के लगभग 190 जिलों में सबसे पिछड़े आदिवासी समुदाय रहते हैं। सरकार ने दो महीने के भीतर 80,000 से अधिक आयुष्मान कार्ड वितरित करने का बड़ा काम किया है। इसी तरह सरकार ने अत्यंत पिछड़े आदिवासी समुदाय के लगभग 30,000 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि से जोड़ा है और 40,000 लाभार्थियों के बैंक खाते खोले गए हैं। वास्तव में आदिवासी समुदायों की सभी इच्छाएं अब पूरी होंगी क्योंकि सरकार ने पीएम-जनमन मेगा अभियान पर 23,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने की योजना बनाई है। पीएम-जनमन महाअभियान के तहत सरकार ने उन सभी नियमों को बदल दिया है, जो बाधा पैदा करते थे। विशेष रूप से पीवीटीजी के उत्थान के उद्देश्य से यह पहल उनकी अनूठी चुनौतियों का समाधान करने तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा प्रदान करने की क्षमता रखती है। परंतु इसके कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों को दूर किए बिना जनजातीय समूह के लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाकर उनका विकास करना थोड़ा मुश्किल है। इसके लिए मुख्यधारा के समाज और राज्य में पीवीटीजी द्वारा सामना किए जाने वाले कलंक और भेदभाव तथा हितधारकों एवं जनता के बीच संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। साथ ही केंद्र और राज्य सरकारों की मौजूदा योजनाओं और कार्यक्रमों के साथ योजना का समन्वय, अभिसरण तथा संसाधनों व सेवाओं का प्रभावी एवं कुशल वितरण और उपयोग सुनिश्चित करना आवश्यक है।

कैसा हो विकास के राजनीतिक एवं प्रशासनिक तंत्र का मॉडल

अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

प्रश्न उठना लाजिमी है कि लगभग 142 करोड़ जनता के भोजन-पानी व बेहतर जीवन स्तर मुहैया कराने की बात करने वाली सरकार अपने को कितना सहज पा रही है? क्या न्यायपालिका, विधायिका व कार्यपालिका अपनी सकारात्मक भूमिका सही रूप में निभा रही है? इतनी बड़ी जनसंख्या को प्रत्येक स्वरूप में नियंत्रित करने को सरकारी सिस्टम अपने को कहां खड़ा पा रहा है?

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनडीपी)-2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की जनसंख्या 142 करोड़ से ज्यादा हो गई है। जनसंख्या के मामले में चीन को पछाड़ने वाले भारत के एक राज्य उत्तर प्रदेश की कुल जनसंख्या तो 25 करोड़ पार है। बढ़ती जनसंख्या कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के अलावा सुरक्षा व कानून-व्यवस्था को भी सीधे प्रभावित करती है। वर्ष 1951 में भारत की जनसंख्या 36.1 करोड़ थी। देश का प्राकृतिक संसाधन कमोबेश उतना ही है जितना करीब सात दशक पहले था।

प्रश्न उठना लाजिमी है कि लगभग 142 करोड़ जनता के भोजन-पानी व बेहतर जीवन स्तर मुहैया कराने की बात करने वाली सरकार अपने को कितना सहज पा रही है? क्या न्यायपालिका, विधायिका व कार्यपालिका अपनी सकारात्मक भूमिका सही रूप में निभा रही है? इतनी बड़ी जनसंख्या को प्रत्येक स्वरूप में नियंत्रित करने को सरकारी सिस्टम अपने को कहां खड़ा पा रहा है? सात दशक पहले बने व समय-समय पर संशोधित होते राजनीतिक व प्रशासनिक माडल कितना कारगर हो पा रहे हैं? देश में प्राकृतिक संसाधन सीमित मात्रा में हैं, जबकी उनका दोहन तीव्र गति से हो रहा है। 'उत्तम खेती मध्यम बान, निकृष्ट चाकरी, भीख निदान' वाली भारतीय किवदंती अब अप्रासंगिक सी हो गई है। गांवों में अब युवा कम ही रहते हैं, अर्थ अर्जन व बेहतर जीवन स्तर के लिए वे शहरों में ही रहना पसंद करने लगे हैं। भारत की आर्थिक-सामाजिक स्थति में व्यापक परिवर्तन आ गया है। ऐसे में विश्व की सर्वाधिक जनसंख्या का तमगा पाने वाले भारत में राजनीतिक व प्रशासनिक सुधारों के माडल पर चर्चा अवश्यंभावी है। नीति-नियंताओं व नौकरशाहों के क्रियाकलापों की समीक्षा भी अब समीचीन हो गई है। देश के विकास व जनकल्याणकारी नीति-नर्माण व क्रियान्वयन में नौकरशाही की भूमिका थी अब प्रासंगिक हो गई है।

देश के चहुंमुखी विकास के लिए अब सक्रिय, कल्पनाशील, प्रौद्योगिकी-प्रेमी, सक्षम नौकरशाही की आवश्यकता है। यह अलग बात है कि देश की नौकरशाही में बदलाव की बात भी होने लगी है। केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव स्तर के पदों पर बाहर से भी प्रतिभाओं को नियुक्ति देना यानी

पूंजीवादी व समाजवादी मॉडल बाजार अर्थव्यवस्था या पूंजीवाद के बीच चयन युद्ध आपूर्ति और मांग के बाजार प्रहसन पर निर्भर करता है। पूंजीवादी मॉडल में केवल उन उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन किया जाता है, जो मांग में हैं।

लेटरल एंट्री के दरवाजे खोलना उसी की एक कड़ी मानी जा रही है। लगभग 25 केंद्रीय सेवाओं में हजारों पद हैं। हो सकता है राजनीतिक दुरभिसंधियों के चलते भारतीय नौकरशाही दुनिया की 'भ्रष्टतम, कामचोर, अक्षम, असंवेदनशील व्यवस्था मानी जाने लगी है। इसकी क्षमता में सुधार 'लेटरल एंट्री' जैसी प्रक्रिया से संभव हो सकता है। घिसे-पिटे पुराने राजनीतिक व प्रशासनिक मॉडल से हम अति वंचितों को परेशानियों से बाहर नहीं निकाल पा रहे हैं। समय आ गया है कि इस बात पर चर्चा हो कि भारत को नियोजित विकास का कौन सा मॉडल अपनाना चाहिए?

पूंजीवादी व समाजवादी मॉडल बाजार अर्थव्यवस्था या पूंजीवाद के बीच चयन युद्ध आपूर्ति और मांग के बाजार प्रहसन पर निर्भर करता है। पूंजीवादी मॉडल में केवल उन उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन किया जाता है, जो मांग में हैं। समाजवाद मॉडल के तहत वितरण इस पर आधारित माना जाता है कि लोगों को क्या चाहिए, न कि इस पर कि वे क्या खरीद सकते हैं। पूंजीवादी और समाजवादी माडलों में कुछ कमियां व सीमाएं हैं। मिश्रित अर्थव्यवस्था में सरकार और बाजार मिलकर इस सवाल का जवाब देते हैं कि क्या और कैसे उत्पादन किया जाए, जो उत्पादित होता है उसका वितरण कैसे किया जाए? भारत में महालनोबिस मॉडल अपनाया गया। यह आर्थिक विकास का एक नव मार्क्सवादी माडल था। जिसे 1928 में समाज के अर्थशास्त्री जीए फेडमैन और 1953 में भारतीय सांख्यिकीविद प्रशांत चंद्र महालनोबिस द्वारा स्वतंत्र रूप से बनाया गया था। डीडी धर वह व्यक्ति थे जिन्होंने पांचवीं पंचवर्षीय योजना (1974-79) का प्रस्ताव रखा था जिसका मुख्य उद्देश्य गरीबी हटाना, आत्मनिर्भरता लाने के अलावा विकास दर को ऊंचा करना था। लाख टके का प्रश्न है कि देश को आजाद हुए सात दशक से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन असंतुलित विकास की धारणा से हम अब भी नहीं उबर पा रहे हैं। आर्थिक विकास का ढिंढोरा पीटने के बाद भी भारत आठ प्रतिशत से अधिक की उच्च बेरोजगारी दर का सामना कर रहा है, जो दर्शाता है कि रोजगार सृजन श्रम बल वृद्धि के अनुरूप नहीं है। सेवा क्षेत्र मुख्य रूप से कम मूल्यवर्धित, कम कौशल वाले क्षेत्रों में नौकरियां पैदा कर रहा है, न कि उच्च तकनीक सेवाओं में, जो अधिक शिक्षित कार्यबल की उच्च आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल हो रहा है। योजना आयोग को समाप्त कर स्थापित नीति आयोग कितना कारगर हो पा रहा है यह किसी से छिपा नहीं है।

भारत के लगभग सभी राजनीतिक एवं प्रशासनिक तंत्र ब्रिटिशकालीन मॉडल से निकले जिनमें समय-समय पर कुछ परिवर्तन तो हुए, लेकिन इसकी दशा और दिशा विधायी एवं प्रशासनिक मॉडल को उस मुकाम तक नहीं ले जा सकी जहां पर उन्हें पूर्ण रूप से जमीनी स्तर पर प्रभावी माना जा सके। तब सवाल उठता है कि राजनीतिक एवं प्रशासनिक तंत्र का नया मॉडल कैसा होना चाहिए? सुधार के लिए जरूरी मॉडल को लागू करने के लिए राजनीति और प्रशासन के बारे में हमारे सोचने के तरीके में व्यापक बदलाव की जरूरत है। समय आ गया है कि लोगों को राजनीतिक और प्रशासनिक प्रणालियों के केंद्र में रखा जाए, क्योंकि दशकों से हम पर्यावरणीय, सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक या राजनीतिक क्षेत्रों में समान द्वंद्व देख रहे हैं। सुधार की वास्तविक राजनीति प्रचलित राजनीतिक व्यवस्था सत्ता और संसाधनों की संरचनाओं से रहित नहीं हो सकती है, जो राजनेताओं और नौकरशाहों के बीच, केंद्र और इलाकों के बीच और कार्यपालिका और विधायिका के बीच संस्थागत बातचीत को निर्धारित करती है। बदलाव के पक्ष और विपक्ष की ताकतें राजनीति, नौकरशाही और समाज के क्षेत्रों में अंततः सुधार लाने या बिगाड़ने के लिए परस्पर क्रिया कर रही हैं। 'सर्वे सुखिना भवन्तु' से लेकर 'सर्वोदय' तक के श्लोकों और 'गरीबी हटाओ', 'समावेशी विकास' और 'जैसे नारों के बावजूद, सर्वांगीण प्रगति और कल्याण प्राप्त करने में असमर्थता का क्या कारण है? सबका साथ, सबका विकास की परिकल्पना कितनी कारगर हो पा रही है? क्या समाज के अंतिम लोगों तक हम योजनाओं का लाभ दे पा रहे हैं? न्याय पालिका की बाते करें तो यह कटु सत्य है कि असहाय, लाचार व गरीब आदमी आज भी अपने को न्याय से वंचित पाता है।

सरकारी सिस्टम बातें चाहें जितनी बड़ी-बड़ी कर ले, लेकिन सुधार की बातें पूरी तरह भ्रामक हैं, मिथ्या हैं। आमजन को सर्व सुलभ न्याय दिलाने का दंभ भरने वाले "मूदहु आंख कतहुं कुछ नाहीं" की कहावत ही केवल चरितार्थ करते हैं। देश में सरकारी व प्रशासनिक तंत्र के मॉडल को प्रभावी बनाने के लिए हमें कुछ मूलभूत बिंदुओं पर विचार करना होगा। जैसे विषय विशेषज्ञ व नागरिक सेवा- आजादी के बाद हमने उधार के राजनीतिक, विधायी एवं प्रशासनिक तंत्रों में इसको सिर्फ ग्रामीण क्षेत्र तक ही सीमित करके रख दिया। सहभागी लोकतंत्र-नागरिक जुड़ाव वाला तंत्र बनाने की आवश्यकता है। इसमें विचार-विमर्श करने वाली सभाएं, नागरिक जूरी और समुदाय की जरूरतों को सीधे संबोधित करने के लिए स्थानीय परिषदों को सशक्त बनाना शामिल हो सकता है। विकेंद्रीकरण-केंद्रीकृत सत्ता संरचनाओं को तोड़ना और निर्णय लेने का अधिकार क्षेत्रीय और स्थानीय स्तरों पर वितरित करना। यह विविध समुदायों की विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप अधिक प्रतिक्रियाशील नीतियों की अनुमति देता है। पारदर्शिता व जवाबदेही-खुलेपन और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा दें, जहां सार्वजनिक अधिकारी सवालों के जवाब देने और अपने निर्णयों को समझाने के लिए आसानी से उपलब्ध हों। इसके लिए मजबूत भ्रष्टाचार विरोधी उपायों और सूचना कानूनों तक पहुंच की आवश्यकता है। प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग-नागरिक भागीदारी बढ़ाने, हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने और सरकारी दक्षता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करें। समय आ गया है कि लोगों को राजनीतिक व प्रशासनिक प्रणालियों के केंद्र में रखा जाए और ऐसे लोकतंत्र का निर्माण किया जाए, जो वास्तव में सभी के लिए काम करे।

प्रसंगवश

परंपरागत मुशायरों का आखिरी बादशाह

रिवायती मुशायरों का आखिरी बादशाह चला गया। हमने तो उनके सामने बैठकर कहा था, मुनव्वर साहब, आप मुशायरों के बहादुर शाह हैं और उन्होंने तपाक से कहा था, तो हिजरत को तैयार रहें मियां....एक शख्स जिसने खुद को ऐसा गढ़ा कि हर बात उसके जिक्र के बिना अधूरी रह जाए। आप उन्हें अच्छा इंसान माने या न माने मगर उनके जिक्र के बिना एक दौर पर बात करना मुश्किल होगा। वह रायबरेली में पैदा हुए, तो सारी जिंदगी रायबरेली का कलमा पढ़ते रहे। लखनऊ ने उन्हें उस्ताद दिया, मंच दिया, पहला मुशायरा रवींद्रालय में पढ़ा और मेहनताना भी पाए, आखिरी सांस तक यहीं ली मगर बंदे ने खुद को कभी लखनवी नहीं कहा, मेरे लिए यह गुत्थी थी, जो कभी नहीं सुलझेगी।

हफीज किदवई
लेखक

कलकत्ता में अब्बा के साथ ट्रक के पहियों संग जिंदगी शुरू की और धीरे-धीरे अपना खुद का ट्रांसपोर्ट खड़ाकर दिया। एक शायर दिल इंसान एक कामयाब बिजनेसमैन बन गया। या यूं कहिए एक बहुत मेहनत करने वाला बिजनेसमैन, उर्दू की उंगली पकड़कर एक कामयाब शायर बन गया। ट्रक के पहिए जितना चलते, उससे ज्यादा मुनव्वर साहब की किताबें चलती। बाजार में उनकी धूम थीं तो मुशायरों में उनका जलवा, जिंदगी पूरी तरह मेहरबान थी इस रायबरेली की मिट्टी पर...

कितनी मुलाकातें हैं, कितनी ही बातें हैं। मैं यह दावे से कह सकता हूं, हर मिलने वाले को बाबा दो बातें पकड़ाते थे। एक जो उसके काम आए, दूसरी जिससे बवाल हो जाए, जो दूसरी बात को हवा में ले उड़ता, वह मशहूर हो जाता मगर जमाना उसकी खूब लानत मलामत करता। पहली बात जो लेकर बैठ जाता, वह अपने आप को सींचता और शायद कभी बड़ा दरख्त बन भी जाए। लालकुआं के पास फ्लैट में मुनव्वर राना का होना, खबर होती कि बाबा हैं। मीडिया चटखारे लेती की चलो, उधर कुछ मसाला मिलेगा। वह कभी मायूस नहीं करते, जो दिल में आया कह डाला, उसका असर जब होगा, तब होगा। पहली बार देवा शरीफ के मुशायरे में जब वह पढ़कर निकले, तो पर्ची पर उनका पता लेने वाले कन्वेनर्स कि लाइन लग गई। उनकी शायरी को अलग कीजिए, बातों में एक जादू था, जो सर चढ़कर बोलता था। सूरज की तरह चमकना और ढल जाना, दोनों उन्होंने देखा। कभी किसी पर बड़ी मोहब्बत आई तो घर के दस्तरख्वान पर अपने बगल में बैठाकर, खुद रोटी तोड़कर खिलाया। जब कभी उससे दिल हट गया, तो दूध की मक्खी की तरह निकाल फेंक दिया। वह अजब थे, उनका खमीर बहुत अलहदा था।

कभी मदरसे के मौलवी के पांव के पास बैठ जाते और अपना बचपन याद कर कर के रोते तो कभी किसी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के सामने अकड़ जाते और गर्दन भी सीधी न करते। एक बात पर सुबह तेजाब उगलते, तो उसी बात पर शाम को गुलाब का पानी छिड़कते। मुनव्वर राना की शख्सियत, इन्हीं उतार चढ़ाव भरी रही, क्योंकि जिंदगी भी उनकी ऐसी ही थी जिसने कभी आगे बढ़ना चुना, तो कभी पीछे, मगर एक बात सच्ची थी। वह शख्स अपनी आखरी सांस तक अपनी एक अलग अहमियत लिए, अस्पताल में बिस्तर पर लेटा था।

मुनव्वर राना का उर्दू अदब में बड़ा काम, मुशायरों की तारीख में सुनहरा काम, समाजी मसलों पर अपनी एक राय और बेलौस दोस्त और पायदार दुश्मनी, सबको याद करने का दिन है। अब सांस लेते, बोलते, हंसते, रोते, गुस्सा करते, पुचकारते मुनव्वर राना नहीं रहे। अब उनका वह काम, जो किताबों में दर्ज है, वह जमाने के सामने उन्हें हमेशा जिंदा रखेगा। अब आने वाली नस्लें, उनके किरदार से नहीं, उनके अदब से उन्हें याद करेंगी, तब मुनव्वर राना फिर एक खुशबू बनकर छा जाएंगे।

रामचरित मानस और दरबारी राग



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

स्वतंत्रता आंदोलन की राजनीति राष्ट्र की एकता के लिए थी, लेकिन स्वतंत्रता के बाद की राजनीति इस एकता के विरुद्ध खड़ी हो गई। उसकी कहानी बहुत लंबी है, लेकिन संक्षेप में उसकी दिशा और गति लोकजीवन की एकता और लोकमंगल के विरुद्ध है, उसकी दिशा केवल और केवल राजसत्ता है। इस राजनीति के साथ साहित्य का दरबारी राग भी बदला और नए-नए रूपों में सिद्धांत बघारने लगा। पद भी पाया और पुरस्कार के तंत्र पर भी अधिकार जमा लिया।

साहित्य की कसौटी राजनैतिक-मतवाद नहीं, लोकमानस है। इसलिए साहित्य स्वभाव से ही लोक का पक्षधर होता है। दरबारी राग भी होता तो है, किंतु वह सत्ता की खुशामद का राग होता है। दरबारियों के लिए पद और पुरस्कार का राग होता है, एक प्रकार से वह लोक के विरुद्ध होता है, वह लोक की सत्ता को विखंडित करता है, विच्छिन्न करता है। लोकजीवन की सहज एकता को तोड़ने वाला होता है। उसके पीछे उसका स्वार्थ छिपा हुआ होता है।

स्वतंत्रता-आंदोलन की राजनीति राष्ट्र की एकता के लिए थी, लेकिन स्वतंत्रता के बाद की राजनीति इस एकता के विरुद्ध खड़ी हो गई। उसकी कहानी बहुत लंबी है, लेकिन संक्षेप में उसकी दिशा और गति लोकजीवन की एकता और लोकमंगल के विरुद्ध है, उसकी दिशा केवल और केवल राजसत्ता है। इस राजनीति के साथ साहित्य का दरबारी राग भी बदला और नए-नए रूपों में सिद्धांत बघारने लगा। पद भी पाया और पुरस्कार के तंत्र पर भी अधिकार जमा लिया। विश्वविद्यालयों में ऐसे दरबारी राग का साम्राज्य-विस्तार हुआ। लोकजीवन से दूर चला गया, परंतु लोकजीवन से उसे लेना भी क्या था?

साहित्य में यह राजनीति का आक्रमण था और इसका प्रवेश आलोचना के माध्यम से हुआ। लोकमंगल का साहित्य-सृजन तो दरबारी राग के बूते की बात थी नहीं, वह आलोचना के माध्यम से ही आ सकता था, आया भी। राजनीति ने उसे हजार हाथों से उपकृत किया। उसका दुस्साहस इतना बढ़ा कि वह नित-नित लोक-नमस्कृत महाकवियों को भी फेल-पास करने लगा। हालांकि उसके पास उनके जैसी एक पंक्ति भी लिखने की औकात नहीं थी, जो लोक स्वीकृत हो सके। उस कठोर जमाने में जब 'लोग सीद्यमान सोच बस' थे, जनता के पक्ष में था ही कौन? ये भक्तिकाल के आचार्य मनीषी महाकवि ही तो थे, जिन्होंने लोकजीवन को विश्वास का आधार दिया था। मंगलभवन अमंगल हारी। तुलसीदास के लोटा सोटा भी चुरा लिए गए थे। उन पर कम आक्रमण हुआ था क्या? ये बेचारे आलोचक उस परिस्थिति को समझ सकेंगे?

तुलसीदास की उन पंक्तियों पर भी नजर डालें-सोचिय विप्र जो वेद न जाना। अथवा दूबर होत नहीं कबहूं पकवान के विप्र मसान के कूकुर। अथवा विप्र निरच्छर लोलुप कामी। निराचार सठ बृषली स्वामी। अथवा पंडित सोइ जो गाल बजावा। तुलसीदास ने बादशाही जमाने में कहा- सोचिय नृपति जो नीति न जाना। जेहि न प्रजा प्रिय प्रान समाना। वह शासक निश्चित ही चिंता के योग्य है, जिसे अपने देश और प्रदेश की जनता अपने ही प्राणों के समान प्रिय नहीं है। वह शासक अवश्य ही चिंतनीय है, जो नीति को नहीं जानता है जिसमें नैतिकता नहीं है। तुम शोध करते रहे थे कि तुलसीदास वर्णवादी हिंदू थे? लेकिन तुम कभी समाज के निचले स्तर पर उतरे ही नहीं, वह स्वर सुन नहीं सके, जो सारे दायरे तोड़ कर लोकजीवन के आंगन में आज भी गूंज रहा है- मंगलभवन अमंगल-हारी। आज भी काव्य की उस कसौटी का कोई दूसरा विकल्प नहीं है -सुरसरि सम सबकर हित होई।

शोध का आपका उद्देश्य शत्रुताएं बढ़ाते रहना है? तुम्हारी बगल में बिरादरी का सांप बैठा है। उस जमाने में रहीम ने कह दिया था-रामचरितमानस विमल, संतन जीवन प्रान। हिंदुआन कों वेद सम, यवनहिं प्रकट कुरान, किंतु दुर्भाग्य यह है कि वोट की राजनीति राष्ट्र की लोकचेतना को छिन्न-विच्छिन्न करने के अपने सदाव्रत के लिए रामचरितमानस पर सवाल उठाती है। बहस करना बुद्धिजीवियों का पेशा है, इसके अलावा वे कर भी क्या सकते हैं? परंतु वह उपेक्षा के योग्य हैं, क्योंकि लोकजीवन से उनका कोई नाता-रिश्ता है नहीं, लोकजीवन में उनकी रीझ-बूझ भी कानी कौड़ी बराबर है। रामचरित मानस की कसौटी तो प्रेम है, शबरी और केवट है, निषाद है, वानर जैसी वनवासी जातियां हैं। हां, तुम अपने मतलब के लिए नफरत पैदा करते हो, नफरत बढ़ाते हो और देश की राजनीति को गर्त में ले आए हो। लिख लीजिए, यदि समष्टि के सिद्धांत को तिलांजलि दे दी, तो प्राकृतिक न्याय या शक्ति का सिद्धांत लोकतंत्र की घंटी बजा देगा।

सोशल फोरम

आमजन की कथा

लोक संस्कृति के ऐसे आयाम जो जन की आस्था और भक्ति भावना से जुड़ जाते हैं। उनके ऐतिहासिक विश्लेषण में आस्था के साथ टकराहट की स्थितियां पैदा हो जाती हैं जिसकी वजह से ऐसे विषय संवेदनशील हो जाते हैं। राम और राम कथा की ऐतिहासिकता ऐसा ही विषय है। फिर भी इस विषय पर काफी कुछ लिखा-पढ़ा गया है और जन के बीच इसकी गहरी पैठ के कारणों को जानने का प्रयास किया गया है।

डॉ. नीलिमा पांडेय
प्रोफेसर, लखनऊ विश्वविद्यालय

राम कथा की विशेषता ये है कि ये किसी एक वर्ग, समुदाय, धर्म या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। इसका प्रसार व्यापक है। यह हिंदुस्तान के आमजन की कथा है। यही सर्वव्यापकता इसको विशिष्ट बनाती है और भारतीय लोक का अभिन्न अंग भी। राम कथा के विकास के शुरुआती दौर में राम एक नायक हैं, वीर योद्धा हैं, जो कथा के क्रमिक विकास का अंतिम चरण आते-आते देवता का रूप ले लेते हैं और विष्णु के अवतार के रूप में पूजे जाने लगते हैं। मूर्ति कला में उन्हें तीर-धनुष के साथ दिखाया जाता है। वे त्रेता युग के तीन अवतारों (वामन, परशुराम और राम) में से अंतिम हैं और महत्वपूर्ण भी।

राम कथा का प्रचलन हम ब्राह्मण जैन और बौद्ध परंपराओं में पाते हैं। यद्यपि आदिकवि माने जाने वाले वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से राम कथा के ढांचे को एक रूढ़ रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथापि इस कथा के पूर्ववर्ती और विभिन्न रूपों के चिह्न ब्राह्मणेतर अर्थात् बौद्ध और जैन स्रोतों में देखे जा सकते हैं।

-फेसबुक वॉल से

क्या तभी वे जन हाशिए पर हैं

सभी तो नहीं, एक दो शंकराचार्य रिसिआए हुए हैं। उन्हें ऐसा लगता है कि वे उपेक्षित किए गए हैं। एक ने कहा कि उनके निमंत्रण में साथ होने वाले शिष्यों की संख्या प्रतिबंधित की गई है। उनकी खिन्नता, मनोमालिन्य को समझा जा सकता है। चारों दिशाओं से एक-एक शंकराचार्यों की सवारियां अपने हो-हल्ला करते शिष्यों के साथ निकलती और प्रशासन बस मूक दर्शक रहता। वे सब वहां वैसा ही हल्ला काटते जैसा वे कुंभ और महाकुंभ के अवसरों पर करते आए हैं। क्या मजाल कि कोई उनके रास्ते में आने की हिमाकत करे। आखिर वे हिंदुओं के सर्वोच्च धार्मिक पीठ के अधिष्ठाता जो हैं।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मुझे अपने एक सेवाकाल की ऐसी ही एक विशेष स्मृति है। हालांकि कुंभ/महाकुंभ के अवसरों पर शंकराचार्यों का कोप, नागा साधुओं का हुड़दंग, उनके सामने बेबस होते नतमस्तक होते प्रशासन को तो कई बार देखा है। मगर श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में यादव बंधुओं के जलाभिषेक का दृश्य भूलता नहीं। प्रतिवर्ष घटने वाले इस दृश्य का मैं सीधा साक्षी तब बना था जब मंदिर के कानून व्यवस्था के लिए रोस्टर में मैं वहां मजिस्ट्रेट था। ड्यूटी पर सुबह छह बजे पहुंचते ही मेरे जोड़ीदार पुलिस ऑफिसर ने जानकारी दी कि आज यादव बंधु बाबा का जलाभिषेक करेंगे। मैंने इस पर जब कोई विशेष प्रतिक्रिया नहीं दी तो वे समझ गए कि इस इवेंट से मैं अनभिज्ञ हूं। उन्होंने बताया कि यादव बंधुओं का हुजूम 11 बजे दिन चारों ओर से गर्भगृह में घुसेगा। अब मैं चैतन्य हुआ। कानून व्यवस्था बनाए रखने के अनेक बिंदु दिमाग में कौंध गए। अनेक बार देखा गया दृष्टांत है कि जहां भीड़ जुटी कानून व्यवस्था बिगड़ी। मैंने जब इस आसन्न आफत से निपटने के उपायों पर चर्चा शुरु की तो उन्होंने कहा कि परंपरा से यही होता आया है कि जब बाबा का जयकारा लगाते यादव बंधुओं की भीड़ मंदिर में घुसती है तो गर्भगृह उनके हवाले हो जाता है। हम सब केवल तटस्थ मूक दर्शक बन जाते हैं, जब तक वे गर्भ गृह नहीं छोड़ देते। यह तो प्रशासनिक व्यवस्था का ध्वस्त हो जाना है। कोई इस अवसर का लाभ लेकर कुछ भी कर सकता है और प्रशासन के लिए विषम स्थिति उत्पन्न कर सकता है। मैं सहसा चिंतित हो गया। गर्दन तो पहले मेरी ही नपेगी। यही कोई ग्यारह सवा ग्यारह बजा कि घनघोर शोर सुनाई पड़ा।

मैंने देखा यादव बंधुओं का हुजूम हर ओर से बाबा का जयकारा लगाता चला आ रहा है। उनके रास्ते के सारे अवरोध, चेक पाइंट हट गए हैं। पुलिस, चाक चौबंद व्यवस्था छू मंतर है। कहीं कोई उनके सामने नहीं है। बस वे ही वे हैं। पूरी आक्रामकता और जोशो-खरोश के साथ वे गर्भगृह में प्रवेश कर गए। बस हम अनुमान लगा सकते थे कि वे ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर रहे होंगे। मैं स्तब्ध सा सांस बांधे, हाथ बांधे सामने घटते इस दृश्य को देख रहा था। हे बाबा विश्वनाथ, यह पल सकुशल जल्दी बीत जाए, मन में जपता रहा। खैर पंद्रह बीस मिनटों में सब बीत गया। सकुशल। शायद सबसे पहले मैं उनके जाते ही गर्भगृह में प्रवेश कर ज्योतिर्लिंग को देखा, सब सही सलामत था। गहरा संतोष हुआ। उनके आक्रामक उत्साह और भक्तिभाव को देखकर एक क्षण को लगा था कि कहीं वे बाबा को ही न अपने साथ लेते गये हों। सब ठीक देखकर राहत की सांस ली गई। मगर यह घटना मेरे स्मृति में सदा के लिए अंकित हो गई। मर्यादा पुरुषोत्तम के साथ ऐसा अमर्यादित रवैया शायद किसी को मंजूर नहीं है। इसलिए ही श्री श्री जन हाशिए पर हो गए हैं।

राम ने भी की सूर्योपासना

चौदह और पंद्रह जनवरी के बीच की रात्रि में 2.43 बजे सूर्य देव मकर राशि में प्रविष्ट हो कर उत्तरायण हो गए। अर्थात् चपटी (इलिप्टिकल) गोलाकार पृथ्वी का उत्तरी भाग सूर्य की ओर झुक गया, जो छै मास रहेगा। फलतः जिस भूभाग में हम आवासित हैं, उसे अधिक ऊर्जा, प्रकाश, ताप और जीवनी शक्ति मिलने लगी, क्योंकि सूर्य इस सबके भंडार हैं। इसी कारण उत्तरायण शुभ और श्लाघनीय मान्य है। सूर्य आत्मकारक ज्योतिपिंड और संपूर्ण सौर मंडल के राजा हैं। सभी ग्रह उनकी परिक्रमा करते हैं। ज्योतिष में वे लग्न के कारक और कालपुरुष के मुख पर अधिकार रखने वाले वर्णित हैं। वे ज्ञान के प्रतीक हैं और हनुमान जी के गुरु हैं, उन्होंने ही उन्हें शिक्षा देकर "ज्ञानिनामग्रगण्यम्" बनाया। वे शनि और यम जैसों के पिता है जिनसे दुनिया घबराती है। यमुना जी उनकी पुत्री हैं। इच्छा मृत्यु का वरदान लिए भीष्म ने शरशैया पर लेटे-लेटे प्राण त्याग हेतु सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा की थी। कारण कि भगवान भुवन भास्कर के उत्तरायण में प्राण त्याग से ब्रह्म की प्राप्ति होती है। श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय आठ, श्लोक-24 में लिखा है, "अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लःषण्मासा उत्तरायणम्।तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः"।। और तो और सबसे बड़े शस्त्रधारी श्रीराम भी उनकी उपासना और सहायता से ही रावण वध में समर्थ हुए। वाल्मीकि रामायण, युद्धकाण्ड, अध्याय-105 में वर्णन है कि रावण से लड़ते-लड़ते वे थक गए और चिंता में पड़े हुए थे। तब अगस्त्य ऋषि वहां आए और सलाह दी कि 'राम! तुम 'आदित्य हृदय' स्तोत्र पाठ करके शक्तिपुंड सूर्यदेव की आराधना करो जिससे तुम युद्ध में विजय प्राप्त करोगे'। ऐसा कहकर उन्होंने राम को वह स्तोत्र बताया। राम ने वहीं रणभूमि में आचमन करके तीन बार इस स्तोत्र का पाठ किया। तब देवताओं के बीच खड़े सूर्यदेव ने प्रसन्न होकर कहा, "राम! अब जल्दी करो"। बस इसके बाद बढ़ी हुई शक्ति से युक्त होकर राम रणरत हुए तथा रावण वध में समर्थ हुए। रामायण के उक्त कांड के अध्याय 105 के श्लोक 3 (राम-राम महाबाहो) से लेकर 26 (युद्धेषु विजयिष्यति) तक यही स्तोत्र उल्लिखित है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी मकरगत सूर्य होने पर प्रयाग में महीने भर होने वाले स्नान पर्व को श्रद्धा पूर्वक किया है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

22 को 12:20 बजे से होगी प्राण प्रतिष्ठा

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी जानकारी बोले-दोपहर एक बजे तक चलेगा अनुष्ठान

आज से शुरू होकर 21 जनवरी तक चलेगा प्राण प्रतिष्ठा विधि पूजन, 18 को गर्भगृह में स्थापित होगी मूर्ति

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या धाम में 22 जनवरी को होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और उससे पहले के सभी कार्यक्रम की रुपरेखा तय हो गई है। 22 जनवरी को सोमवार को दोपहर 12:20 बजे से एक बजे तक प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने मनोभाव रखेगें। ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास आशीर्वाद देंगे।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय मंदिर निर्माण कार्यशाला में सोमवार को बताया कि प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त काशी के प्रकांड विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने तय किया है। प्राण प्रतिष्ठा का कर्मकांड वाराणसी के महंत लक्ष्मीकांत दीक्षित करेंगे। उन्होंने बताया कि गर्भगृह में 18 जनवरी को पांच वर्षीय राम के बाल रूप की प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित होगी। इसका वजन 150 से 200 किलो है। रामलला की खड़ी प्रतिमा स्थापित होगी। 18 जनवरी को प्रतिमा गर्भगृह में अपने आसन पर खड़ी कर दी जाएगी। ट्रस्ट महासचिव ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा की पूजन विधि कल मंगलवार 16 जनवरी से शुरू हो जाएगी, जो 21 तक चलेगी। इससे पहले प्रतिमा की जल वास, अन्न वास, शैया वास, औषधि वास, फलवास पूजा होगी।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की जानकारी देते ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय।

20 से अस्थाई मंदिर में दर्शन बंद

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों के चलते 20 और 21 जनवरी को भक्त रामलला के दर्शन नहीं कर पाएंगे। सभी लोगों के लिए दर्शन बंद किए जाने पर गंभीरता से विचार चल रहा है।

ये मेहमान होंगे प्राण प्रतिष्ठा में शामिल

गर्भगृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, आरएसएस प्रमुख डॉ .मोहन भागवत, सीएम योगी आदित्यनाथ, ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्यगोपाल दास मौजूद रहेंगे। चंपत राय ने बताया कि समारोह में सभी ट्रस्टी और 150 परम्पराओं के संत, धर्माचार्य मौजूद रहेंगे। इसके अलावा पुलिस से लेकर पैरा मिलिट्री फोर्स के अधिकारी, साहित्यकार, पद्म पुरस्कार विजेता शामिल होंगे। मंदिर निर्माण करने वाली एल एंड टी , टाटा के इंजीनियर्स और मंदिर बनाने में लगी टीम के 500 लोग, जिसे इंजीनियर्स की टीम कह सकते हैं, समारोह में शामिल रहेंगे। इसके अलावा शैव, वैष्णव, सिख, बौद्ध, जैन, कबीर पंथी, इस्कॉन, भारत सेवाश्रम संघ, राम कृष्ण मिशन, गायत्री परिवार, राधा स्वामी, गुजरात के स्वामी नारायण, लिंगायत के धर्मात्मा रहेंगे।

150 और छह दर्शन परम्पराओं के संतों के साथ 56 देशों के प्रतिनिधि, सभी भारतीय विधाओं के विशिष्ट बनेंगे साक्षी

सभी नदियों के जल से होगा अभिषेक

ट्रस्ट महासचिव ने बताया कि भारत की सभी मुख्य नदियों का जल अयोध्या आ चुका है। सभी जलों से रामलला का अभिषेक होगा। इसके अलावा नेपाल में राम जी की ससुराल, उनके ननिहाल छत्तीसगढ़ से उपहार आए हैं। जोधपुर से बैलगाड़ी पर घी आया है।

अनुष्ठान से पहले गूंजेगी मंगल ध्वनि

प्राण-प्रतिष्ठा की मुहूर्त से पहले रामजन्मभूमि मंदिर में शुभ प्रतिष्ठा लिए मंगल ध्वनि का आयोजन किया जाएगा। प्रात : 10 बजे से लगभग दो घंटे तक देश के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक वाद्ययंत्रों का वादन होगा। ट्रस्ट के महासचिव ने बताया कि मंगल ध्वनि के आयोजन में उत्तर प्रदेश के पखावज, बांसुरी और ढोलक, कर्नाटक की वीणा, महाराष्ट्र-सुंदरी, पंजाब-अलगोजा, उड़ीसा- मर्दल, मध्य प्रदेश- संतूर, मणिपुर-पुंग, असम- नगाड़ा, काली, छतीसगढ़-तंबूरा, बिहार, पखावज, दिल्ली शहनाई, राजस्थान- रावणहत्था, पश्चिम बंगाल- श्रीखोल, सरोद, आंध्र प्रदेश- घटम, झारखंड-सितार, गुजरात- संतार, तमिलनाडु- नागस्वरम्, तविल और मृदंगम, उत्तराखंड- हुड़का जैस वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति दक्ष कलाकार देंगे।

आज से 21 जनवरी तक होने वाली पूजा विधियों को भी जानें

ट्रस्ट की ओर से जारी सूचना के अनुसार 16 जनवरी को प्रायश्चित एवं कर्म कुटी पूजन, 17 को मूर्ति का परिसर प्रवेश, 18 को सायं तीर्थ पूजन व जलयात्रा, जलाधिवास एवं गंधाधिवास, 19 को सुबह औषधिवास, केसराधिवास आदि और 20 को सुबह फलाधिवास व शाम को पुष्पाधिवास और 21 जनवरी को सुबह मध्याधिवास, शाम को शय्याधिवास। इस प्रकार द्रादश अधिवास होंगे। ट्रस्ट के अनुसार सामान्यत प्राण प्रतिष्ठा के लिए सप्त अधिवास होते हैं। न्यूनतम तीन अधिवास चलन में हैं।

बढ़ाया जा सकता है रात्रि में दर्शन का समय

ट्रस्ट महासचिव ने बताया कि विभिन्न संगठनों द्वारा यहां दर्शन के लिए आने के कारण भविष्य में रात्रिकालीन दर्शन अवधि बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि विहिप और संघ के लोग यहां आए और दर्शन करें यथासंभव रात्रि निवास न हो इसके लिए रात्रि में दर्शन अवधि बढ़ाई जा सकती है। ठंड को देखते हुए ऐसा विचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा स्टोन स्टैक्चर सौ - दो सौ वर्षों में नहीं बना है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत का यह पहला इतना बड़ा आयोजन है जिसे पूरा संसार देखेगा।

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जानें क्या-क्या हैं विशेष तैयारियां

- 150 परम्पराओं के संत, महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर और श्रीमहंत आदि, 50 से अधिक आदिवासी, गिरीवासी आदि परंपरा के संत।
- इंजीनियर्स गुरुप से एल एंड टी और टाटा के 500 इंजीनियर्स, वेंडर, सब कानटेक्टर आदि भी बनेंगे समारोह के साक्षी।
- साधु-संतों के अतिरिक्त सभी दर्शन परम्पराओं जैसे कबीरपंथी, रामकृष्ण मिशन आदि के विशिष्ट जन भी मौजूद रहेंगे।
- प्राण प्रतिष्ठा के लिए निर्धारित परिसर में आठ हजार कुर्सियां लगाई जाएंगीं, आमंत्रित सभी के लिए अल्पाहार व भोजन व्यवस्था।
- 20 और 21 को दर्शन अवधि बंद रहने के दौरान भगवान को पुजारी ही आरती, भोग आदि लगायेंगे।
- प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व सभी का प्रवेश सुबह 10 .30 बजे सुनिश्चित किया गया है। लोगों को संभवत शाम पांच बजे तक रुकना होगा।
- 22 को 25 चार्टड प्लेन आने की संभावना है। 18 से 21 तक 100 जहाज आने की सूचना मिल रही है। ट्रस्ट ने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अथॉरिटी से व्यवस्था का अनुरोध किया है।
- 26 जनवरी से फरवरी के अंतिम सप्ताह तक विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस के कार्यकर्ता पदाधिकारी करेंगे दर्शन, नित्य 4500 से 5000 लोगों के आने का अनुमान।
- 56 देशों से एक - एक प्रतिनिधि आमंत्रित, हांगकांग और अमेरिका से टोलियाँ भी रहेंगी मौजूद।
- जन्मभूमि परिसर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए बनाए गए हैं नौ कुंड और 121 वैदिक आचार्य, संपूर्ण विधि निर्धारित यज्ञशाला में होगी।
- प्राण प्रतिष्ठा समारोह की संपूर्ण विधि संयोजक गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ एवं प्रमुख आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के द्वारा सम्पन्न होगी।
- देश व प्रदेश वासियों से 22 की शाम सूर्यास्त के बाद घर के बाहर पांच दीपक श्रीराम लला के नाम जय जय श्रीराम के उद्घघोष के साथ जलाने व शंखनाद का भी आह्वान।

रात को रोशनी से जगमगाता राम मंदिर

अयोध्या। अमृत विचार : 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को अब कुछ ही दिन शेष हैं, ऐसे में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंदिर के भूतल पर निर्माण सहित अन्य कार्य पूरा होने के बाद ट्रस्ट की ओर से रविवार देर रात मंदिर की कुछ नई तस्वीरें जारी की गई हैं। रात के अंधेरे में लाइट की रोशनी से जगमगाती मंदिर तस्वीर आकर्षित करने वाली है।

16 से प्रारम्भ होने वाले पूजन के यजमान ही 22 के भी होंगे यजमान

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने प्राण प्रतिष्ठा पूजन को लेकर सोमवार को नई जानकारी दी है। उन्होंने नाम की जानकारी देने से इंकार करते हुए बताया कि 16 से प्रारम्भ होने वाले प्राण प्रतिष्ठा पूजन के यजमान ही 22 को अल्प अवधि के पूजन के यजमान होंगे। उन्होंने बताया कि यजमान तय कर लिए गए हैं लेकिन अभी नाम की जानकारी नहीं दी जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में रामलला की पूजित हो रहीं मूर्ति भी गर्भगृह में स्थापित होने जा रही पांच वर्षीय रामलला की मूर्ति के साथ रहेगी।

मकर संक्रांति पर रामलला को लगा खिचड़ी, पापड़, घी अचार का भोग

अयोध्या, अमृत विचार : मकर संक्रांति पर राम जन्मभूमि परिसर स्थित अस्थाई राम मंदिर में रामलला को दही, घी के साथ खिचड़ी, पापड़ का भोग लगाया गया। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि भगवान सूर्य के उत्तरायण होने पर मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। मकर संक्रांति पर सोमवार को श्री रामलला को खिचड़ी के साथ घी दही अचार पापड़ और तिल से बने व्यंजन का भोग लगाया गया है। यह प्रसाद राम भक्तों में वितरित किया गया।

अयोध्या-मुंबई हवाई सेवा शुरू, पहली फ्लाइट से पहुंचे 'द्रोणाचार्य'

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : दिल्ली और अहमदाबाद के बाद अयोध्या से अब मुंबई के लिए भी हवाई सेवा शुरू हो गई। इंडिगो एयरलाइंस की पहली फ्लाइट सोमवार को महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंची। श्रीराम के जयकारे लगाते हुए यात्री एयरपोर्ट से बाहर निकले। इसी बीच महाभारत में द्रोणाचार्य का किरदार निभाने वाले अभिनेता सुरेंद्र पाल सिंह के एयरपोर्ट से बाहर आते ही लोगों में उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ मच गई। मौसम की बेरुखी के कारण मुंबई से आने वाली फ्लाइट तकरीबन एक घंटे की देरी से पहुंची। मुंबई के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से 1:48 मिनट पर उड़ी और अयोध्या के एयरपोर्ट 3 बजकर 35 मिनट पर उतरी। यात्रियों ने बताया कि उनका मुंबई एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस की तरफ से रामनामी व गुलाब का फूल देकर स्वागत किया गया था, यहां कोई भी नहीं दिखा। अभिनेता सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि वह पहली बार अयोध्या आए हैं। उनका रामलला के दर्शन के साथ ही शूटिंग का भी प्रोग्राम है। इस बीच लोग बारी-बारी से उनके पास आकर फोटो करवाते रहे। आधे घंटे के बाद यहां से मुंबई के लिए भी फ्लाइट टेकऑफ कर गई। उधर, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की ओर से यहां एयरपोर्ट मार्ग पर श्रद्धालुओं के स्वागत में होर्डिंगें लगवाई गई थी।

अभिनेता सुरेंद्र पाल सिंह के साथ यात्रियों ने सेल्फी भी ली।

डिपो नहीं आएंगी बसें, अयोध्या धाम जंक्शन पर नहीं रुकेंगी ट्रेनें

प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर 19 की शाम से हाईवे और 21 की सुबह से शहर में लागू होगा रूट डायवर्जन

अयोध्या, कार्यालय

अमृत विचार: प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर यातायात पुलिस की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था के मद्देनजर 19 की शाम से हाईवे पर अंतरजनपदीय और 21 की सुबह से अंतरजनपदीय रूट डाइवर्जन लागू करने का निर्णय लिया है।

इस बार समारोह को लेकर आइसोलेशन का दायरा बढ़ाया गया है। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लकेर 21 व 22 जनवरी को डिपो पर कोई रोडवेज बस नहीं आएगी। अयोध्या धाम जंक्शन पर 22 जनवरी को ट्रेनों का ठहराव नहीं होगा। हालांकि आकस्मिक सेवा और कार्यक्रम से जुड़े वाहनों को इस प्रतिबंध के दायरे से बाहर रखा गया है। समारोह के मद्देनजर 19 जनवरी की शाम चार बजे से हाईवे पर अन्य जनपदों से ही भारी वाहनों को डाइवर्ट किया जाएगा। एसपी यातायात एपी सिंह ने सोमवार को बताया कि विभिन्न स्तर के रुट डाइवर्जन के लिए मुख्यालय से संबंधित जनपदों को सूचित किया गया है।

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन।

प्राण-प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या की ओर नहीं आएगा कोई वाहन

एसपी यातायात एपी सिंह ने सोमवार को बताया कि मुख्य समारोह के दिन 22 जनवरी को आमंत्रित अतिथियों, पास धारक तथा आकस्मिक सेवा से जुड़े वाहनों के अलावा सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक प्रयागराज हाईवे पर पूराकलंदर थाने से, रायबरेली हाईवे पर सरियावां चौराहे से,लखनऊ हाईवे पर सोहावल ओवरब्रिज से, गोरखपुर हाईवे पर बस्ती जिले के घघौवा और गोंडा के लकड़मंडी तिराहा व लोलपुर से अयोध्या की ओर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान सुल्तानपुर की ओर से आने वाले वाहनों को पिपरी मोड़,थाना पूराकलन्दर रोड से रामपुर भगन, तारुन, हैदरगंज, भीटी व जमूरतगंज, इटौरा तिराहा,अंजना बिलहरघाट,पूराबाजार के रास्ते अम्बेडकरनगर रोड तथा मसौधा तिराहे से महावा चौराहा, सरियावां चौराहा होते हुए रायबरेली रोड पर जाएंगे। रायबरेली की ओर से आने वाले वाहन मिल्कीपुर चौराहे से हैरिग्टनगंज,खजुरहट व सरियावां चौराहा से महावां चौराहा, मसौधा तिराहा सुल्तानपुर रोड पर जाएंगे। अमानीगंज रोड,रुदौली व आजादनगर-सोहावल होते हुए लखनऊ हाईवे, लखनऊ हाईवे पर वाले वाहन हाईवे स्थित सोहावल ओवरब्रिज से ढेमुआघाट व सोहावल, आजादनगर, सरियावां चौराहा के रास्ते अपने गंतव्य को जा सकेंगे। अम्बेडकरनगर की ओर से आने वाले वाहन पूरा बाजार तिराहा बिलहरघाट, जलालपुर, सुल्तानपुर रोड व आने वाले वाहन कूढ़ाकेशवपुर,अचारी का सगरा,इटौरा, जलालपुर के रास्ते गंतव्य को जा सकेंगे।

- नवीन मंडी से शान्ति चौक (एयरपोर्ट), अग्रसेन तिराहे वैरियर से शांति चौक, नवीनमंडी अण्डरपास तथा जनौरा कट,साईदाता कुटी,साकेतपुरी कॉलोनी मोड़, देवकाली ओवर ब्रिज,महोबरा ओवरब्रिज,साकेत फ्लाई ओवर से आवागमन बंद रहेगा।
- शहर से अयोध्या धाम आने वाले वाहन बेनीगंज तिराहे से देवकाली,उदया चौराहा से गैस गोदाम तिराहे,रानोपाली रेलवे कासिंग से दाहिने लंगड़वीर चौराहा होकर परिक्रमा मार्ग के रास्ते जाएंगें। साकेत डिग्री कॉलेज,विद्याकुण्ड तिराहा,बड़ी छावनी,रामघाट चौराहा, दीनबन्धु अस्पताल,गोलाघाट,मौनीबाबा आश्रम, मरदहिया घाट, मंत्रार्थ मण्डपम् से अयोध्या धाम में प्रवेश पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

इस तरह वाहनों का होगा आवागमन

- गोरखपुर से लखनऊ जाने वाले वाहन कौड़ीराम से होते हुए बडहलगगंज, दोहरीघाट, जीयनपुर, आजमगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते लखनऊ जाएंगे।
- गोरखपुर से संतकबीरनगर, बासी, मेहदावल, डुमरियागंज, उतरौला, बलरामपुर, गोण्डा, जरवल रोड, चौकाघाट से बदोसराय होते हुए सफदरगंज के रास्ते लखनऊ जाएंगे।
- बस्ती से कलवारी-टाण्डा-अकबरपुर-दोस्तपुर के रास्ते पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए लखनऊ जाएंगे।
- आगरा एक्सप्रेस-वे से आने वाले वाहन मोहान-जुनाबगंज-मोहनलालगंज-गोसाइगंज से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से गोरखपुर जाएंगे।
- सीतापुर-शाहजहाँपुर से बस्ती-गोरखपुर जाने वाले वाहन आईआईएम रोड

दुबग्गा, आलमबाग, नहरिया, शहीदपथ,अहीमामऊ होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते जाएंगे।

- बलरामपुर, बहराइच, गोण्डा, श्रावस्ती से अयोध्या होकर लखनऊ जाने वाले वाहन गोण्डा, करनैलगंज,जरवल रोड, चौकाघाट, बदोसराय,सफदरगंज के रास्ते लखनऊ जाएंगे।
- सुल्तानुपर से बस्ती, गोरखपुर को जाने वाले वाहन कूडेभार से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते जाएंगे।
- रायबरेली से बस्ती-गोरखपुर जाने वाले वाहन हलियापुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए जाएंगे।
- लखनऊ-बाराबंकी की ओर से आने वाले वाहन चौकाघाट, जरवल रोड, करनैलगंज व रामसनेही घाट-हैदरगढ़ के रास्ते जाएंगे।
- आजमगढ़-अम्बेडकरनगर से लखनऊ जाने वाले वाहन अम्बेडकरनगर से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते डाइवर्ट किये जाएंगे।
- कानपुर की ओर से आने वाले वाहन फतेहपुर, हुसैनगंज थाना से पहले गंगासो पुल थाना सरैनी (रायबरेली), लालगंज कस्बा से गुरबक्शगंज, बछरावां, शिवगंढ़ होते हुए हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते गोरखपुर आएंगे और जाएंगे।

- 21 जनवरी की सुबह 8 बजे से प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी की शाम 8 बजे तक प्राण-प्रतिष्ठा में आमंत्रित, पास धारक और अयोध्या जनपद में पंजीकृत वाहनों को ही आवागमन की अनुमति होगी। इस दौरान सुल्तानुपर से आने वाले वाहन कूड़ेभार से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से होकर जाएंगे। लखनऊ-बाराबंकी की ओर से आने वाले वाहन दिलौना (रामसनेही घाट) से भिटरिया, हैदरगढ़, दरियाबाद, टिकैतनगर, रामनगर, बस्ती से आने वाले वाहन कलवारी मोड़ से टाण्डा, अकबरपुर, दोस्तपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए जाएंगे।
- अम्बेडकरनगर की ओर से आने वाले वाहन यादव नगर से भीटी, हैदरगंज, बेरु बाजार, चौरे बाजार, रायबरेली से आने वाले वाहन हलियापुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए जाएंगे। बलरामपुर, बहराइच, गोण्डा, श्रावस्ती से अयोध्या होकर लखनऊ जाने वाले वाहन गोण्डा, कर्नलगंज,जरवल रोड,चौकाघाट, बदोसराय, सफदरगंज,लखनऊ मार्ग पर ही चलेंगे।

दो द्वार, धर्मपथ से आने वालों को जल्दी होगा दीदार

- लखनऊ से 11, गोरखपुर से आने वालों को तीन किमी चलने पर मिलेगा जन्मभूमि पथ
- जन्मभूमि पथ पर 470 मीटर पैदल चलने के बाद ही मिलेंगे रामलला के दर्शन

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

अमृत विचार : इंतजार की घड़ियां अब खत्म होने वाली हैं। 23 जनवरी से आप अपने आराध्य श्रीराम के जन्मभूमि में बने भव्य मंदिर में दर्शन कर सकेंगे। 22 को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले मंदिर जाने वाले सभी मार्गों को त्रेता युग की तरह सजाया और संवारा जा रहा है। खास तौर से अयोध्या में प्रवेश के दो मुख्य द्वारों की भव्यता निहारते ही बनती है। सहादतगंज प्रवेश मार्ग हो या फिर बालू घाट चौराहा। दोनों ही तरफ बड़ी-बड़ी मूर्तियां और स्वागत के बोर्ड लग गए हैं, लेकिन अहम बात यह है कि दोनों द्वारों से मंदिर की दूरी में बड़ा अंतर है। अगर आप लखनऊ सड़क मार्ग से अयोध्या में प्रवेश कर रहे हैं तो आप 11 किलोमीटर चलने के बाद जन्मभूमि पथ पर आ सकेंगे। गोरखपुर या उस रास्ते से अयोध्या में प्रवेश करने वाले श्रद्धालु धर्म पथ व रामपथ के रास्ते तीन किलोमीटर चलने के बाद ही जन्मभूमि पथ पर पहुंच जाएंगे। लखनऊ से आने वालों को सहादतगंज स्थित प्रवेश द्वार से प्रवेश करते हुए रामपथ से जन्मभूमि पथ तक आना होगा। सहादतगंज से जन्म भूमिपथ की दूरी 11 किमी. है। बिहार- गोरखपुर से आने वाले श्रद्धालु बालू घाट स्थित धर्मपथ से प्रवेश करेंगे। 1200 मीटर पर लता चौक से बाएं होते हुए 1800 मीटर चलने पर जन्मभूमि पथ पहुंच जाएंगे।

आगमन पथ पर चूड़ामणि चौराहे से प्रवेश का अलग है आनंद

अयोध्या आने के आगमन पथ तो कई बना दिये गए हैं, लेकिन चूड़ामणि चौराहे से प्रवेश करने का आनंद अलग रहेगा। अयोध्या-गोरखपुर हाईवे से महोबरा जाने वाले मार्ग से होते हुए आप चूड़ामणि चौराहा पहुंचेंगे। वहां सीता माता का बड़ा चूड़ा सांकेतिक रूप से लगाया गया है। यहां से टेढ़ी बाजार होते हुए आप 1800 मीटर का सफर करते हुए आसानी से जन्मभूमि पथ पहुंच सकते हैं। इसके अलावा देवकाली बाईपास के नजदीक साकेतपुरी कॉलोनी मार्ग व रेलवे स्टेशन से अस्पताल मार्ग से भी जन्मभूमि पथ जाया जा सकता है।

> रामपथ व धर्मपथ समेत हमारे सभी कॉरिडोर लगभग पूरे हो चुके हैं। अब सिर्फ सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। वह भी अंतिम चरण में है। 23 जनवरी से श्रद्धालुओं के लिए दर्शन शुरू हो जाएंगे।
> -नितीश कुमार, जिलाधिकारी।

यह भी मान्यता प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक के समय यहीं रुके थे सूर्यदेव, आध्यात्मिक महत्व के बावजूद यह क्षेत्र वर्षों तक रहा उपेक्षा का शिकार

सूर्य कुंड के दर्शन बिना पूरी नहीं होती रामनगरी की यात्रा

विवेक सक्सेना, अयोध्या

अमृत विचार : रामनगरी में सूर्य कुंड वह स्थान है जहां कभी सूर्य भी आकर ठहर गए थे। कहते हैं तब अयोध्या में एक महीने तक रात नहीं हुई थी। पौराणिक विवरणों में उल्लेखित सूर्य कुंड आध्यात्मिक व ऐतिहासिक धरोहर है। ऐसी मान्यता है कि सूर्यकुंड के दर्शन बिना रामनगरी की यात्रा पूरी नहीं होती है। इसके बावजूद वर्षों तक यह उपेक्षा झेलता रहा।

राम मंदिर के 2019 में आए फैसले के बाद योगी सरकार ने इस विख्यात कुंड का 40.95 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार कराया तो इस पावन पौराणिक कुंड को नई आभा प्राप्त हुई। आज यह कुंड लोगों को आरोग्य व पुण्य का प्रसाद देने के साथ ही उनके मनोरंजन का भी प्रमुख केंद्र बन गया है। यहां विकसित पार्क में लेजर-शो समेत तमाम आकर्षण विकसित किए गए हैं।

दर्शननगर स्थित सूर्यकुंड

- दर्शननगर स्थित कुंड का 40.95 करोड़ रुपये से योगी सरकार ने कराया जीर्णोद्धार
- पर्यटकों को लुभा रहे लेजर-शो समेत तमाम आकर्षण

कुंड में स्नान से कुष्ठ व चर्म रोग होते दूर

ऐसी मान्यता है कि जब भगवान राम का राज्याभिषेक हो रहा था, तब उस समय सारे देवता अयोध्या आए थे। उनमें सूर्य देवता भी थे। सूर्य देवता दर्शन नगर के पास रुके थे, जिसको आज सूर्य कुंड के नाम से जाना जाता है। वहां पर सूर्य देवता का एक मंदिर भी है। मान्यता है कि इसी स्थान पर सूर्य का रथ रुका था और रथ के यहां धस जाने के कारण यहां कुंड का निर्माण हुआ। एक मान्यता यह भी है कि जब चरक ऋषि ने यहां स्नान किया था तो उनका कुष्ठ रोग दूर हो गया था। ऐसे में, जो भी कुष्ठ व चर्म रोगी यहां स्नान करता है, उसकी बीमारियां ठीक हो जाती हैं ।

इन कार्यों ने सूर्य कुंड को बनाया खास

यहां चूना और गुड़ से मंदिर व कुंड की बाहरी दीवारों का संरक्षण किया गया है। इसके साथ ही, कुंड के रखरखाव की प्रक्रिया व यहां भव्य पार्क विकसित करने की प्रक्रिया को भी पूर्ण किया गया है। कुंड पर गुरुवार से भव्य साउंड व लेजर शो आयोजन शुरू हुआ है। यहां आधे घंटे के लेजर-शो का आयोजन होता है। जिसमें सूर्य कुंड की आभा, पौराणिक वैभव व सूर्यकुल की परंपरा के बारे में बताया जाता है। कुंड पर विभिन्न स्थानों पर बड़े-बड़े इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले भी लगाए गए हैं। जिनमें रामानंद कृत रामायण को दिखाया जाता है। इसके अलावा भक्ति गीत और सरकारी योजनाओं के बारे में इनके जरिए जागरुकता का प्रसार भी किया जाता है।

ओपन एयर थिएटर की भी सुविधा

कुंड पर एक विशिष्ट सांस्कृतिक स्थल भी है जो ओपन एयर थिएटर का कार्य करता है। यहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन भी 15 से 22 जनवरी के मध्य होगा। सोलर पैनल्स से यहां बिजली उत्पादन होता है। यहां विक्टोरियन विटेज थीम्ड आर्क व एलईडी लैंप युक्त लाइटिंग की गई है। इसके अतिरिक्त, यहां फसाड लाइटिंग भी की गई है जो नव्य आभा प्रदान करती है।

रामकथा सुन भाव विभोर हुए भक्त

रामकथा में व्यासगद्दी पर बैठे स्वामी रामभद्राचार्य।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामनगरी स्थित बड़ा भक्तमाल की बगिया में आयोजित 1008 कुंडिय हनुमन महायज्ञ व अमृत वर्ष के दूसरे दिन सोमवार को रामकथा सुन श्रोता भाव-विभोर हो गए। सीताराम-सीताराम नाम जाप से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। वहीं कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वहां मौजूद लोगों का मन मोह लिया। रामकथा का अमृतपान करा रहे पद्मविभूषण तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य ने कहा कि अयोध्या के इस ऐतिहासिक प्रांगण में चल रही कथा श्रृंखला के 1283वीं श्रीरामकथा है। इसके अलावा यहां आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में आए विभिन्न हस्तियों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन पूजन भी हुआ।

एक नजर

भड़काऊ बयान के लिए सांसद अनंतकुमार पर केस

बेंगलुरु। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में कुमता पुलिस ने भड़काऊ भाषण देने के आरोप में भाजपा सांसद अनंतकुमार हेगड़े के खिलाफ स्वत: संज्ञान लेकर मामला दर्ज किया है। पुलिस ने उस वायरल वीडियो के आधार पर मामला दर्ज किया है जिसमें सांसद मंदिर पर बनी एक मस्जिद को ध्वस्त करने का आह्वान करते हुए देखे गए। आयोध्या स्थित राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले इस बयान को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और कन्नड़ एवं संस्कृति मंत्री शिवराज तांगडाग ने सांसद की आलोचना की है।

जातिगत विभाजन को बढ़ावा दे रही कांग्रेसः मिलिंद

मुंबई। पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवरा ने कांग्रेस छोड़ने और शिवसेना में शामिल होने के अपने फैसले को सही ठहराते हुए आरोप लगाया है कि कांग्रेस अपनी वैचारिक एवं संगठनात्मक जड़ों से भटक गई है। वह जाति के आधार पर विभाजन को बढ़ावा दे रही है एवं कारोबारी घरानों को निशाना बना रही है। देवरा ने कहा कि वह एक ऐसे नेता का सहयोग करना चाहते हैं जो रचनात्मक विचारों को महत्व देता है और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उनकी क्षमता को पहचाना है।

पिघली धातु से घायल तीन श्रमिकों की मौत

भुज। गुजरात के कच्छ जिले में एक स्टील फैक्ट्री में पिघली हुई धातु गिरने से झुलसे तीन मजदूरों की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। वहीं एक अन्य कर्मचारी की हालत गंभीर है, जबकि तीन अन्य को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार सुबह अंजार शहर में स्टील फैक्ट्री में हुई, जहां काम के दौरान भट्ठी से पिघली हुई धातु छलक कर कुछ श्रमिकों पर गिर गई। इसमें सात श्रमिक झुलस गए थे।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 150वें स्थापना दिवस पर की भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की तारीफ

अब होती है सेकंडों में मौसम की सही भविष्यवाणी

नई दिल्ली, एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चक्रवात जैसी मौसमी घटनाओं की समय रहते जानकारी देने के लिए सोमवार को भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की प्रशंसा की। कहा कि इससे गहरे समुद्र में लोगों की जान बचाने और जहाजों को होने वाले नुकसान को रोकने में मदद मिली। आईएमडी की 150वीं वर्षगांठ पर एक साल तक चलने वाले समारोह की शुरुआत करते हुए धनखड़ ने कहा कि ऐसा वक्त भी था जब मौसम विभाग द्वारा जारी की जाने वाली बारिश की भविष्यवाणी गलत साबित होती थी लेकिन अब कुछ ही सेकंड में सटीक भविष्यवाणियां की जाती है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू के साथ नई दिल्ली में आईएमडी के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में स्मारिका जारी की।

उन्होंने कहा कि आईएमडी का असर एक सुरक्षा जाल के रूप में उभरा है जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा कर रहा है और नागरिकों को प्रकृति के प्रकोप से बचा रहा है। धनखड़ ने कहा, कृषि और स्वास्थ्य देखभाल से लेकर विमानन और ऊर्जा तक इसका प्रभाव सर्वव्यापी है। यह खेत जोत रहे किसान से लेकर हमारी सीमाओं की रक्षा कर रहे जवानों तक प्रत्येक नागरिक की जिंदगियों को छू रहा है।

समारोह में पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रीजीजू, पृथ्वी विज्ञान सचिव एम. रविचंद्रन, आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र, मंत्रालय के पूर्व सचिव और आईएमडी के पूर्व महानिदेशक भी शामिल हुए। रीजीजू ने कहा कि आईएमडी ने पश्चिम हिमालयी क्षेत्र में 10 डॉपलर मौसम रडार लगाए गए हैं और बादल फटने के बेहतर पूर्वानुमान के लिए पूर्वी हिमालयी क्षेत्र में 11 डॉपलर रडार लगाने की योजना है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने आईएमडी के मोबाइल एप मौसम की भी शुरुआत की। इसमें मौसम कार्यालय द्वारा दी जाने वाली सभी सेवाओं को एकीकृत किया गया है। साथ ही उन्होंने पंचायत मौसम सेवा, निर्णय सहयोग प्रणाली और जलवायु सेवाओं के लिए राष्ट्रीय रूपरेखा जैसी नयी पहल भी शुरू की।

आईएमडी ने पर्यावरण के प्रति हमारी समझ बढ़ाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईएमडी की स्थापना की 150वीं वर्षगांठ पर सोमवार एक्स पर पोस्ट की। इसमें लिखा आज अपने राष्ट्र के लिए भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की असाधारण सेवा के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। मौसम पूर्वानुमान से लेकर जलवायु अनुसंधान को आगे बढ़ाने तक, आईएमडी जीवन की सुरक्षा व पर्यावरण की हमारी समझ को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है।

डंकी रूट से लोगों को यूरोप भेजने के नौ आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ प्रत्येक यात्री से 15 लाख रुपये तक वसूलते थे आरोपी

दिल्ली पुलिस ने सोमवार को दावा किया कि अवैध दस्तावेजों के आधार पर लोगों को यूरोपीय देशों में भेजने के आरोप में चार बांग्लादेशी नागरिकों समेत नौ लोगों की गिरफ्तारी के साथ एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश किया गया है।

अधिकारी ने कहा कि आरोपी काम के फर्जी परमिट हासिल करके कुख्यात डंकी रूट का इस्तेमाल कर रहे थे और प्रत्येक यात्री से 15 लाख रुपये तक वसूल रहे थे। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अचिन गर्ग के अनुसार, गिरोह का पर्दाफाश होने की शुरुआत चार जनवरी को बांग्लादेशी नागरिकों मोहम्मद अनवर काजी (22) और मोहम्मद खलीलुर रहमान (22) की गिरफ्तारी के साथ शुरू हुई। गर्ग ने कहा, कि काजी और रहमान की गिरफ्तारी के बाद अली अकबर, मोहम्मद इब्राहिम, मोहम्मद मुदस्सिर खान, बरेंद्र आर्य, धीरज बिश्नोई, गौरव गुलाटी और मोहम्मद यूनुस को गिरफ्तार किया गया।

अधिकारी ने कहा कि अली अकबर और यूनुस खान भी बांग्लादेशी नागरिक हैं और वे दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे थे।

नड्डा ने दिल्ली से की दीवार लेखन अभियान की शुरुआत

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को यहां लोस चुनाव से पहले मोदी सरकार के नारे के ऊपर पार्टी के चुनाव चिह्न कमल की तस्वीर बनाकर पार्टी के दीवार लेखन अभियान की शुरुआत की। नई दिल्ली स्थित लोधी कॉलोनी में प्रचार अभियान में भाग लेने के बाद नड्डा ने लोगों से आगामी आम चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने और नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री बनाने की अपील की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विकास की गति और देश की वैश्विक मान्यता निर्बाध रूप से जारी रहे।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि लोग एक स्थिर और समावेशी सरकार चुनेंगे और मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और विकास के भाजपा के संकल्प को साकार करने में मदद करेंगे। नड्डा ने कहा कि अप्रैल-मई में संभावित लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देश भर के हर मतदान केंद्र पर इसी तरह की कवायद की जाएगी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा नई दिल्ली में पार्टी के दीवार लेखन अभियान की शुरुआत करते हुए।

सीतापुर में चीनी मिल में बॉयलर फटा, 3 की मौत

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

▸▸ डालमिया चीनी मिल में हुआ हादसा, मृतकों में दो बरेली के डीएम एसपी ने किया मुआयना

अमृत विचारः रामकोट थाना इलाके में डालमिया यूनिट की जवाहरपुर चीनी मिल में डिस्टलरी ग्रेन टैंक में सोमवार को तेज धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि टैंक में जाली लगाने का काम कर रहे तीन कर्मचारियों की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना देकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की वजह टैंक में प्रेशर अधिक बढ़ जाना बताया जा रहा है।

सोमवार सुबह दस बजे जवाहरपुर चीनी मिल के नए डिस्टलरी ग्रेन टैंक के बाहरी हिस्से में जाली लगाने का काम चल रहा था। इस दौरान अचानक डिस्टलरी ग्रेन टैंक में प्रेशर अधिक बढ़ने से तेज धमाका हो गया। धमाके से कार्य में लगे तीन मजदूरों की मौत हो गई। इनकी पहचान अवतार सिंह पुत्र रेशम सिह निवासी कस्बा रामकोट सीतापुर, राजू मौर्या पुत्र गेदन लाल निवासी सीबीगंज जिला बरेली, विनोद पुत्र साहब सिंह निवासी फतेहगंज पश्चिमी थाना फतेहगंज जनपद बरेली के रूप में हुई है। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की गई है।

हादसे के बाद घटनास्थल पर पहुंचे डीएम व एसपी। अमृत विचार

सीएम ने हादसे पर जताया दुख

चीनी मिल में हुए हादसे पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेते हुए दु:ख जताया। सीएम ने डीएम-एसपी को तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों के तत्कालीन इलाज और हर संभव मदद दिलाने के निर्देश दिए। सीएम ने मृतकों के परिवारों वालों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की।

वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चीनी मिल में हुई दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है।

चुनावी मौसम में भाजपा को याद आए आदिवासी : कांग्रेस अध्यक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ आदिवासियों पर होने वाले खर्च में भारी कमी क्यों की गई : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर केवल चुनाव से पहले आदिवासियों को याद करने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी सरकार पुरानी योजनाओं के नाम बदलकर समुदाय को मूर्ख बनाने की कोशिश कर रही है। खरगे ने पूछा कि मोदी सरकार के दौरान आदिवासियों पर होने वाले खर्च में भारी कमी क्यों की गई है। मोदी ने जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के एक लाख लाभार्थियों को 540 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी करने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपने संबोधन में कहा कि उनकी सरकार के 10 साल गरीबों को समर्पित रहे। इस कार्यक्रम के बाद खरगे की यह टिप्पणी आई है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर पोस्ट किया, चुनाव के चलते ही सही पर प्रधानमंत्री जी को आज 10 साल बाद, आदिवासियों और जनजाति कल्याण की याद तो आई है। उन्होंने कहा, हम मोदी सरकार से तीन सवाल पूछना चाहते हैं - वर्ष 2013 के मुकाबले, आदिवासियों के खिलाफ अपराध में 48.15 प्रतिशत की वृद्धि क्यों हुई? क्यों भाजपा की डबल इंजन सरकारें वन अधिकार कानून, 2006' को लागू करने में पूरी तरह विफल रही हैं। खरगे ने कहा, इस कार्यक्रम से पहले, मोदी सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के लिए निर्धारित विकास योजना के खर्च में लगातार गिरावट क्यों आई ? यह बड़ा सवाल है।

जल्लीकट्टू पर जोर आजमाइश...

खेती और फसलों से जुड़ा उत्सव पोंगल पूरे तमिलनाडु में सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। पोंगल उत्सव के साथ ही मदुरै में सांड़ को काबू करने की लोकप्रिय प्रतियोगिता 'अवनियापुरम जल्लीकट्टू' भी शुरू हो गई। कई युवाओं ने बेकाबू सांड़ों को काबू में करने की कोशिश की। इस दौरान दो पुलिस कर्मियों सहित 40 से अधिक लोग घायल हो गए। ● एजेंसी

शर्मिष्ठा मुखर्जी ने प्रधानमंत्री को भेंट की अपनी किताब

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें अपनी किताब प्रणब माई फादरः ए डॉटर रिमेम्बर्स' की एक प्रति भेंट की।

मुखर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें किताब की एक प्रति भेंट की। वह हमेशा की तरह मेरे प्रति दयालु थे और बाबा (प्रणब मुखर्जी) के लिए उनका सम्मान कम नहीं हुआ है। धन्यवाद सर। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री से मुलाकात की कुछ तस्वीरें भी साझा की। किताब का विमोचन पिछले साल दिसंबर महीने में प्रणब मुखर्जी की जयंती के अवसर पर किया गया था।

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री को किताब भेंट करतीं शर्मिष्ठा मुखर्जी।

▸▸ पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी की बेटी हैं शर्मिष्ठा मुखर्जी।

पांचजन्य के स्थापना दिवस पर कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने किया संबोधित

अंतिम सांसें गिन रहा आतकंवाद, करेंगे ऑलआउट

नई दिल्ली, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश की सरकार पाकिस्तान की शह में आतंकवाद को फिर से खड़ा करने की कोशिशों के विरुद्ध सेना के साथ मिल कर ऑपरेशन ऑल आउट शुरू करने जा रही है और छह माह में इसका परिणाम सामने आ जाएगा। सिन्हा ने यहां पांचजन्य के 77वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।



पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर एवं ऑर्गनाइज़र के संपादक प्रफुल्ल केतकर से साक्षात्कार में श्री सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 एवं 35 ए हटने के बाद वहां की वादियों की गोलियों की आवाज़ की जगह तरक्की का कोलाहल सुनायी दे रहा है। नौजवानों के हाथों में पत्थर की जगह लैपटॉप आ गया है। राज्य में वर्ष 2022 में एक करोड़ 83 लाख सैलानी आये वहीं 2023 में सैलानियों की संख्या दो करोड़ 11 लाख से अधिक रही। जी-20 की बैठकों के बाद पर्यटकों की संख्या साढ़े तीन गुना हो गई है।

▸▸ जम्मू कश्मीर में गोलियों की आवाज़ की जगह तरक्की का कोलाहल सुनाई दे रहा

उपराज्यपाल ने हाल ही में घटित आतंकवादी घटनाओं के बारे में पूछने पर कहा कि राज्य में आतंकवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। पड़ोस से कोशिश हो रही है। हमने केवल आतंकवादी ही नहीं बल्कि आतंकवाद का पूरा ईकोसिस्टम खत्म कर दिया है। जम्मू कश्मीर में सौदेबाजी की शांति नहीं बल्कि स्थायी शांति स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का ढांचा चरमरा चुका है और उसे जड़ से उखाड़ फेंकने का काम किया जा रहा है।

अमित शाह की बड़ी बहन का निधन

मुंबई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बड़ी बहन राजेश्वरी प्रदीप शाह का मुंबई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया है। वह 65 वर्ष की थीं।

पार्टी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि राजेश्वरीबेन को हाल ही में अहमदाबाद अस्पताल में फेफड़े के प्रत्यारोपण के बाद डॉक्टरों ने मुंबई के एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में स्थानांतरित किया था, जहां उनका निधन हो गया। शाह ने पिछले सप्ताह दक्षिण मुंबई स्थित इस अस्पताल में उनसे मुलाकात की थी। बहन के निधन के बाद शाह ने अपने सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रद कर दिए हैं।

एनीजीटी ने राज्यों और यूटी से मांगी रिपोर्ट

नयी दिल्ली, एजेंसी

▸▸ जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुपालन संबंधी याचिका की सुनवाई

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुपालन के संबंध में शीघ्रतापूर्वक रिपोर्ट दाखिल करें। अधिकरण 2016 के नियमों का पालन न करने के खिलाफ उपचारात्मक कार्रवाई किए जाने के अनुरोध संबंधी याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इससे पहले पिछले साल जनवरी और अक्टूबर में सुनवाई के दौरान, इसने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अनुपालन स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था।

न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने 12 जनवरी को पारित एक आदेश में कहा कि 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों - आंध्र प्रदेश, मेघालय, पंजाब, त्रिपुरा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और गोवा द्वारा रिपोर्ट दायर की गई थीं। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी शामिल थे।

पीठ ने कहा सीपीसीबी के सदस्य सचिव यह भी सुनिश्चित करेंगे कि शेष राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा रिपोर्ट शीघ्रता से दाखिल की जाएं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 12 मार्च तय की।

उत्तराखंड

रुद्राभिषेक पाठ के बाद घी की गुफा में लीन हुए शिवजी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान भोलेनाथ मकर संक्रांति के पर्व पर एक महीने के लिए घृत कमल में साधना लीन हो गए हैं। सोमवार को मंदिर के 11 पुजारियों ने परिसर में विधि विधान से रुद्राभिषेक पाठ किया, जिसके बाद भगवान भोलेनाथ को 201 किलो घी से बनाई गई गुफा रूपी घृत कमल से आच्छादित कर दिया गया। एक महीने के बाद इसी घृत कमल के घी को प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को वितरित किया जाएगा।

साधनालीन बाबा भोलेनाथ।

▸▸ एक माह बाद गुफा रूपी घी प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा

सचिवालय से भी की जाएगी ऑनलाइन हाईब्रिड सुनवाई

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुरू किया उत्तराखंड ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचारः सचिवालय में उत्तराखंड ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल तथा ऑनलाइन द्वितीय अपील/शिकायत एवं हाईब्रिड सुनवायी की व्यवस्था के साथ ही सूचना अनुरोध पत्रों तथा प्रथम अपीलों के ऑनलाइन प्रेषण के लिए बनाए गए पोर्टल का मुख्यमंत्री ने सोमवार को शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल बनने से लोगों का काफी मदद मिलेगी। लोगों का अपीलों की सुनवाई में आने-जाने में लगने वाला समय भी बचेगा। सूचना का अधिकार अधिनियम से लोगों द्वारा शासन-प्रशासन से संबंधित अपनी व्यक्तिगत तथा सामुदायिक कठिनाईयों का निराकरण करने में और आसानी हो जाती है। इन ऑनलाइन सुविधाओं का सबसे अधिक लाभ राज्य के दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों के निवासियों को मिलेगा। उन्हें सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत आवेदन एवं प्रथम अपील ऑनलाइन रूप से करने की सुविधा

▸▸ राज्य के दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों के निवासियों को होगा ज्यादा लाभ

▸▸ जनवरी 2022 से दिसम्बर 2023 तक 11,037 वादों की सुनवाई, 6,735 का निस्तारण

मिलने के साथ-साथ द्वितीय अपील में भी अपने स्थान से ही प्रतिभाग करने की सुविधा मिलेगी। मुख्य सूचना आयुक्त अनिल चन्द्र पुनेठा ने कहा कि दोनों सुविधाएं जनसामान्य को सोमवार से ही उपलब्ध करा दी जाएंगी। पोर्टल के माध्यम से जनसामान्य द्वारा सूचना आवेदन पत्र,आवेदन शुल्क तथा प्रथम अपील को ऑनलाइन रूप से भी प्रेषित किया जा सकेगा। बताया कि दिसम्बर 2023 में आयोग ने 521 सुनवाई कर 299 वादों को निस्तारित किया। जनवरी 2022 से दिसम्बर 2023 तक आयोग ने 11037 सुनवाई कर 6735 वादों का निस्तारण किया। उन्होंने कहा कि सरकार लंबित वादों के जल्द से जल्द निस्तारण के प्रति गंभीर है।

नाबालिग को मां बनाने का आरोपी किया गिरफ्तार

संवाददाता, रामनगर

▸▸ परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया था मुकदमा

अमृत विचारः नाबालिग छात्रा के मां बनने के बाद हरकत में आयी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

बीते दिनों स्थानीय नाबालिग के मां बनने की सूचना से पुलिस में अफरातफरी मच गई थी। बताया जाता है कि रामनगर क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में रहने वाली किशोरी का पास के गांव में एक युवक से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जाता है कि जिस युवक ने किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसाया था वह क्यारी गांव के एक रिसोर्ट में काम करता है। अचानक इस किशोरी को घर में जब पेट में पीड़ा हुई थी तो उसने परिजनों को जानकारी दी और परिजन उसे रामनगर के सरकारी अस्पताल लाए। जांच में किशोरी गर्भवती पाई गई। इसकी जानकारी चिकित्सकों ने जब किशोरी के परिजनों को दी तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। चिकित्सकों ने किशोरी की नॉर्मल डिलीवरी की। किशोरी ने एक बालिका को जन्म दिया है। उधर, कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया है।

धर्म दर्शन

इंद्रयुक्त उषा से जुड़े हुए सूर्यदेव

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे ऋत्विजों! आप घृत सिक्ता समिधा से यज्ञ में अग्नि को प्रज्वलित करें। श्रेष्ठ, भलीभांति प्रज्वलित, जाज्वल्यमान, सर्वज्ञ जातवेद, देदीप्यमान यज्ञाग्नि में शुद्ध पिघलते हुए घृत की आहुतियां प्रदान करें। हे अग्निदेव! आप पृथ्वी लोक में अग्निरूप, अंतरिक्षलोक में विद्युतरूप एवं द्युलोक में सूर्यरूप में सर्वत्र विद्यमान हैं। देवताओं के निमित्त यज्ञ संपादन के लिए उत्तम स्थान प्रदान करने वाली हे पृथ्वी! हम देवों को हवि प्रदान करने के लिए आपके ऊपर बनी हुई यज्ञ-वेदी पर अग्निदेव को प्रतिष्ठित करते हैं। इस अग्निस्थापन के द्वारा हम पुत्र, पौत्रादि तथा इष्ट-मित्रों से युक्त होकर द्युलोक के समान सुविस्तृत तथा यश, गौरव, ऐश्वर्य आदि से पृथ्वी के समान माहिमावान हों।

इस अग्नि का प्रकाशित तेज प्राण और अपान वायु के माध्यम से संपूर्ण प्राणियों में गतिशील रहता है। अत्यधिक सामर्थ्यशाली अग्निदेव, सूर्य के माध्यम से द्युलोक को आलोकित करते हैं। अग्नि तेज है तथा तेज अग्नि है, हम तेजरूपी अग्नि में हवि देते हैं। सूर्य ज्योति है एवं ज्योति सूर्य है, हम ज्योतिरूपी अग्नि में आहुति देते हैं। अग्नि वर्चस्व है और ज्योति वर्चस्व है, हम वर्चस्व रूपी अग्नि में हवन करते हैं। सूर्य ब्रह्मतेज का रूप है तथा ब्रह्मवर्चस्व सूर्यरूप है, हम उसमें हवि प्रदान करते हैं। ज्योति ही सूर्य है और सूर्य ही ज्योति है, हम उसमें इस मंत्र से आहुति समर्पित करते हैं। सविता देवता एवं इंद्रयुक्त रात्रि के साथ रहने वाले अग्निदेव इस आहुति को ग्रहण करें। सवितादेव के साथ इंद्रयुक्त उषा से जुड़े हुए सूर्यदेव को यह आहुति समर्पित है।

हे अग्निदेव! प्रातः, मध्याह्न, सायं-समयानुसार- उस गार्हपत्य अग्नि को अपना जनक मानते हुए पुनः प्रदीप्त होने के लिए, यज्ञकार्य के अंत में उसी गार्हपत्य अग्नि में आप पुनः प्रविष्ट हो जाएं। तदनंतर पुनः यज्ञ करने के लिए आप हमें समृद्ध करें। हे अग्निदेव! आप स्वभाव से ही होताओं के शरीर के रक्षक हैं। अतएव आप हमारे शरीर का पालन करें। हे अग्निदेव! आप आयुदाता हैं, इसलिए आप हमें आयु प्रदान करें। आप वैदिक अनुष्ठान से प्राप्त तेज को प्रदान करने वाले हैं, अतः हमें वर्चस्व प्रदान करें तथा हे अग्निदेव! हमारे शरीर के अंगों की अपूर्णता को दूरकर आप हमें सर्वांग संपन्न करें। हे अग्निदेव! आप सूर्य की तेजस्विता के साथ, ऋषियों के अनेक स्तोत्रों तथा प्रिय आहुतियों के साथ युक्त होते हैं। उसी प्रकार हम भी आपकी कृपा, दीर्घायु, विद्या तथा ऐश्वर्ययुक्त तेज, पुत्रादि तथा धन-धान्यादि पोषण से युक्त हों। हे गार्हपत्य अग्ने! जिस प्रकार पुत्र के लिए पिता बिना किसी बाधा के सहज प्राप्त होता है, उसी प्रकार आप भी हम यजमानों के लिए बाधारहित होकर सुखपूर्वक प्राप्त हों। आप हमारे कल्याण के लिए सदा हमारे निकट रहें। हम सुख प्राप्ति एवं अपने मित्रों के कल्याण की कामना करते हैं। आप हमें अपना सेवक समझ कर हमारी प्रार्थना सुनें तथा सभी दुष्ट शत्रुओं से हमारी रक्षा करें।

हे अदिति रूपी गौ! आप अदिति और आदित्य के समान हमारे यज्ञस्थल में आगमन करें। हे अभीष्ट गौ! आप यहां आएं एवं हमारे मनोरथ पूर्ण करें। मित्र (आत्मा) अर्यमन (हृदय) तथा वरुण देवताओं का तेजस्वी अमोघ संरक्षण हमें प्राप्त हो। अदिति पुत्र (मित्र, अर्यमन और वरुण) मनुष्य को अक्षय ज्योति प्रदान करते हैं, जो दीर्घ जीवन का आधार है। संपूर्ण जगत के जन्मदाता सविता (सूर्य) देवता की उत्कृष्ट ज्योति का हम ध्यान करते हैं, जो सभी सत्कर्मों को संपादित करने के लिए हमारी बुद्धि को प्रेरित करता है।

हे मरुदगणों! शत्रुओं को हिंसित करने वाले, हवि का भक्षण व सेवन करने वाले आपका हम आवाहन करते हैं। गांव में रहते हुए, जंगल में तथा सभास्थल पर जिह्वा आदि इंद्रियों द्वारा निंदित पदार्थों के सेवन से उत्पन्न, जिन पापों का आचरण हमने किया है, उन संपूर्ण पापों को हम इस आहुति द्वारा विनष्ट करते हैं। वीर पुरुषों की प्रशंसा करने वाले मंत्रों से (गाथा नराशंसी) तथा पितरों के तर्पण करने वाले स्तोत्रों से पितृलोक में गए हुए मन को हम शीघ्र ही यहां बुलाते हैं। यज्ञरूप सत्कर्म के लिए, कार्यों में दक्षता के लिए तथा चिरकाल तक सूर्यदेव का अवलोकन करने के लिए मेरा मन पुनः पुनः यज्ञकर्म में संलग्न हो। हे पितरों! आप की अनुज्ञा से देव-पुरुष हमारे मन को पुनः श्रेष्ठता के लिए प्रेरित करें। हम याजक आपके प्रसन्नतादायी कर्मों-व्रतों में संलग्न रहते हुए, आपके स्वरूप के ध्यान में चित्त को लगाए हुए अपने प्रजाजनों सहित जीवित व्यक्तियों, पशुओं आदि की सेवा करते रहें।

दर्शन का मूल एकात्मा

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

आदिगुरु शंकराचार्य के दर्शन का मूल 'एकात्मा' है। उनके सभी ग्रंथों का मर्म भी एकात्मता है। आचार्य की दिग्विजय का उद्देश्य किसी भी धर्म या संप्रदाय का अपमान कदापि नहीं था। उनके मन में किसी भी संप्रदाय या समुदाय के प्रति द्वेष का भाव कदापि न था। उनका एक मात्र उद्देश्य विभिन्न भारतीय संप्रदायों, मतों, धर्मों में आई विकृतियों का समूल नाश था। "नागेन्द्रहाराय त्रिलोचनाय भस्माङ्गरागाय महेश्वराय।/नित्याय शुद्धाय दिगंबराय तस्मै 'न' का रायनमः शिवाय।। 1।। (जिनके गले मे नागों का हार है जिनके तीन नेत्र हैं, भस्म (शव-राख) ही जिनका अंगराग या अनु लेपन है और दिशाएं ही जिनका वस्त्र हैं, उन अविनाशी महेश्वर 'न' कार रूप शिव को नमन है।)

"मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय, नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय।/ मंदारपुष्प बहुपुष्प सम्पूजिताः, तस्मै 'म' काराय नमः शिवाय।। 2।। गंगा जल और चंदन से जिनकी अर्चना(पूजा) होती है, मंदार के फूलों और अन्य बहुत से पुष्पों से जिनका संपूजन (विधिवत पूजन) होता है, उन नंदी (वृषभराज) एवं प्रमथनाथ (शिव आराधक देवगण)के अधिपति, 'म' कार स्वरूप महेश्वर को नमन है।) शिवाय गौरीवदनाब्जवृंद सूर्याय दक्षाध्वरनाशकाय। श्रीनीलकंठाय वृषध्वजाय तस्मै 'शि' काराय नमः शिवाय।। 3।। (गौरी मां के मुखकमल को सूर्य के समान तेजोदीप्त करने वाले, दक्ष के दम्भ यज्ञ काविध्वंस कराने वाले, वृषभध्वजाय श्री नीलकंठ, 'शि' से नामके प्रारंभ होने वाले भगवान शिव को नमन है।) वसिष्ठ कुम्भोद्भव गौतमार्य मुनींद्र देवार्चित शेखराय। चंद्रार्क वैश्वानर लोचनाय तस्मै 'व' काराय नमः शिवाय।। 4।। (वसिष्ठ, अगस्त्य, गौतम आदि श्रेष्ठ मुनियों तथा देवताओं द्वारा संपूजित देवाधिदेव! चन्द्रमा, सूर्य और अग्निदेव वैश्वानर जिनके तीन नेत्रों के समान हैं, उन 'व' कार स्वरूप भगवान शिव को नमन है।)

"यज्ञस्वरूपाय जटाधराय पिनाकस्तनाय सनातनाय। दिव्याय देवाय दिगंबराय तस्मै 'य' कारायनमः शिवाय ।।5।।" (हे यज्ञस्वरूप, जटाधारी औरपिनाक (शिवधनुष) धारी सनातन शिव! हे देवताओं के लिए भी दिव्य दिगंबर शिव! आपके "य" कार स्वरूप को नमन है। " पञ्चाक्छरमिदं पुण्यं यःपठेत शिवसन्निधौ। /शिवलोक वाप्नोति शिवेन सह मोदते।।" (जो कोई भी शिव के इस पञ्चाक्छर मंत्र का श्रद्धा पूर्वक पाठ करता है, वह भगवान शिव के पुण्य लोक में उनके सानिध्य में वास करता है।)

काकड़ीघाट की पावन स्थली

उत्तराखंड की कंदराएं, गुफाएं कई ऋषि मुनियों की तपस्थली रही हैं। इन तपस्थलियों तक पहुंचने से पहले रास्ते में पड़े कई स्थान भी उनके पावन कदमों से पवित्र हो गए। भवाली से जब हम अल्मोड़ा की तरफ बढ़ते हैं तो लगभग 35 किलोमीटर आगे कोसी नदी के तट पर पेड़ों से अच्छादित एक रमणीक स्थल के दर्शन होते हैं। यह 'विवेकानंद तपस्थली पुण्य भूमि काकड़ीघाट' है। यह जगह अल्मोड़ा नैनीताल जिलों की सीमा पर पड़ती है और नैनीताल सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आती है। एक शांत मनोरम स्थल जो कई सिद्ध पुरुषों की तपस्थली रहा है।



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

'उठो, जागो और कर्म करो' का मूल मंत्र देशवासियों को देने वाले स्वामी विवेकानंद जी के पावन चरण यहां पर पड़े थे। 1890 में जब स्वामी विवेकानंद अपने शिष्य स्वामी अखंडानंद के साथ बेल्लूर मठ से हिमालय यात्रा को निकले तो आराम करने के लिए यहां पर ठहर गए थे। स्नान करने के बाद यहां स्थित पीपल के पेड़ के नीचे बैठ गए और ध्यानरत हो गए। यहां पर उन्हें अनोखी ज्ञान की प्राप्ति हुई। अणु ब्रह्मांड और विश्व ब्रह्मांड का सार उन्हें यहीं प्राप्त हुआ। काकड़ी घाट को स्वामी जी की बोधगया भी कहते हैं। जैसे गौतम बुद्ध को गया में बोधिवृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था वैसे ही स्वामी जी को भी काकड़ीघाट स्थित पीपल के पेड़ के नीचे सिद्धि मिली।

'अल्मोड़ा का आकर्षण' नाम की पुस्तिका में स्वामी जी ने इस बात का उल्लेख किया है। स्वामी जी आत्मा और परमात्मा की तुलना शब्द और अर्थ से करते हैं। अर्थात् जैसे परमात्मा बिना आत्मा का कोई मोल नहीं वैसे ही अर्थ के बिना शब्द का भी कोई भाव नहीं। स्वामी जी का अल्मोड़ा से विशेष संबंध रहा है। बाजार के मध्य में स्थित खजांची मोहल्ले में उन्होंने अल्मोड़ा की जनता को संबोधित भी किया था। 'कोलंबो से अल्मोड़ा के लिए' उनकी एक और पठनीय पुस्तक है जहां इन यात्राओं का वर्णन भी आता है। अपनी चौथी अल्मोड़ा यात्रा के दौरान उन्होंने यहां के प्रसिद्ध थॉमसन हाउस में निवास किया और प्रबुद्ध भारत पत्रिका का प्रकाशन भी दोबारा शुरू किया। स्वामी जी के अतिरिक्त चंद वंशीय राजाओं के समय में यहां हर्ष देवपुरी नाम के सिद्ध बाबा भी रहते थे। बताया जाता है कि वह शंकराचार्य के अनुयायी थे। इन्हें लोग गोसाईं बाबा के नाम से भी पुकारते थे। बाबा की समाधि आज भी वहां पर है। शिव और भैरव के मंदिर यहां पर हैं, आसपास के पेड़ों में बंदरों की बहुलता है। इसलिए मंदिर के द्वार हमेशा ढके रहते हैं। भक्त दर्शन करने के बाद मंदिर के दरवाजे बंद कर देते हैं। एक ध्यान कक्ष भी यहां पर दिखाई दिया जहां स्वामी विवेकानंद जी और स्वामी रामकृष्ण परमहंस के चित्र लगे हुए हैं। कोई भी साधक यहां पर ध्यान मग्न होकर अपार शांति की अनुभूति प्राप्त कर सकता है। पीपल के वृक्ष के पास लगे बोर्ड में समस्त जानकारी मिलती है जिसमें लिखा गया है कि स्वामी जी 21 अगस्त 1890 को यहां पर आए थे और उन्होंने रात्रि वास किया था। 2014 में वह चमत्कारी पीपल का वृक्ष सूख गया था और उसके स्थान पर एक नया वृक्ष लगाया है, जो अब पूरी तरह से पल्लवित होकर वृहद आकर ले रहा है। इस ज्ञानवृक्ष के नीचे बैठकर स्वामी जी को जो अनुभूति हुई थी, उसे उन्होंने अपने शिष्य के सामने अभिव्यक्त किया था, जो इस प्रकार है। अभी-अभी मैं अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण क्षण से गुजरा हूं। इस पीपल वृक्ष के नीचे मेरे जीवन की एक महान समस्या का समाधान हो गया है। मैंने सूक्ष्म ब्रह्मांड और वृहद ब्रह्मांड के एकत्व का अनुभव किया है, जो कुछ ब्रह्मांड में है, वही इस शरीर रूपी पिंड में भी है। मैंने संपूर्ण ब्रह्मांड को एक परमाणु के अंदर देखा है।

सन् 1900 में सोमवारी बाबा भी यहां पर रहे और मान्यता है कि शिव ने उन्हें साक्षात दर्शन दिए थे। बाद में नीम करौली बाबा उनके शिष्य बने। सोमवारी बाबा दीन दुखियों के आश्रयदाता माने जाते थे।

यहां पहुंचने पर पहले नीम करौली बाबा का आश्रम पड़ता है और वहीं पर सोमवारी बाबा का मंदिर भी है। सामने कोसी नदी बहती है, जो शास्त्र में कौशिकी नाम से जानी जाती हैं। कोसी नदी का यहां पर संगम है जिस बारे में लोगों में भ्रांति है कि सील नदी के साथ कोसी का संगम होता है। जबकि सच्चाई यह है कि एक नाला यहां पर कोसी में समाहित होता है जिसमें पानी की अधिकता होने के कारण नदी की तरह स्वभाव प्रतीत होता है। बताया जाता है कि सोमवारी बाबा ने ही इसे निषिद्ध करवाया था। समय के साथ-साथ आश्रम में काफी बदलाव आ गया है। हालांकि सोमवारी बाबा की श्रद्धा के अंश शिवलिंग और धूनी आदि से छेड़छाड़ नहीं की गई है।

प्रदेश

संगम में आस्था की डुबकी के साथ माघ मेला की शुरुआत

संवाददाता, प्रयागराज

मकर संक्रांति के अवसर पर सोमवार को प्रयागराज के संगम तट पर स्नान करने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

अमृत विचार : गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के पावन संगम में स्नान के साथ माघ मेला सोमवार से शुरू हो गया। मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद के मुताबिक, सोमवार शाम छह बजे तक लगभग 21 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। उन्होंने बताया कि रविवार की रात से ही श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आना जारी रहा जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं।

पूरे मेला क्षेत्र में जगह जगह लोगों ने स्नानार्थियों के बीच खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। तीर्थ पुरोहित आचार्य राजेंद्र मिश्र ने बताया कि मकर संक्रांति में स्नान का मुहूर्त रविवार रात्रि दो बजकर 42 मिनट पर सूर्य के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश के साथ शुरू हुआ और यह सोमवार सूर्यास्त तक रहा। उन्होंने बताया कि चूंकि माघ मेला सर्दी के मौसम का मेला है, इसलिए कड़ाके की ठंड पड़ने के बावजूद स्नानार्थियों के उत्साह में कोई कमी नहीं रही और

▸▸ मकर संक्रांति पर करीब 21 लाख श्रद्धालुओं ने किया स्नान

लोग तड़के से ही स्नान कर पुण्य के भागी बने।

मिश्र ने बताया कि मान्यता है कि प्रयागराज के माघ मेले में मकर संक्रांति पर गंगा स्नान के लिए सभी 33 कोटि देवी-देवता भी अदृश्य रूप में यहां आते हैं। इसलिए देश के कोने कोने से लोग गंगा यमुना और अदृश्य सरस्वती की पावन धारा में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि स्नान के दौरान किसी तरह की अनहोनी से बचने के लिए 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ वाराणसी की दो टीमें घाटों पर तैनात की गई हैं। मेलाधिकारी प्रसाद ने बताया कि माघ मेले को 786 हेक्टेयर क्षेत्रफल में आयोजित किया गया है और पांच सेक्टरों में बांटा गया है। उनके मुताबिक, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आठ प्रमुख घाट बनाए गए हैं जिनकी लंबाई लगभग 3300 फुट है और आगे स्नान पर्वों पर इन घाटों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

बेटियों का निकाह बालिग होते ही कर दें : कादरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ मुस्लिम लड़कियों के गैर मुस्लिमों से विवाह के बढ़ते मामलों पर जताई चिंता

▸▸ मुस्लिम समाज के जिम्मेदार बेटियों को गैरों से बचाने के लिए आगे आएं

अमृत विचार : मुस्लिम लड़कियों के गैरमुस्लिम लड़कों से शादी के बढ़ते मामलों पर फिक्र जताते हुए दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी अहसन मियां ने मुसलमानों को हिदायत दी है कि वे बेटी-बहनों पर कड़ी निगाह रखें और बालिग होते ही उनकी शादी कर दें। उन्होंने कहा कि निकाह में देरी बेटियों के गलत कदम उठाने की सबसे बड़ी वजह है, इसलिए मुसलमानों को सतर्क रहने की जरूरत है।

अहसन मियां ने सोमवार को जसोली के मदरसा रहमानिया नूरिया में आयोजित छात्रों की दस्तारबंदी के दौरान दौरान मुसलमानों को यह संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एक बड़ी साजिश के तहत मुसलमान लड़कियों को बहला-फुसलाकर उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। ऐसे में पिता और भाइयों को अपनी बहन-बेटियों पर कड़ी निगाह रखनी होगी। मुस्लिम समाज के जिम्मेदार लोगों की भी सबसे बड़ी जिम्मेदारी बनती है कि वे अपनी बेटियों को गैरों के चंगुल से बचाने के लिए आगे आएं।

उन्होंने कहा कि निकाह में देरी बेटियों के बहकने की सबसे बड़ी वजह है, इसलिए जरूरी है कि बालिग होते ही अच्छा रिश्ता देखकर उनका निकाह कर दिया जाए। सज्जादानशीन ने इसके अलावा शादियों में फिजूलखर्ची और गैर शरई रस्मों को भी इसका कारण बताया। कहा कि लड़कियों को अच्छी परवरिश देकर भी उन्हें गलत कदम उठाने से बचाया जा सकता है। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि मुफ्ती अहसन मियां ने दस्तारबंदी के दौरान यह भी अपील की कि मुसलमान भले ही आधी रोटी खाएं लेकिन बच्चों को तालीम जरूर दिलाएं।

वर्ग पहेली-314

बाएं से दाएं

4.1. जन के लिए उपयोगी, लोकोपयोगी 2. जनसाधारण के लिए हितकर।
5.1. एक प्रकार का पकवान 2. एक प्रकार की मीठी मठरी।
6.1. शिष्टाचार, शिष्टाचार की मर्यादा 2. बड़ों का आदर-सम्मान, उनके प्रति विनीत व्यवहार 3. साहित्य 4. कायदा, नियम 5. प्रज्ञा, विवेक।
7.1. उड़ने की क्रिया या भाव 2. उड़ान
10.1. किसी के साथ रहना, एकत्र बसना, एक ही आवास में साथ-साथ रहना 2. काम-क्रीड़ा, रति, संभोग।

ऊपर से नीचे

1.1. अत्यंत मज़बूत 2. वज्र के समान कठोर 3. पक्का; दृढ़।
2. राजा का पुत्र, राजकुमार।
3.1. सुंदर, आकर्षक 2. प्रेमी, मौजी 3. हंसमुख
6. संख्या '38' का सूचक।
8.1. हिमालय की एक चोटी जो तीर्थस्थल के रूप में विख्यात है 2. (पुराण) शिव का वासस्थान।
9.1. ओष्ठ, होंठ 2. घड़े आदि के मुंह का किनारा, कोर।



वर्ग पहेली - 313 का हल

1 डो	ड़ा	■	■	■	2 धे
■	■	3 कों	4 क	टे	ल
■	5 गै	■	लु	■	चा
6 म	र	णे	ष	णा	■
■	मा	■	■	■	7 त
■	मू	■	8 पि	शा	च
9 शा	ली	न	ता	■	ना

सुडोकू-31

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

5		4		7		1		9
	2					7		4
		9		8	3	6		
	8		9			5		6
6		3			4		7	
		7	5	6		9		
9		8					2	
3		1		4		8		7

सुडोकू - 30 का हल

5	1	3	9	4	2	6	7	8
9	8	7	5	1	6	2	4	3
6	4	2	3	8	7	9	5	1
7	3	6	4	5	9	1	8	2
4	2	8	6	3	1	7	9	5
1	9	5	7	2	8	3	6	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
8	6	4	2	9	3	5	1	7
2	7	1	8	6	5	4	3	9

आज का भविष्यफल

-पं. डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जनवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 23.57 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.55-12.37 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.04-09.47, 22.56-23.49 तक।
दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 17 जनवरी 04.38 तक तत्पश्चात रेवती।

मेष — आज जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं, तो बजट का ध्यान अवश्य रखें। अपमानजनक स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

वृष — आज भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में दिन बहुत शुभ है। शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी।

मिथुन — आज आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में उत्तम परिणाम मिलेंगे।

कर्क — आज विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। शाम को परिजनों के साथ विशिष्ठ विषयों पर चिंतन-विमर्श करेंगे। आप समय का भरपूर लाभ उठायेंगे।

सिंह — आज घर की साफ-सफाई का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। बुरी संगति से दूर रहें। जीवनसाथी आपसे शिकायत कर सकता है। बीमा संबंधित कारोबार से धन लाभ मिलेगा।

कन्या — आज विरोधियों के ऊपर हावी रहेंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। व्यापार में आपको उत्तम धन लाभ प्राप्त होगा। आपके सभी काम शांतिपूर्वक पूर्ण होंगे। परिवार का खर्च बढ़ेगा। दांपत्य जीवन में रोमांस का आनंद उठाएंगे।

तुला — आज उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। नए प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। शाम को परिवार के साथ शॉपिंग करने के लिए जा सकते हैं। भावनाओं में आकर ज्यादा खर्च न करें।

वृश्चिक — आज व्यापार को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। ऑफिस टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा। आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर जरूरत से ज्यादा धन खर्च कर सकते हैं। अत्यधिक दिखावे से आपको बचना चाहिये।

धनु — आज पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बिल्कुल भी न करें। अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें।

मकर — आज धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं। जॉब में बदलाव करने का प्रयास करेंगे। दाम्पत्य सम्बन्धों में प्रेमभाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएगे।

कुंभ — आज परोपकार के कार्यों में मन लगाएं। आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहेगी। घरवालों के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है।

मीन — आज नई योजना बनाने के लिए समय उत्तम है। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। आप फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहें। ऑफिस की राजनीति से स्वयं को दूर रखें। फ्रेशर्स को कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा सम्मान मिलेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
शक्ति द पावर — सुबह : 11.34
एक से बुरे दो — रात : 07.09

SONY MAX
3 इडियट्स — सुबह : 09.04
सरबजीत — रात : 10.00

SONY PIX
जर्नी 2 — सुबह : 09.50
सुसाइड स्क्वाड — रात : 08.45

ZEE CINEMA
वक्त — सुबह : 10.30
काइट्स — रात : 07.30

colors CINEPLEX
ब्लू — सुबह : 10.24
डूप्लीकेट — रात : 09.40

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर सुबह-09.04 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी मायके से-कैसे हो?
पति - ठीक हूं
पत्नी- जब मेरी याद आती है तो क्या करते हो?
पति - तुम्हारी पसंदीदा आइसक्रीम केसर पिस्ता या अमूल नट्स खा लेता हूं और मेरी याद आने पर तुम क्या करती हो?
पत्नी- मैं भी 'रॉयल स्टेज 'काक्वाटर और तीन सिगरेट पीकर एक रजनीगंधा खा लेती हूं।

सास (दामाद से)- आप काम क्या करते हैं?
दामाद- जी मैं पायलट हूं।
सास- अच्छा कौन-सी एयरलाइंस में पायलट हैं?
दामाद- अरे मैं वो शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 815 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1110 बोल्ड 1150 डीएमओ 900।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800।

759 अंक की छलांग और बना नया रिकॉर्ड

सेंसेक्स 73,327 अंक के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर हुआ बंद, निफ्टी भी 22 हजार के पार

मुंबई, एजेंसी

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों, रिलायंस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में जोरदार लिवाली से स्थानीय शेयर बाजारों ने सोमवार को भी रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन जारी रखा। तेजी के सिलसिले के बीच सेंसेक्स पहली बार 73,000 अंक के स्तर से ऊपर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 22,000 अंक के स्तर को पार कर गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स लगातार पांचवें सत्र में बढ़त में रहा और 759.49 अंक यानी 1.05 प्रतिशत उछलकर 73,327.94 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान एक समय यह 833.71 अंक तक चढ़कर 73,402.16 के सर्वकालिक

उच्चस्तर तक पहुंचा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 202.90 अंक यानी 0.93 प्रतिशत चढ़कर 22,097.45 के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह 221 अंक बढ़कर 22,115.55 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया। उम्मीद से बेहतर तीसरी तिमाही के नतीजों के बाद आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों इन्फोसिस, टीसीएस, विप्रो और एचसीएल टेक ने इस तेजी की अगुवाई की। आईटी शेयरों में जोरदार तेजी से सूचकांकों को नए रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंचने में मदद मिली। तेल एवं गैस और ऊर्जा क्षेत्र के शेयरों ने भी तेजी को बढ़ावा दिया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-आईटी कंपनियों के नए सौदे मिलने और खर्च बढ़ने की उम्मीद से इनके शेयरों में आई खरीदारी ने बाजार को रफ्तार दी। इसके अलावा फेडरल रिजर्व के ब्याज दर कम करने की संभावना से अमेरिका बॉन्ड का प्रतिफल भी घट गया। सेंसेक्स की कंपनियों में विप्रो ने छह प्रतिशत से अधिक की लंबी छलांग लगाई। एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी तेजी रही।

निवेशकों की पूंजी 9.68 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में लगातार पांच सत्रों से जारी तेजी के बीच निवेशकों की पूंजी 9.68 लाख करोड़ रुपये बढ़कर अबतक के रिकॉर्ड 376 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स सोमवार को 759.49 अंक यानी 1.05 प्रतिशत उछलकर 73,327.94 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। यह सेंसेक्स में तेजी का लगातार पांचवां सत्र रहा। इन पांच सत्रों में सेंसेक्स ने कुल 1,972.72 अंक यानी 2.76 प्रतिशत की जोरदार छलांग लगाई है। तेजी के इस दौर में बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का सम्मिलित बाजार पूंजीकरण 9,68,544.93 करोड़ रुपये बढ़ गया। इस तरह कुल बाजार मूल्यांकन 3,76,09,510.01 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से निकले

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में पिछले 9 वर्ष में गरीबी दूर करने के प्रयासों में बड़ी कामयाबी हासिल हुई और इस काल-खंड में देश 24.82 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने में सफल हुआ है। नीति आयोग की एक परिचर्चा पत्र के इस निष्कर्ष का ब्योरा देते हुए सोमवार को कहा गया है कि 2013-14 से 2022-23 के दौरान आबादी में गरीबों का अनुपात तेजी से घट कर 29.17 प्रतिशत की जगह 11.28 प्रतिशत पर आ गया।

उल्लेखनीय है कि यह काल-खंड प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार है और इस दौरान देश ने कारोबार में आसानी लाने के मामले में उल्लेखनीय प्रगति की है और विश्व बैंक के ईज आफ डूइंग बिजनेस सूचकांक में ऊंची छलांग लगाई है। इसी अवधि

नीति आयोग का दावा

में अर्थव्यवस्था को नोटबंदी और अभूतपूर्व वैश्विक कोविड19 महामारी का भी सामना करना पड़ा है। विज्ञप्ति में 2005-06 से अब तक भारत में बहुआयामी गरीबी शीर्षक इस चर्चा पत्र में कहा गया है कि यह सफलता गरीबी के सभी पहलुओं से निपटने के लिये केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न महत्वपूर्ण कदमों के कारण प्राप्त हुई है। कहा गया है कि इस रफ्तार से भारत बहुआयामी गरीबी को आधा करने के अपने स्वस्थ विकास के लक्ष्य (एसडीजी) को 2030 से पहले हासिल कर सकता है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त एक मापक है जो गरीबी को मौद्रिक पहलुओं अलावा भी उसके कई आयामों के आधार पर मापता है।

उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई

नीति आयोग के अनुसार-भारत में बहुआयामी गरीबी में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है, जो 2013-14 में 29.17 प्रतिशत से घट कर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई।" यानी इस अवधि में आबादी में गरीबी में रह रहे लोगों का हिस्सा प्रति सैकड़ा 17.89 अंक घटा। पिछले नौ वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में 5.94 करोड़ लोगों के बहुआयामी गरीबी से बाहर निकलने के साथ गरीबों की संख्या में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है, इसके बाद बिहार (3.77 करोड़), मध्य प्रदेश (2.30 करोड़) और राजस्थान (1.87 करोड़) का स्थान है।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	74,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,325
गिन्नी (प्रति नग)	47,900-48,100
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,900
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,750
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,300
चांदी तैयार	74,400
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,850
सोना जेवरात गिन्नी	62,850
चांदी पक्की	733 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,950
चांदी आभूषण	74,100।

सोना 150 रुपये मजबूत, चांदी में 300 रुपये का उछाल

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धतुओं की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 150 रुपये की तेजी के साथ 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 300 रुपये के उछाल के साथ 76,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 76,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी।

आवास वित्त कंपनियों के लिए जमा लेने से संबंधित मानकों में सख्ती का प्रस्ताव

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) के लिए जमा स्वीकार करने से संबंधित मानदंड कड़े करते हुए जमा की परिपक्वता अवधि को घटाकर पांच साल करने और देनदारियां चुकाने के लिए तरल संपत्ति रखने की जरूरत बढ़ाने का प्रस्ताव रखा।

आवासीय क्षेत्र को वित्त मुहैया कराने वाली एचएफसी को 12 महीने या उससे अधिक की अवधि के बाद भुगतान-योग्य सार्वजनिक जमा स्वीकार करने या नवीनीकृत करने की अनुमति फिलहाल मिली हुई है। लेकिन ऐसी जमा 120 महीने से अधिक की नहीं हो सकती है। आरबीआई के मुताबिक-अब यह निर्णय लिया गया है कि एचएफसी द्वारा स्वीकार या नवीनीकृत की गई सार्वजनिक जमा राशि 12 महीने या उससे अधिक की अवधि के बाद चुकानी होगी लेकिन 60 महीने के बाद नहीं। साठ महीने से अधिक की परिपक्वता वाली मौजूदा जमा उनके मौजूदा पुनर्भुगतान प्रोफाइल के आधार पर भुगतान की जाएगी। यदि उनकी साख रेटिंग न्यूनतम निवेश ग्रेड से नीचे है, तो ऐसे एचएफसी मौजूदा जमा को नवीनीकृत नहीं करेंगे।

देश का निर्यात दिसंबर में एक प्रतिशत बढ़कर 38.45 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली। देश का निर्यात दिसंबर 2023 में एक प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 38.45 अरब डॉलर रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, पिछले महीने आयात 4.85 प्रतिशत घटकर 58.25 अरब डॉलर रह गया। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ माह अप्रैल-दिसंबर में निर्यात 5.7 प्रतिशत घटकर 317.12 अरब डॉलर रहा है। इस अवधि में आयात में 7.93 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 505.15 अरब डॉलर रहा है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि देश का निर्यात का आंकड़ा सकारात्मक रहा है।

देश की आर्थिक बुनियाद बाहरी झटके झेलने के बावजूद मजबूत

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **एमपीसी की सदस्य आशिमा गोयल बोलीं**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने सोमवार को कहा कि 2020 के बाद से गंभीर बाहरी झटकों का सामना करने के बावजूद भारत की वृहद-बुनियाद मजबूत बनी हुई है। गोयल ने साक्षात्कार में कहा कि देश की आर्थिक विविधता, पर्याप्त भंडार और व्यवहार्य सुधारों ने नीतियों को मुद्रास्फीति से निपटने में सक्षम बनाया है। अधिक से अधिक कंपनियों तथा उपभोक्ताओं के मुद्रास्फीति कम करने के लक्ष्य से आगे बढ़ने से अर्थव्यवस्था के इस साल केंद्रीय बैंक के चार प्रतिशत के चार प्रतिशत के लक्ष्य पर पहुंचने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा-2020 के बाद से गंभीर बाहरी झटके (रूस-यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-हमास युद्ध, तेल की कीमतें, हुती हमले) आए हैं। इनके बावजूद इस अवधि में भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत हुई हैं।

राष्ट्रीय

एक नजर

दुष्कर्म के आरोपी वकील के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

कोच्चि। केरल पुलिस ने एक महिला से कई बार दुष्कर्म करने के आरोपी पूर्व वरिष्ठ सरकारी वकील के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने शिकायत के हवाले से बताया कि आरोपी ने अपराध को अपने कार्यालय और महिला के आवास पर अंजाम दिया था। पुतेनक्रूज के पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि केरल उच्च न्यायालय द्वारा आत्मसमर्पण करने के लिए तय तारीख 12 जनवरी बीतने के बाद 14 जनवरी को आरोपी वकील पी.जी.मनु के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया।

उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ समन जारी

पटना। बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने सनातन धर्म पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर तमिलनाडु के युवा कल्याण एवं विकास विभाग के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ दाखिल मुकदमे में उनकी उपस्थिति के लिए आज समन जारी किया। सांसदों एवं विधायकों के मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष न्यायालय की न्यायाधीश सारिका बहालिया की अदालत ने पटना उच्च न्यायालय के वकील डॉ. कौशलेंद्र नारायण तथा महावीर स्थान न्यास समिति के सचिव एवं भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल की ओर से दाखिल किए गए दो शिकायती मुकदमों को संज्ञान लेने के बाद आज यह समन जारी किया है।

मणिपुर में चिंगांगपोकपी मार्ग किया गया अवरुद्ध

इंफाल। मणिपुर की राजधानी इंफाल के सबुंगखोक खुनौ में सेना के जवानों द्वारा दस महिलाओं पर कथित हमले के विरोध में स्थानीय लोगों ने सोमवार को इंफाल-चिंगांगपोकपी मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि संदिग्ध हथियारबंद कूकी बदमाशों ने ग्रामीणों पर हमला करना शुरू कर दिया और 20 जाट रेजिमेंट के जवानों ने उन्हें सुरक्षा नहीं दी। इलाके की महिलाओं और सैनिकों के बीच टकराव शुरू हो गया जिसके बाद सेना के जवानों ने महिलाओं पर हमला कर दिया। अधिकांश घायल महिलाओं का इंफाल के दो अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा था।

मणिपुर को शांतिपूर्ण बनाना चाहता हूं: राहुल

कांग्रेस न्याय यात्रा का दूसरा दिन: मुख्य मार्ग पर लोगों ने समर्थन में लगाए नारे

सेनापति (मणिपुर), एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दूसरे दिन सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी मणिपुर के लोगों के साथ खड़ी है और राज्य को फिर से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण बनाना चाहती है। गांधी ने वॉल्वो बस में सोमवार सुबह आगे की यात्रा शुरू की। वह कुछ दूर पैदल भी चले। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा।

जब गांधी की बस यहां के कई व्यस्त इलाकों से गुजरी, तो ज्यादातर महिलाओं और बच्चों समेत कई लोग यात्रा मार्ग पर कतार में खड़े रहे और उन्होंने गांधी के समर्थन में नारे लगाए। गांधी ने सेनापति में अपनी बस के ऊपर खड़े होकर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने कन्याकुमारी से कश्मीर की यात्रा की और इसका मकसद लोगों को एकजुट करना था। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत सफल यात्रा थी और इस दौरान वह 4,000 किलोमीटर पैदल चले। कांग्रेस नेता ने कहा-हम पूर्व से पश्चिम तक एक और यात्रा करना चाहते थे और हमने तय किया कि मणिपुर से यात्रा शुरू करना सबसे प्रभावशाली बात होगी। इससे भारत के लोगों को पता चल सकेगा कि मणिपुर के लोग किस दौर से गुजर रहे हैं, उन्हें किस कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

इंफाल पश्चिम: मणिपुर में सोमवार को सेकमाई गांव में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी स्वागत करतीं युवतियां। ● एजेंसी

राहुल गांधी ने लोगों से बातचीत की

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दूसरे दिन की शुरुआत सोमवार को यहां सेकमाई से की और उन्होंने रास्ते में उनके स्वागत के लिए कतार में खड़े लोगों से बातचीत की। गांधी ने आवश्यकता के अनुरूप परिवर्तित की गई वोल्वो बस में यात्रा शुरू की। वह कुछ दूर पैदल भी चले। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। गांधी की बस यहां के कई व्यस्त इलाकों से गुजरी।

सीआरपीएफ की महिला टीम ने दिखाया कौशल...

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड 2024 के लिए रिहर्सल के दौरान सीआरपीएफ डेयरडेविल्स की एक महिला टीम ने दिखाया अपना कौशल। ● एजेंसी

एमटीएचएल कार्यक्रम के दौरान करीब 1300 लोग हुए बीमार

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **रायगढ़ जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों ने दी जानकारी**

मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (एमटीएचएल) के उद्घाटन समारोह में उपस्थित एक लाख से अधिक लोगों में से लगभग 1,300 लोग लंबे समय तक गर्मी के संपर्क में रहने के बाद निर्जलीकरण और सिरदर्द के कारण बीमार पड़ गए। यह जानकारी रायगढ़ जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों ने दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 जनवरी को देश के सबसे लंबे समुद्री पुल 'एमटीएचएल' का उद्घाटन किया था और नवी मुंबई में एक जनसभा को संबोधित किया था। रायगढ़ जिले के सिविल सर्जन डॉ. नितिन देवमाणे ने सोमवार को कहा कि नवी मुंबई कार्यक्रम के बाद लगभग 1,300 लोगों के बीमार होने की सूचना है। डॉ. देवमाणे ने कहा-उम्मीद है कि ऐसे बड़े आयोजनों के दौरान कुछ लोग बीमार पड़ सकते हैं। यदि ऐसे खुले में होने वाले आयोजनों में भाग लेने वाले 1-2 प्रतिशत लोगों को निर्जलीकरण, सिरदर्द, मतली आदि जैसी कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, तो इसे हमारे पेशे में सामान्य माना जाता है।

उन्होंने कहा कि नवी मुंबई कार्यक्रम के बाद लगभग 1,300 लोगों के बीमार होने की सूचना है। उन्होंने बताया कि दो व्यक्तियों को एक दिन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और अगले दिन छुट्टी दे दी गई। डॉ. देवमाणे ने यह भी कहा कि जिला प्रशासन और राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने अत्यधिक सावधानी बरती थी, जिसमें अतिरिक्त बिस्तरों की व्यवस्था करना, लगभग 70 एम्बुलेंस तैनात करना और सभी चिकित्सा अधिकारी एहतियात के तौर पर ड्यूटी पर थे। उन्होंने कहा-हमने सभी का उचित तरीके से इलाज किया। दो व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और अगले दिन छुट्टी दे दी गई। महाराष्ट्र आपदा प्रबंधन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जिन व्यक्तियों ने निर्जलीकरण की शिकायत की, उन्हें ओआरएस पानी, ग्लूकोज और हल्का भोजन दिया गया ताकि वे बेहतर महसूस करें। उन्होंने कहा-ऐसे आयोजनों में लोग जल्दबाजी में आते हैं और कभी-कभी वे अपने साथ पानी की बोतलें नहीं रखते हैं। ऐसी स्थितियों में, उन्हें निर्जलीकरण और कुछ समय के लिए सिरदर्द से पीड़ित होने की अधिक आशंका होती है।

दिल्ली में बहन की शिकायत सुनकर युवक ने जीजा को पीटा, मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **पति से विवाद के बाद फोन करके दी थी उसकी जानकारी**

दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार इलाके में 39 वर्षीय युवक को उसके साले ने अपने दोस्तों की मदद से पहले घर से घसीटकर बाहर निकाला और फिर उसकी क्रूरता पूर्वक पिटाई कर दी जिसके कारण बाद में उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी और कहा कि आरोपी की बहन ने पति से विवाद के बाद फोन करके अपने भाई से शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि घटना 29 दिसंबर की है जिसमें राकेश घायल हो गया था। पुलिस ने कहा कि राकेश की सोमवार को अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किया गया है। पुलिस ने कहा कि 29 दिसंबर को राकेश की अपनी पत्नी से बहस हो गई थी जिसके बाद उसने अपने भाई को फोन किया और उसे इसकी जानकारी दी। बाद में उसका भाई अपने दोस्तों के साथ दिल्ली पहुंचा और राकेश की बेरहमी से पिटाई कर दी।

औरंगाबाद में कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद में चार लोगों की मौत

औरंगाबाद। बिहार के औरंगाबाद जिले में सोमवार को कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद में चार लोगों की मौत हो गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहम्मद अमानुल्लाह ने यहां बताया कि बारून - नबीनगर पथ पर नवीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ के पास नाश्ता पानी की दुकान के आगे कार पार्किंग को लेकर दुकानदार और कार सवार युवकों के बीच हुई झड़प में कार सवार एक युवक ने पिस्टल से फायरिंग कर दी जो दुकानदार को न लगकर पास रहे एक अन्य व्यक्ति को लग गई जिससे उसकी मौत हो गई। इधर, उक्त व्यक्ति की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कार सवार चार लोगों पर हमला बोल दिया।

शरजील के मामले में पुलिस को चार्ट पेश करने का निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को राजधानी की पुलिस से एक चार्ट दाखिल करने के लिए कहा ताकि वर्ष 2020 के सांप्रदायिक दंगों के पीछे की कथित बड़ी साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में गिरफ्तार छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम की भूमिका को सह आरोपी नताशा नरवाल, देवांगना कलिता और आसिफ इकबाल तन्हा से अलग किया जा सके। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने कहा कि चार्ट में पुलिस आरोपी के इतिहास, उसकी भूमिका और उसके मामले को दूसरों से अलग करने वाले अन्य विवरणों का उल्लेख कर सकती है।

बरी व्यक्ति की सशस्त्र बलों में नियुक्ति से नहीं कर सकते इनकार : अदालत

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने की टिप्पणी

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने कहा है कि संदेह के लाभ के आधार पर, नैतिक अधमता के आरोप से बरी किए गए व्यक्ति को सशस्त्र बलों में नियुक्ति देने से इनकार नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति जगमोहन बंसल की एकल पीठ ने यह टिप्पणी हरियाणा के एक व्यक्ति की याचिका पर की, जिसमें भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) में कांस्टेबल के पद पर उसकी नियुक्ति को रद करने के मार्च 2022 के आदेश को निरस्त करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया था। अदालत ने कहा कि यह सर्वविदित तथ्य है कि देश में नौकरी, विशेषकर सरकारी नौकरी पाना बहुत कठिन है और याचिकाकर्ता को इस बात की अनदेखी करते हुए नियुक्ति देने से इनकार करना कि वह अपनी साख का खुलासा करने में हमेशा ईमानदार रहा, उसे ऐसे किसी अपराध के लिए सज़ा देने के समान होगा जिसमें उसे बरी कर दिया गया है।

अदालत ने कहा-मौजूदा मामले में, प्रतिवादी ने याचिकाकर्ता की पूर्व पृष्ठभूमि की पड़ताल नहीं की और उसका नियुक्ति पत्र केवल इस आधार पर रद कर दिया गया कि उसे संदेह का लाभ देते हुए बरी किया गया था। इसने कहा-प्रतिवादी ने कथित अपराध की प्रकृति, याचिकाकर्ता की उम्र और उस समय 'पीड़िता' की उम्र पर विचार नहीं किया है। याचिकाकर्ता किसी अन्य अपराध में शामिल नहीं है और उसे पहले ही बरी किया जा चुका है।

गोवा में बेटे की हत्या: सूचना सेठ की पुलिस हिरासत 5 दिन बढ़ी

पणजी। गोवा की एक अदालत ने 4 साल के अपने बेटे की हत्या के मामले में जांच का सामना कर रही सूचना सेठ की पुलिस हिरासत सोमवार को 5 दिन के लिए बढ़ा दी।

पुलिस ने हिरासत बढ़ाए जाने का आग्रह करते हुए अदालत से कहा कि आरोपी जांच में सहयोग नहीं कर रही है। छह दिन की प्रारंभिक हिरासत समाप्त होने के बाद एक स्टार्टअप कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सेठ को गोवा बाल न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने अदालत को बताया कि उसे अब भी अपराध के मकसद का पता लगाना बाकी है और आरोपी के पति वेंकट रमन के बयान व उसका सामना कराने की भी जरूरत है।

इटली पर बड़ी जीत आसान करेगी सेमीफाइनल की राह

भारतीय महिला हॉकी टीम को इटली के खिलाफ बड़े अंतर से जीत ही दिलाएगी पेरिस ओलंपिक का टिकट

रांची, एजेंसी

पहला मैच गंवाने के बाद दूसरे मैच में जीत दर्ज करके अपना अभियान पटरी पर लाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को इटली की टीम पर बड़ी जीत दर्ज करके एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी।

विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारत की टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे पूल बी के अपने पहले मैच में अमेरिका से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। सविता पूनिया की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने हालांकि अपने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा।

पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने का आखिरी मौका

एशियाई खेलों के जरिये क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम के पास इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों में जगह बनाने का यह आखिरी मौका है। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। अमेरिका दो मैच में जीत दर्ज करके पूल बी में शीर्ष पर है, जबकि भारत और न्यूजीलैंड के तीन-तीन अंक हैं। गोल अंतर में हालांकि भारतीय टीम न्यूजीलैंड से पीछे है। ऐसी स्थिति में भारत को इटली की टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी।

पेनल्टी कार्नर को गोल में नहीं बदल पाना भारतीय टीम की बड़ी कमजोरी

भारत की सबसे बड़ी समस्या पेनल्टी कार्नर को गोल में नहीं बदल पाना है। उसने दो मैच में अब तक 13 पेनल्टी कार्नर हासिल किए हैं लेकिन उनमें से केवल एक बार ही गोल कर पाया। इटली ने अब तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं और वह क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो गया है लेकिन उसकी टीम भारत के राह में रोड़ा बन सकती है और इसलिए सविता पूनिया की टीम अपने इस प्रतिद्वंद्वी को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी।

इटली से सतर्क रहने की हिदायत

भारतीय कोच शोपमैन ने अपने खिलाड़ियों को इटली से सतर्क रहने की हिदायत देते हुए कहा कि यह मैच कड़ा हो सकता है क्योंकि इटली की टीम भी अर्जेंटीना की तरह साहसिक खेल खेलती है।

रियाल मैड्रिड ने जीता स्पेनिश सुपर कप

रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी

विनीसियस जूनियर की हैट्रिक की मदद से रियाल मैड्रिड ने सऊदी अरब में खेले गए मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना को 4-1 से हराकर स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। विनीसियस ने मैच में अपने तीनों गोल पहले हाफ में किए, जिससे रियाल मैड्रिड सत्र की अपनी पहली ट्रॉफी हासिल करने में सफल रहा।

रियाल मैड्रिड ने सुपर कप में 13वां खिताब जीता। बर्सिलोना ने 14 बार यह ट्रॉफी जीती है। विनीसियस ने पहला गोल करने के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह जश्न मनाया। रोनाल्डो अभी सऊदी अरब की लीग में खेलते हैं।

स्पेनिश सुपर कप विजेता रियाल मैड्रिड की टीम। ● एजेंसी

विनीसियस ने मैच के बाद कहा कि यह क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए था, क्योंकि वह मेरे आदर्श हैं और अभी यहां खेल रहे हैं। वह अपने प्रदर्शन से खुश हैं। बार्सिलोना के खिलाफ खेलना और 4-1 से जीत दर्ज करना आसान नहीं होता है। हमने शानदार खेल दिखाया। रियाल मैड्रिड की तरफ से रोड्रिगो ने भी गोल किया, जबकि बार्सिलोना की तरफ से एकमात्र गोल रॉबर्ट लेवांडोस्की ने पहले हाफ में किया।

निशानेबाज योगेश सिंह ने जीते दो स्वर्ण

शॉटगन क्वालीफायर में लक्ष्य ने जीता कांस्य

जकार्ता, एजेंसी

एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारत के निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी है। योगेश सिंह ने 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में सोमवार को व्यक्तिगत और टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। योगेश ने 573 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत स्वर्ण जीता। ओमान के मुराद अल बालुशी (570) दूसरे और इंडोनेशिया के अनंग यूलियांतो (567) तीसरे स्थान पर रहे। भारत के पंकज यादव (567) और अक्षय जैन (564) क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। भारतीय तिकड़ी ने 1704 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

कुवैत में शॉटगन क्वालीफायर में लक्ष्य ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 33 निशाने लगाकर कांस्य पदक जीता। वह क्वालीफिकेशन दौर के बाद 119 अंक के साथ चौथे स्थान पर थे।

अब तक भारत जीत चुका है 15 स्वर्ण समेत 33 पदक

भारत एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2024 में 15 स्वर्ण, 10 रजत और आठ कांस्य पदकों सहित कुल 33 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। भारतीय निशानेबाजों ने मीट से चार पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल किए हैं।

ईरान के मोहम्मद बेरानवांद ने 40 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने शूट ऑफ में चीन के युहाओ गुओ को पछाड़ा।

श्रेयसी, मनीषा और भव्या ने टीम वर्ग में जीता रजत

महिला शॉटगन क्वालीफायर में राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह को महिलाओं के ट्रैप वर्ग में पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। वह पांच दौर में 115 अंक लेकर फाइनल में पहुंची थी लेकिन फाइनल में 19 अंक ही बना सकी। ताइपै की वान यू लियू (44) को स्वर्ण और चीन की शिंकियू झांग (39) को रजत पदक मिला। कजाकिस्तान की मारिया दमित्रियेंको (30) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारत की श्रेयसी, मनीषा कीर और भव्या त्रिपाठी ने टीम वर्ग में कुल 328 स्कोर करके रजत पदक जीता। चीन को स्वर्ण और कजाकिस्तान को कांस्य मिला।

एनआरएआई ने कहा- मानवजीत नहीं लेना चाह रहे थे कोई अनुचित लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

कुवैत में एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में ट्रैप निशानेबाज मानवजीत सिंह को दोषपूर्ण बंदूक के कारण अयोग्य ठहराए जाने को अन्यायपूर्ण करार देने वाले भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने अपीली जूरी को बताया है कि यह निशानेबाज किसी तरह का अनुचित लाभ नहीं लेना चाहता था। शॉटगन कोच विक्रम चोपड़ा ने टूर्नामेंट की अपीली जूरी को लिखे पत्र में कहा कि पूर्व विश्व चैंपियन मानवजीत ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के नियमों का उल्लंघन नहीं किया है, जैसा कि आयोजकों ने भारतीय खिलाड़ी को अयोग्य घोषित करते हुए कहा था। मानवजीत को शनिवार को अभ्यास सत्र में भाग नहीं लेने दिया गया था, जबकि रविवार को उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। उनकी बंदूक को दोषपूर्ण करार देकर यह फैसला किया गया था।

ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में नाओमी ओसाका बाहर

मेलबर्न, एजेंसी

ब्रेक के बाद ग्रैंडस्लैम में वापसी करने वाली दो बार की पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले ही दौर में कैरोलीन गार्सिया से हारकर बाहर हो गई। मां बनने के कारण पंद्रह महीने बाद टेनिस कोर्ट पर लौटी ओसाका को 4-6, 6-7 से पराजय झेलनी पड़ी। वहीं अमेरिका की कोको गॉफ और रूस के दानिल मेदवेदेव ने आसानी के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने वाली 19 वर्षीय गॉफ ने अन्ना करोलिना श्मीडलोवा को 6-3, 6-0 से हराकर लगातार दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

महिला वर्ग में विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को पहले दौर में बाहर का रास्ता देखना पड़ा। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने

6-1, 6-2 से हराया। पुरुष वर्ग में मेदवेदेव ने अपने प्रतिद्वंदी टेरेंस एटमाने के मैच के बीच से हट जाने के कारण दूसरे दौर में जगह बनाई। जब 22 वर्षीय एटमाने ने हटने का फैसला किया तब मेदवेदेव 5-7, 6-2, 6-4, 1-0 से आगे चल रहे थे। पिछले साल फाइनल में नोवाक जोकोविच से हारने वाले स्टेफानोस सितसिपास ने जिजौ बर्ग्स को 5-7, 6-1, 6-1, 6-3 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 2014 के विजेता और तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टैन वावरिंका पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए।

खेल डायरी

टोटेनहैम ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को बराबरी पर रोका

मैनचेस्टर। टोटेनहैम ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-2 से बराबरी पर रोका। मैनचेस्टर यूनाइटेड का 25 प्रतिशत हिस्सा खरीदने के बाद यह पहला अवसर था जब ब्रिटेन के अरबपति जिम रेटक्लिफ मैच के दौरान उपस्थित थे। रासमस होजलुंड ने तीसरे मिनट में ही गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को बढ़त दिला दी। रिचार्लीसन ने 19वें मिनट में टोटेनहैम की तरफ से बराबरी का गोल किया। मार्कस रैशफोर्ड ने 40वें मिनट में मैनचेस्टर यूनाइटेड को फिर से बढ़त दिला दी। रोड्रिगो बेंटनकुर ने हालांकि दूसरे हाफ के 49वें सेकंड में गोल करके टोटेनहैम को फिर से बराबरी पर ला दिया।

फुटबॉलर पर नफरत भड़काने का आरोप

अंकारा। तुर्किये ने हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के प्रति एक शीर्ष फुटबॉल लीग मैच के दौरान एकजुटता दिखाने वाले इस्राइली फुटबॉल खिलाड़ी सागिव जेहेकेल पर नफरत भड़काने का आरोप लगाया है। अंताल्यास्पोर टीम के इस खिलाड़ी को रविवार रात पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। उसने मैच के दौरान अपनी कलाई पर पट्टी बांध रखी थी, जिस पर लिखा था 100 डेज 7.10। उसका इशारा सात अक्टूबर की तरफ था, जब हमास ने इस्राइल पर हमला करके कई लोगों को बंधक बनाया था। इस्राइल के इस खिलाड़ी ने पुलिस से कहा कि वह सिर्फ इतना चाहता था कि जंग खत्म हो जाए। कानून मंत्री यिलमाज तुंक ने कहा कि जेहेकेल पर सार्वजनिक रूप से नफरत और दुश्मनी फैलाने के आरोप लगाए गए हैं। क्लब ने उन्हें टीम से निकाल दिया है।

तेंदुलकर ने अपने फर्जी वीडियो पर जताई चिंता

नई दिल्ली। सचिन तेंदुलकर ने सोमवार को उस वीडियो को फर्जी करार दिया, जिसमें उन्हें गेमिंग से जुड़े

एक एप का प्रचार करते हुए दिखाया गया है जो उपयोगकर्ताओं को आसानी से पैसे कमाने का लालच देता है। इस वीडियो में तेंदुलकर को एप्लिकेशन की खूबियों के बारे में बताते हुए दिखाया गया है। वह कह रहे हैं कि उन्हें नहीं पता था कि पैसा कमाना इतना आसान हो गया है और उनकी बेटी भी इसका उपयोग करती है। तेंदुलकर ने वीडियो पोस्ट कर एक्स पर लिखा कि यह वीडियो फर्जी हैं। सभी से अनुरोध है कि वे इस वीडियो, विज्ञापन और एप की बड़ी संख्या में रिपोर्ट करें।

एंडी मरे ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले ही दौर में बाहर

मेलबर्न। स्टेन वावरिंका और एंडी मरे सोमवार को अपने पहले दौर के मुकाबले



हारकर ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो गए हैं। स्विट्जरलैंड के वावरिंका को पांच सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 20वीं वरीयता प्राप्त एड्रियन मन्नारिनो ने 6-4, 3-6, 5-7, 6-3, 6-0 से हराया। जबकि ब्रिटेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे को अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी ने 6-4, 6-2, 6-2 से हराया। कोर्ट एरेना में हुए मुकाबले में अर्जेंटीना के खिलाड़ी एचेवेरी ने मरे को सीधे सेटों में हराया। उन्होंने मरे को हराकर सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है।

जापान और ईरान की एशिया कप में बड़ी जीत

अल रेयान (कतर)। खिताब के प्रबल दावेदार जापान और ईरान ने एशिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता में आसान जीत दर्ज की। रिकॉर्ड चार बार के चैंपियन जापान ने ग्रुप डी में वियतनाम को 4-2 से हराया, जबकि ईरान ने ग्रुप सी में फिलिस्तीन को 4-1 से करारी शिकस्त दी। जापान पिछले दो बार से यह टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है लेकिन इस बार उसे ट्रॉफी हासिल करने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। एक अन्य मैच में हांगकांग के फिलिप चान सिउ क्वान ने एशियाई कप के इतिहास में 1,000वां गोल किया, लेकिन उनकी टीम को संयुक्त अरब अमीरात से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा।

बीमारी के कारण इंडिया ओपन से हटे एक्सेलसेन

नई दिल्ली। डेनमार्क के विश्व में नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन अस्वस्थ होने के कारण मंगलवार से शुरू होने वाले इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से हट गए हैं। एक्सेलसेन मलयेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के दौरान बीमार पड़ गए थे। वह इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में चीन के वाईक्यू शी से हार गए थे। एक्सेलसेन ने एक्स पर लिखा कि शनिवार को मैच के बाद वह बीमार पड़ गए और अभी मलयेशिया में उपचार करा रहे हैं। उन्हें अतिरिक्त जांच करवाने के लिए कहा गया है। इंडिया ओपन में एक्सेलसेन को शीर्ष वरीयता दी गई थी। इस स्टार खिलाड़ी ने टूर्नामेंट से हटने को निराशाजनक बताया।

इंडिया ओपन में सात्विक-चिराग पर होगी निगाह

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय खिलाड़ी घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर मंगलवार से शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चमक बिखेरने की कोशिश करेंगे, जिसमें सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर टिकी रहेंगी। सात्विक और चिराग ने 2023 में 6 खिताब जीते थे, जबकि हाल में वह मलयेशिया सुपर 1000 टूर्नामेंट में उपविजेता रहे थे।

भारतीय बैडमिंटन संघ का यह महत्वपूर्ण टूर्नामेंट पिछले साल सुपर 750 वर्ग में रखा गया था लेकिन तब भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और कोई भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया था। इससे पहले 2022 में सात्विक और चिराग ने पुरुष युगल, जबकि लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल का खिताब जीता था।

आज से शुरू हो रहा बैडमिंटन टूर्नामेंट, भारतीय खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

प्रणय और लक्ष्य का पहला मुकाबला चीनी ताइपे से

प्रणय और लक्ष्य मलयेशिया ओपन के पहले दौर में हार गए थे। इंडिया ओपन में वह चीनी ताइपे के चोउ टीएन चेन और प्रियांशु राजावत के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

श्रीकांत का पहले दौर में सामना हांगकांग के ली चेउक यियू से होगा। प्रणय अभी विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर पर हैं और ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ में सबसे आगे हैं। दूसरे स्थान की दौड़ में श्रीकांत और लक्ष्य हैं।

पिछले साल चोट के कारण हटना पड़ा था

पिछले साल सात्विक के चोटिल होने के कारण भारतीय जोड़ी को दूसरे दौर के मैच से पहले हटना पड़ा था, लेकिन इस बार वे पूरी तरह से फिट हैं। पहले दौर में उनका मुकाबला फैंग जेन ली और फैंग चिह ली से होगा। सात्विक और चिराग जहां खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। वहीं एकल में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत पर निगाहें टिकी रहेंगी, जबकि पीवी सिंधू घुटने की चोट के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही हैं।

महिला युगल में होगा कड़ा मुकाबला

महिला युगल में भी ओलंपिक में जगह बनाने की दौड़ काफी कड़ी हो गई है। इसके लिए अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो व राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली दौड़ में हैं। अश्विनी और तनीषा पहले दौर में थाईलैंड की राविंडा प्राजोंगजई और जोंगकोलफान कितिथाराकुल से भिड़ेंगी, जबकि त्रीसा और गायत्री का सामना जापान की नामी मत्सुयामा और चिहारू शिदा से होगा।

बीसीसीआई ने चयनकर्ता के लिए मांगे आवेदन

नई दिल्ली, एजेंसी। बीसीसीआई ने पांच सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं में से किसी एक को बदलने के लिए सोमवार को आवेदन मंगाए और पूरी संभावना है कि नया चयनकर्ता पूर्व तेज गेंदबाज सलिल अंकोला की जगह लेगा क्योंकि पश्चिम क्षेत्र से चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के रूप में पहले ही एक प्रतिनिधि है।

बीसीसीआई ने अपनी वेबसाइट पर विज्ञापन दिया है। आवेदन करने वाले खिलाड़ी ने कम से कम सात टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हों। अगर उम्मीदवार ने 10 वनडे या 20 प्रथम श्रेणी मैच भी खेले हों तो वह भी आवेदन कर सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 जनवरी है।

द राजा साहब में नजर आएंगे प्रभास

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास फिल्म द राजा साहब में काम करते नजर आएंगे। प्रभास ने अपनी आने वाली नई फिल्म का एलान कर दिया है। इस फिल्म का नाम द राजा साहब है। द राजा साहब के पोस्टर में प्रभास टी-शर्ट, लुंगी और चप्पल पहने सड़क पर घूमते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए प्रभास ने लिखा कि इस फेस्टिवल के सीजन पर द राजा साहब का फर्स्ट लुक जारी कर रहा हूं। आप सभी को ढेरों शुभकामनाएं। फिल्म का निर्देशन मारुति कर रहे हैं। उन्होंने फिल्म की कहानी भी लिखी है। वहीं म्यूजिक थमन एस तैयार करेंगे।

यश कुमार और अवधेश की फिल्म अर्धनारी 2 का ट्रेलर रिलीज

रामा प्रसाद प्रोडक्शन की फिल्म अर्धनारी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें यश कुमार और अवधेश मिश्रा मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। इसके निर्माता अपूर्व मेड़तिया, रामा प्रसाद, मोनिका सिंह और चंद्रेश मेहता हैं, जबकि निर्देशक राज किशोर प्रसाद (राजू) हैं। इस फिल्म में यश कुमार डबल रोल में हैं, जबकि अवधेश मिश्रा थर्ड जेंडर की भूमिका में हैं। यश कुमार ने कहा कि यह फिल्म अर्धनारी की तरह ही कथ्य और कथानक से समृद्ध है। उम्मीद करता हूं कि दर्शकों को यह पसंद आएगी। अर्धनारी 2 की कहानी यश कुमार और एसके चौहान ने लिखी है। पटकथा एवं संवाद एसके चौहान का है। संगीतकार मुन्ना दुबे हैं। गीतकार प्यारेलाल यादव, शेखर मधुर, मुन्ना दुबे हैं।

गणतंत्र दिवस पर रिलीज होगी ऋतिक की फाइटर

बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की आने वाली फिल्म फाइटर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर मुख्य भूमिका में है। ट्रेलर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर और करण सिंह ग्रोवर वायु सेना अधिकारी बने देशभक्ति के जज्बे में डूबे नजर आ रहे हैं। ट्रेलर की शुरुआत ऋतिक रोशन की आवाज से होती है, जिसमें वह कह रहे हैं कि फाइटर वह नहीं है, जो लक्ष्य को प्राप्त करता है, बल्कि फाइटर वह है, जो अपने दुश्मनों को ठोक देता है। अनिल कपूर बतौर कप्तान सर्वश्रेष्ठ वायु सेना अधिकारियों की एक टीम तैयार करते हैं, जिनमें ऋतिक, दीपिका और करण शामिल हैं। फिर पुलवामा बम ब्लास्ट के बाद सभी फाइटर जंग के लिए तैयार होते हैं और जान की बाजी लगाते नजर आते हैं। फाइटर में ऋतिक रौशन स्क्वाड्रन लीडर शमशेर पठानिया उर्फ पैटी की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं दीपिका पादुकोण स्क्वाड्रन लीडर मीनल राठौड़ उर्फ मिन्नी का किरदार निभा रही हैं। अनिल कपूर ग्रुप कैप्टन राकेश जय सिंह उर्फ रॉकी के किरदार में नजर आएंगे। फाइटर का निर्माण वायकॉम18 स्टूडियोज और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स द्वारा किया गया है। फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया कि भारत में पाकिस्तान की तरफ हुए आतंकी हमले से कई जवान शहीद हो गए हैं। इसके बाद भारत के प्रधानमंत्री पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए कहते हैं। फिर भारतीय एयरफोर्स के जवान मिशन पर निकल पड़ते हैं। फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर 25 जनवरी को रिलीज होगी।

अयोध्या में घर बनवाएंगे अमिताभ बच्चन

बॉलीवुड के सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने श्रीराम की नगरी अयोध्या में एक प्लॉट खरीदा है, जिसकी कीमत करोड़ों में हैं। यहां उनका घर बनवाने का इरादा है। अमिताभ बच्चन ने यह प्लॉट मुंबई स्थित डेवलपर द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा से खरीदा है।



हालांकि अब तक इस प्लॉट का साइज और कीमत के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि कहा जा रहा है कि इसकी कीमत करीब 14.5 करोड़ रुपये है। अमिताभ ने कहा कि यह शहर उनके दिल के काफी करीब है। उनका अयोध्या से इमोशनल कनेक्शन है।

उन्होंने कहा कि वह आध्यात्मिक की राजधानी में अपना घर बनाने के लिए तैयार हैं। बता दें कि अमिताभ बच्चन जल्द ही प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ कमल हासन और दीपिका पादुकोण भी नजर आएंगी। यह फिल्म 9 मई को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।

रोहित ने शेयर किए सिंघम अगेन के शूट्स

रोहित शेट्टी ने रविवार शाम अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें रोहित शेट्टी कार में बैठे हैं और फिल्म सिंघम अगेन का एक सीन शूट कर रहे हैं। इस में गाड़ी उड़ती है और आग की चपेट में आ जाती है। रोहित शेट्टी ने इस वीडियो के साथ लिखा है, हैप्पी मकर संक्रांति, आप लोग पतंग उड़ाइए और मैं... मुझे अपने काम... एक्शन... नाइट शूट से प्यार है... हैदराबाद। इसके अलावा उन्होंने हैशटैग के साथ सिंघम अगेन लिखा है। रोहित शेट्टी के इस वीडियो पर फैंस जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा है कि पतंग उड़ाना था सर गाड़ी नहीं। एक फैन ने लिखा है कि मकर संक्रांति को भी इतने खतरनाक तरह से विश कर रहे हो। एक ने लिखा है कि एक्शन का बाप रोहित शेट्टी। एक अन्य ने लिखा है कि सिंघम अगेन का बेसब्री से इंतजार है।

जब लगा था दम मारो दम गाने पर बैन

देव आनंद और जीनत अमानने अपने कॅरिअर में कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया और अपनी अदाकारी से फैंस के दिलों पर राज किया। देव आनंद और जीनत अमान ने साल 1971 में रिलीज हुई फिल्म हरे रामा हरे कृष्णा में काम किया था। इस फिल्म को देव आनंद ने ही डायरेक्ट किया था। इसके गाने काफी ज्यादा पॉपुलर हुए थे और आज 53 साल बाद भी लोग इन्हें गुनगुनाते हैं लेकिन फिल्म का हरे रामा हरे कृष्णा गाने को लेकर जमकर विवाद हुआ था और इसके गाने के भारत सरकार ने बैन कर दिया गया था। यह गाना था दम मारो दमा। इसे आशा भोसले ने अपनी आवाज दी थी। आरडी बर्मन ने और आनंद बख्शी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि सरकार को गाने में राम का नाम दम से जोड़ने पर आपत्ति थी। इसलिए शुरुआत में एआईआर और डीडी ने इस गाने को बैन कर दिया था। भारत सरकार का मानना था कि इस गाने की वजह से देश में हिप्पी संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

आतंकवाद से हमने कभी समझौता नहीं किया: जयशंकर

तेहरान, एजेंसी

▸▸ ईरान दौरे पर गए जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का रूख भी साफ किया

▸▸ द्विपक्षीय बैठक में कनेक्टिविटी आपसी सहयोग और गाजा में पैदा मानवीय संकट पर की चर्चा

ईरान दौरे पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी से मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश के साथ-साथ शुभकामनाएं भी दीं। जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष अमीर अब्दुल्लाहियन के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता भी की।

जयशंकर ने गाजा में पैदा हुए मानवीय संकट को रेखांकित किया। उन्होंने गाजा में बढ़ती सैन्य कार्रवाई से बचने पर भी जोर दिया। जयशंकर ने प्रेस वार्ता में आतंकवाद के खिलाफ भारत का रूख भी साफ किया। उन्होंने कहा, आतंकवाद के सभी स्वरूपों के खिलाफ हमने कभी समझौता नहीं किया है। राष्ट्रपति से मुलाकात के पहले

सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली अकबर अहमदियन के साथ जयशंकर।

जयशंकर ने समकक्ष डॉ हौसैन अमीर- अब्दुल्लाहियान से द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से बात की। बैठक में राजनीतिक सहयोग, कनेक्टिविटी और दोनों देशों के नागरिकों के आपसी संपर्क पर भी बातचीत हुई। संयुक्त प्रेस वार्ता में और आईएनएसटीसी कनेक्टिविटी परियोजना के साथ समुद्र परिवहन में भारत की भागीदारी जैसे बिंदुओं पर केंद्रित रही। युद्धग्रस्त गाजा के हालात, अफगानिस्तान, यूक्रेन युद्ध और ब्रिक्स देशों से जुड़े मुद्दों पर भी बातचीत हुई। इसके अलावा क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाओं पर भी बातें हुईं। विदेश मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का रूख भी साफ किया। उन्होंने कहा कि संकट के समय में मानवीय पहलुओं, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित रखना अहम है। उन्होंने आतंकवाद के सभी स्वरूपों के खिलाफ भारत की स्थिति पर कहा कि हमने कभी इससे समझौता नहीं किया है। हमारा प्राथमिक ध्यान महिलाओं और बच्चों पर है। बकौल जयशंकर, मानवीय संकट से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि गाजा में स्पष्ट मानवीय संकट है जिसे संबोधित करने की जरूरत है। स्थायी मानवीय कॉरिडोर बनाना समय की मांग है। ईरान के विदेश मंत्री ने गाजा के युद्धग्रस्त इलाकों में मानवीय सहायता की खेप पहुंचाने के भारत के योगदान को भी स्वीकार किया। उन्होंने इसकी सराहना की।

चंद्रमा की दौड़ में अमेरिका-चीन के बीच जुबानी जंग

▸▸ 2026 में अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारेगा नासा

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : मून मानव मिशन की होड़ में चीन व अमेरिका के बीच जुबानी जंग भी शुरू हो गई है। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा है कि चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने में चीन भले ही आक्रामक रवैया अपना रहा हो, लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका इससे जरा भी चिंतित नहीं।

2026 के नासा अपने अंतरिक्ष यात्रियों का दल चंद्रमा की धरती पर उतार देगा। चंद्रमा पर आधिपत्य जमाने के लिए दुनिया के कई देशों के बीच होड़ लगी है। इस जंग में चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका सबसे आगे हैं और

चंद्रमा की तस्वीर

यह दोनों देश इस दशक के खत्म होने से पहले चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को उतारने की पुख्ता योजना में तेजी से काम कर रहे हैं।

जिसके चलते अंतरिक्ष दौड़ की चर्चा फिर से शुरू हो गई है। नेल्सन का कहना है कि सच्चाई है कि हम अंतरिक्ष की दौड़ में शामिल हैं और वैज्ञानिक अनुसंधान की आड़ में चंद्रमा पर अपनी जगह पक्की कर लें। उन्हें विश्वास नहीं होता कि इस दौड़ में चीन बाजी मार ले जाएगा। क्योंकि कहना आसान है, लेकिन कर पाना उतना ही कठिन होता है। हम अपने आर्टेमिस 3 मिशन के लिए सितंबर 2026 को लक्ष्य निर्धारित करने जा रहे हैं और निश्चित ही हम अपने यात्रियों को चंद्रमा की सतह पर उतार देंगे और सकुशल वापस भी ले आएंगे। चीन की समयसीमा के बारे में नेल्सन कहा का कहना है कि चीन के पास बहुत आक्रामक योजना है और वह हमसे पहले उतरना चाहेंगे, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वह ऐसा कर पाएगा। चीन कई तिथि निर्धारित करने के बाद आगे बढ़ाता जा रहा है। मगर हमें विश्वास है कि सितंबर 26 में मून मानव मिशन की पहली लैंडिंग नासा की होगी।

दोनों देशों का लक्ष्य चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव

चीन ने टाइकोनॉट्स मिशन के जरिए अंतरिक्ष दल को चंद्रमा की सतह पर उतरना चाहता है। पहले उसका लक्ष्य 2030 था, लेकिन अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के तेजी से बढ़ते कदम के चलते वह इस मिशन को पहले ही पूरा कर लेना चाहता है। बता दें कि संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन दोनों ही देश चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर निशाना साध रहे हैं, यह ऐसा क्षेत्र है जो पानी की पूर्ति के लिऐ बर्फ के रूप में समृद्ध माना जाता है।

एक नजर

यूक्रेन: शरणार्थियों की मदद को 4.2 अरब डॉलर की जरूरत: यूएन

बर्लिन। संयुक्त राष्ट्र ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन में शरणार्थियों की मदद के लिए इस साल 4.2 अरब अमेरिकी डॉलर की जरूरत है। कुल राशि का लगभग तीन-चौथाई, 3.1 अरब अमेरिकी डॉलर, यूक्रेन के अंदर लगभग 85 लाख लोगों का समर्थन करने के लिए है। शेष 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर यूक्रेन के बाहर शरणार्थियों और मेजबान समुदायों के लिए मांगे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय और संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने जिनेवा से एक बयान में कहा कि हाल में किए गए भीषण हमले आम लोगों के लिए युद्ध और कड़ाके की सर्दी में मानवीय मदद की जरूरत है।

जापान: विमान में लगी आग बाल-बाल बचे 122 यात्री

टोक्यो। टीवे एयर का बोइंग 737-800 विमान पक्षी से टकराने के बाद इंजन में आग लग गई। विमान में 122 यात्री सवार थे। विमान ने जापान से साउथ कोरिया के लिए उड़ान भरी, तभी अचानक पक्षी टकरा गया। गनीमत है कि विमान में मौजूद सभी यात्री सुरक्षित हैं। आपात लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना दक्षिण कोरिया के इंचियोन हवाई अड्डे पर उतरने से पहले हुई है। मीडिया के मुताबिक, विमान आग की लपटे के साथ उड़ रहा था, रफ्तार तेज होने के कारण आग की लपटे पिछले हिस्से तक जा पहुंची। पायलट ने बड़ी सूझबूझ के साथ विमान की आपात लैंडिंग कराई।

मालदीव विवाद पर जयशंकर बोले-राजनीति तो राजनीति है, मैं इसकी गारंटी नहीं दे सकता

हर देश हर समय हमारा समर्थन करेगा

नागपुर, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आखिरकार मालदीव के साथ चल रहे राजनयिक विवाद पर चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि इसकी कोई जिम्मेदारी नहीं ले सकता कि हर कोई हर समय भारत का समर्थन ही करेगा।

मालदीव के साथ हाल में नागपुर में टाउनहॉल बैठक में पैदा हुए तनाव के बारे में पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा, 'राजनीति तो राजनीति है। मैं गारंटी नहीं दे सकता कि हर देश में हर कोई हर समय हमारा समर्थन करेगा या हमसे सहमत होगा।' उन्होंने आगे कहा, हम जो करने की कोशिश कर रहे हैं, वो है देशों के साथ संपर्क को मजबूत बनाना। हम काफी हद तक सफल हुए हैं। हमने पिछले 10 सालों में कई देशों से अच्छे संबंध बनाए हैं।

जयशंकर ने राजनीतिक संबंधों में उतार-चढ़ाव के बावजूद लोगों के बीच सकारात्मक भावनाओं को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए वैश्विक स्तर पर मजबूत संबंध बनाने के लिए पिछले एक दशक में भारत के प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि राजनीति उतार-चढ़ाव वाली हो सकती है, लेकिन उस देश के लोगों की भारत के प्रति अच्छी भावनाएं हैं और वे अच्छे संबंध रखने के महत्व को समझते हैं। इसके अलावा, उन्होंने अन्य देशों में बुनियादी ढांचे के विकास में भारत की भागीदारी का भी उल्लेख किया।

मालदीव की संप्रभुता को चीन का पूरा समर्थन: मुइज्जू

बीजिंग। मालदीव में दो महीने पहले नई सरकार बनने के बाद चीन के साथ इसकी करीबी बढ़ रही है। चीनी राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक कर लौटे राष्ट्रपति मुइज्जू ने भरोसा जताया है कि आने वाले समय में दोनों देशों के संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि चीन मालदीव की संप्रभुता का पूरा समर्थन करता है। दोनों देश एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। मुइज्जू का बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि राजनयिक विवाद के कारण मालदीव और भारत के रिश्ते कड़वे हो चुके हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद पहली राजकीय यात्रा पर चीन पहुंचे मुइज्जू ने चीनी समकक्ष जिनपिंग के अलावा वहां के प्रधानमंत्री समेत कई शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की थी। यात्रा के दौरान डेढ़ दर्जन से अधिक समझौतों पर साइन करने के बाद बाद शनिवार को मालदीव लौटे मुइज्जू ने कहा, चीन ने 1972 में राजनयिक संबंध स्थापित करने के बाद से मालदीव के विकास में निरंतर सहायता की है। उन्होंने यह भी कहा कि चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) द्विपक्षीय संबंधों को एक नए स्तर पर ले गई है। उन्होंने कहा कि चीन ऐसा देश नहीं है जो मालदीव के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करेगा, यही कारण है कि दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध हैं। चीन के सरकारी चैनल-सीजीटीएन के साथ एक साक्षात्कार में मुइज्जू ने कहा, मालदीव और चीन एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। चीन मालदीव की संप्रभुता का पूरा समर्थन करता है। राष्ट्रपति ने विश्वास जताया कि चीन-मालदीव संबंध भविष्य में भी मजबूत होते रहेंगे। राष्ट्रपति शी जिनपिंग नागरिकों के हित को पहले रखते हैं और उनके नेतृत्व में चीन की अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों पर पहुंची है। राष्ट्रपति मुइज्जू के मुताबिक राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उन्हें आश्वासन दिया है कि चीनी सरकार मालदीव को उसके लक्ष्य हासिल करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि जिनपिंग के साथ-साथ खुद उनके दृष्टिकोण में मालदीव की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप प्रगति लाना शामिल है।

सीबीआई: आय से अधिक संपत्ति मामले में ले. कर्नल पर केस

नई दिल्ली। आय से अधिक संपत्ति मामले में लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक चंद्रा की मुश्किलें बढ़ने वाली है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में कई लाखों की नकदी जमा की थी। सोमवार को अधिकारियों ने मामले की जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार लेफ्टिनेंट कर्नल चंद्रा पर 2022 में कई विक्रेताओं से नकदी लेने का भी आरोप है।

अधिकारियों ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि सीबीआई ने उनकी जुड़ी संपत्तियों से जुड़े दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान वो पत्नी के पास संपत्ति से जुड़े सवाल का जवाब न दे सके। अधिकारी ने दावा किया कि जांच में पता चला कि पत्नी प्रिया चंद्रा और उन्होंने अपनी सास (प्रिया चंद्रा) के खाते में कैश डिपॉजिट वाउचर के जरिए 15 लाख रुपये जमा किए थे। एजेंसी ने आरोप लगाए हैं कि अभिषेक चंद्रा ने 31.29 लाख की संपत्ति अर्जित की, जो आय से 33 प्रतिशत अधिक थी।

क्वाड देशों में अमेरिका भारत की भूमिका अहम

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ अमेरिकी रक्षा उद्योग की शीर्ष कंपनी के मुख्य कार्यकारी विवेक लाल ने कहा-रक्षा सहयोग मजबूत

भारत और अमेरिका रक्षा जगत में भी करीबी सहयोगी हैं। संयुक्त सैन्य अभ्यास जैसी कवायद के तहत दोनों देशों के सैनिक अपने कौशल को निखारते हैं। क्षेत्रीय सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए क्वाड देशों के बीच भी परस्पर सहयोग होता है। ताजा घटनाक्रम में अमेरिकी रक्षा उद्योग की शीर्ष कंपनी- जनरल एटॉमिक्स ग्लोबल कॉरपोरेशन के मुख्य कार्यकारी विवेक लाल ने क्वाड में भारत और अमेरिका की मौजूदगी पर कहा, ऐसे वैश्विक संगठन में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग होता है। इससे क्षेत्रीय सुरक्षा मजबूत होती है।

उभरते भू-राजनीतिक खतरों का जवाब देने की क्षमता पर विवेक लाल ने कहा, भारत-अमेरिका के आपसी सहयोग से ताकत बढ़ती है। दोनों देशों का रक्षा उद्योग नियम-आधारित अंत व्यवस्था को बढ़ावा देता है। जनरल एटॉमिक्स के मुताबिक उनकी कंपनी भारत के भीतर अपना नेटवर्क बना रही है। भारतीय उच्च तकनीक क्षेत्र तक पहुंचने के प्रयास भी जारी हैं।

मीडिया के अनुसार, विवेक लाल ने कहा, क्वाड ढांचे के भीतर अमेरिका-भारत सहयोग से क्षेत्रीय स्थिरता आती है। उन्होंने कहा, समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान चुनौतियों से निपटने में रणनीतिक साझेदारी अहम है। क्वाड से इसे बढ़ावा मिलता है, नतीजतन क्षेत्रीय सुरक्षा भी बढ़ाती है। विवेक लाल क्वाड इन्वेस्टर्स नेटवर्क के सलाहकार बोर्ड में हैं। यह क्वाड देशों में निवेशकों और अधिकारियों का एक नेटवर्क है। लाल ने भारत और अमेरिका के बीच कई रणनीतिक रक्षा सौदों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालिया जनरल परमाणु ड्रोन में भी उनका रोल अहम रहा है। इस नेटवर्क का मकसद महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में सह-निवेश को बढ़ावा देना है।

जम्मू: मुस्लिम छात्रा ने पहाड़ी भाषा में गाया राम भजन

जम्मू, एजेंसी

▸▸ सोशल मीडिया पर वायरल हुआ भजन, उत्तरी कश्मीर के उड़ी क्षेत्र की रहने वाली है छात्रा बतूल जहरा

जम्मू कश्मीर की मुस्लिम छात्रा सैयद बतूल जहरा ने हाल ही में राम भजन को अपनी मातृभाषा पहाड़ी में गाया। इसका वीडियो छात्रा ने सोशल मीडिया पर साझा किया, जो वायरल हो गया है। यूजर्स छात्रा की खूब तारीफ कर रहे हैं। छात्रा जहरा उत्तरी कश्मीर के उड़ी क्षेत्र की रहने वाली हैं और कॉलेज में प्रथम वर्ष में पढ़ती हैं।

सर्जिकल स्ट्राइक के लिए जाना जाने वाली उड़ी अब राम भजन के लिए जाना जाने लगा है। अपने 52 सेकंड के वीडियो से बतूल ने उड़ी को सुर्खियों में ला दिया है। वीडियो में छात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 दिन का व्रत रख रहे हैं। उन्होंने यह संकल्प राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के नेक आमद के लिए किया है। ऐसे में जम्मू कश्मीर भी इस समारोह में जुड़ गया है। जहरा ने इसके बाद पहाड़ी में राम भजन गाया। अपने भजन का वीडियो वायरल होने से जहरा बेहद खुश है। उसने बताया, मैंने जुबिन नौटियाल का एक गाना सुना और मुझे यह बहुत पसंद आया। मैंने सोचा कि अगर यह हिंदी में हो सकता है, तो पहाड़ी में क्यों नहीं हो सकता। फिर इसे पहाड़ी में लिखा और गाया। मैंने इसे रिकॉर्ड किया और अपने सर को दिखाया। उन्होंने इसे पोस्ट किया और यह वायरल हो गया।

कनाडा में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की संख्या पर लगेगी लगाम

ओटावा। कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने कहा है कि उनका देश आवास की मांग में वृद्धि को कम करने और बेकाबू हो चुकी प्रणाली को दुरुस्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की संख्या सीमित करने की संभावना पर विचार कर रहा है।

इस कदम से भारतीय छात्रों पर असर पड़ सकता है। मिलर की टिप्पणी रविवार को तब आई जब ट्रूडो की सरकार को स्थायी और अस्थायी दोनों तरह के प्रवासियों की बढ़ती आबादी का स्वागत करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा, क्योंकि देश को आवास की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। मिलर ने कहा कनाडा में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की बढ़ती संख्या परेशान करने वाली है। यह वास्तव में एक ऐसी व्यवस्था है जो नियंत्रण से बाहर हो गई है। 2022 में कनाडा में शीर्ष दस देशों में भारत पहले स्थान पर था।

रेप पीड़िता का टू फिंगर टेस्ट किया, डॉक्टरों पर लगा जुर्माना

शिमला, एजेंसी

▸▸ हिमाचल हाई कोर्ट ने दिए जांच के आदेश, केंद्र सरकार द्वारा प्रतिबंधित है टू-फिंगर टेस्ट

दुष्कर्म पीड़िता की चिकित्सा जांच कानून के विपरीत किए जाने पर हाई कोर्ट ने सिविल हॉस्पिटल पालमपुर के डॉक्टरों पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। हाई कोर्ट ने इस राशि का भुगतान प्राथमिक तौर पर राज्य सरकार द्वारा पीड़िता को अदा करने के आदेश जारी किए हैं। इसके पश्चात इसकी भरपाई दोषी डॉक्टर से किए जाने के आदेश पारित किए गए है।

न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान व न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खण्डपीठ ने अपने निर्णय में कहा कि दुष्कर्म एक महिला के व्यक्तित्व और अंतर्निहित गरिमा पर मानसिक हमला है। यह एक महिला की पवित्रता और समाज की आत्मा के खिलाफ अपराध है। किसी का शारीरिक ढांचा ही उसका मंदिर होता है और उस पर अतिक्रमण का अधिकार किसी को नहीं है। केंद्र सरकार

द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार टू-फिंगर टेस्ट, जिसे चिकित्सा शब्द के अनुसार, प्रति-योनि परीक्षा को सख्ती से प्रतिबंधित किया गया है। यह दिशानिर्देश हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा भी अपनाए गए हैं और इस कारण यह दिशानिर्देश पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य पेशेवरों पर लागू होते हैं।

चूंकि टू-फिंगर टेस्ट दुष्कर्म पीड़िताओं की निजता, शारीरिक व मानसिक अखंडता और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है। इस कारण इन दिशा निर्देशों की अवहेलना होने पर प्रदेश हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग को दुष्कर्म पीड़िता के लिए मुआवजे के तौर पर 5 लाख रुपये की राशि का भुगतान करने के आदे जारी किए।

पीएम मोदी ने की पुतिन से बात, मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की। फोन के जरिए हुई इस बातचीत में ब्रिक्स में रूस की अध्यक्षता सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी और पुतिन दोनों एक-दूसरे के संपर्क में रहने पर सहमत हुए।

पीएम मोदी ने ट्वीट किया, 'राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत

हुई। हमने रणनीतिक साझेदारी में हुए विकास चर्चा की। हमने भविष्य की पहल के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर भी सहमति जताई। विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी बात की। दोनों ने ब्रिक्स में रूस की अध्यक्षता सहित अन्य मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। बताया गया कि टेलीफोन पर हई बातचीत में दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने 2024 में रूस के ब्रिक्स की अध्यक्षता के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दीं। पीएम मोदी ने रूस को भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन भी दिया।

लुढ़का पारा...

जम्मू: शीतलहर और कोहरे के बीच जम्मू में पारा जमाव बिंदु की ओर सिकुड़ रहा है। शनिवार रात को न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। यह सामान्य से साढ़े चार डिग्री कम है। इस तापमान के साथ जम्मू के लोगों ने इस सीजन की सबसे ठंडी रात गुजारी। ● एजेंसी

सर्वे | रिसर्च एंड कंसल्टिंग फर्म गार्टनर के सर्वे में दावा, 2 साल में 50 फीसदी घट सकते हैं यूजर

सोशल मीडिया पर आधी पोस्ट कर रहे सॉफ्टवेयर

नई दिल्ली, एजेंसी

अगले 2 साल में 50% तक लोग सोशल मीडिया से तौबा कर सकते हैं। लोगों को लगता है कि सोशल मीडिया अब बदल गया है। इस पर भ्रामक और मनगढ़ंत सूचनाओं का प्रसार ज्यादा होने लगा है।

रिसर्च एंड कंसल्टिंग फर्म गार्टनर के सर्वे में 53 फीसदी लोगों ने कहा कि सोशल मीडिया 5 साल पहले तक बेहतर था। इसका सबसे बड़ा कारण गलत सूचनाओं के साथ-साथ सॉफ्टवेयर के जरिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल है। सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर फोटो, वीडियो, म्यूजिक आदि पोस्ट किए जा रहे हैं। खास बात यह है कि आम यूजर्स के लिए यह जान पाना लगभग नामुमकिन है कि जो पोस्ट वो देख रहे हैं, वो किसी व्यक्ति द्वारा पोस्ट की गई है या सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर किसी एआई बॉट द्वारा। सर्वे के अनुसार जैसे-जैसे सॉफ्टवेयर (बॉट) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सोशल मीडिया में इस्तेमाल बढ़ेगा, लोगों की दिलचस्पी घटती चली जाएगी। 10 में से 7 यूजर्स ने कहा कि सोशल मीडिया में एआई की एंट्री अखरेगी और ज्यादा लोग इससे दूरी बनाएंगे। डिजिटल मार्केटिंग के लिए सोशल मीडिया फायदेमंद रहेगा, पर आम कंज्यूमर कम होंगे। साइबर सिक्योरिटी फर्म 'इंपर्वा' के अनुसार साल 2022 में इंटरनेट पर अपलोड लगभग आधी (47.4%) सामग्री किसी ने व्यक्तिगत रूप से नहीं, सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर डाली गई। हर साल इसमें 5.1% का इजाफा हो रहा है।

दूसरी ओर लोगों द्वारा अपलोड कंटेंट सिर्फ 52.6% रह गया है। 72% लोगों का मानना है कि सोशल मीडिया पर मिलने वाली जानकारी विश्वसनीय नहीं होती। गार्टनर ने उम्मीद जताई है कि साल 2026 तक करीब 60% कंपनियां कंटेंट की विश्वसनीयता जांचने-परखने पर जोर देंगी, ताकि यूजर्स का सोशल मीडिया पर भरोसा बरकरार रखा जा सके।

सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल बढ़ाता है तनाव

सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताने पर तनाव, नकारात्मकता बढ़ती है। घंटों बिताने वालों को ऑनलाइन नहीं रहने पर कुछ महत्वपूर्ण छूटने का डर सताता है। इसे फियर ऑफ मिसिंग आउट (फोमो) कहते हैं। जर्मनी में रुहर यूनिवर्सिटी बोचुम में मानसिक स्वास्थ्य अनुसंधान और उपचार केंद्र की एसोसिएट प्रोफेसर जूलिया ब्रिलोव्स्काया ने कहा, सोशल मीडिया का सीमित इस्तेमाल हमें सकारात्मक महसूस करवाता है, पर लंबे समय तक ज्यादा इस्तेमाल से नकारात्मकता बढ़ने लगती है।

पाकिस्तान: तैयारियां पूरी, टाला नहीं जा सकता चुनाव: ईसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आम चुनाव तय समय आठ फरवरी को ही होगा। चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा है कि इसे टाला नहीं जा सकता है, क्योंकि सारी तैयारियां हो चुकी हैं। चुनाव आयोग की ओर से यह बयान सीनेट में चुनाव टालने के प्रस्ताव के बीच आया है।

प्रस्ताव में यह तर्क दिया गया था कि कड़ाके की सर्दी और सुरक्षा कारणों को देखते हुए इसे आगे बढ़ाया जाना चाहिए। हालांकि इसे अधिक पार्टियों का समर्थन प्राप्त नहीं हुआ। सीनेट में मौजूद 100 सदस्यों में से सिर्फ 14 ने इसका समर्थन किया था। चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में भी आठ फरवरी को चुनाव कराने का संकल्प प्रस्तुत किया है। उन्होंने इसके अलावा कहा कि पिछले राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव भी ठंड के मौसम में ही हुए थे।

गिरफ्तार टीएमसी नेता से जुड़े परिसरों पर ईडी की छापेमारी

कोलकाता, एजेंसी

▸▸ राशन वितरण घोटाला मामले में इसी महीने आध्या को किया गया था गिरफ्तार

पश्चिम बंगाल में राशन वितरण घोटाला मामले के तहत गिरफ्तार तृणमूल नेता से जुड़े कई परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की। ईडी ने सेंट्रल कोलकाता के चार परिसरों में छापा मारा। केंद्रीय एजेंसी के एक अधिकारी ने बताया कि सॉल्ट लेक के एक चार्टर्ड अकउंटेंड के आवास पर भी छापेमारी की गई। चौरंगी लेन स्थित एसआर आध्या फाइनेंस में ईडी की रेड जारी है।

ईडी के अनुसार, जहां भी छापेमारी की जा रही है, ये सभी स्थान टीएमसी नेता और बोनगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या से जुड़े हैं। छापेमारी के दौरान केंद्रीय बल को परिसर की निगरानी करते हुए देखा गया। इसी महीने आध्या को उनके परिसर से गिरफ्तार किया गया था। आध्या को राज्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का करीबी माना जाता है, जिसे पिछले साल ही राशन वितरण घोटाला मामले के तहत गिरफ्तार किया गया था। बता दें कि पांच जनवरी को राशन वितरण घोटाला मामले की जांच के तहत टीएमसी नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापेमारी के दौरान उनके समर्थकों ने ईडी अधिकारियों पर हमला कर दिया था।

इस हमले में ईडी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे। ईडी ने इस मामले पर शिकायत दर्ज कराई थी। वहीं, केंद्रीय जांच एजेंसी के खिलाफ टीएमसी नेता और राज्य पुलिस ने अन्य पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया था।

श्रीलंका ने 10 और भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका ने अपने जल क्षेत्र में कथित तौर पर अवैध शिकार करने के आरोप में 10 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है। श्रीलंकाई नौसेना ने मछुआरों की नावों को भी जब्त कर लिया। मछुआरों को पकड़े जाने की घटना दो दिन पहले की है।

श्रीलंका ने एक आधिकारिक बयान जारी करके में सोमवार को इस बात की जानकारी दी। इससे पहले शनिवार को श्रीलंका जल क्षेत्र में कथित तौर से अवैध शिकार करने के आरोप में 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया था। श्रीलंका नेवी ने मछुआरों के तीन ट्रॉलर भी जब्त कर लिए थे। बता दें कि ये मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में एक विवादास्पद मुद्दा बना रहा है। श्रीलंका की नौसेना ने मछुआरों पर गोलीबारी भी की और श्रीलंकाई सेना कई कथित घटनाओं में उनकी नौकाओं को जब्त कर लिया।